

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 सुरेश रैना ने टीम इंडिया को दी चेतावनी ...

पेरिस पैरालंपिक में भारत का डबल धमाके से आगाज, अवनि लेखरा ने ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 140 | नई दिल्ली, शनिवार, 31 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 91,700

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

# अवनि पैरालम्पिक में दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी

प्रात: किरण

पेरिस/एजेंसी। टोक्यो पैरालंपिक में भारत को एक स्वर्ण समेत दो पदक दिलाने वाली देश की स्टार शूटर अवनि लेखरा ने पेरिस पैरालंपिक में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने आर–2 महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच 1 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। शूटर मोना अग्रवाल ने भी शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इन दो पदकों के साथ ही पेरिस पैरालंपिक में भारत का खाता खुल गया है। वंडर गर्ल अवनि लेखरा पैरालम्पिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई जिन्होंने तोक्यो के बाद पेरिस पैरालम्पिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की मोना अग्रवाल को कांस्य पदक मिला। तीन साल पहले तोक्यो में स्वर्ण जीतने वाली 22 वर्ष की अवनि ने 249.7 का स्कोर करके अपना ही 249.6 का पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया। वहीं दो साल पहले निशानेबाजी में पदार्पण करने वाली मोना ने 228.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।



ग्यारह वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह तोक्यो पैरालम्पिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थी। एसएच 1 वर्ग में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी बाजुओं, कमर के निचले हिस्से , पैरों में विकृति होती है या उनकी बाजू नहीं होती है। क्वालीफिकेशन में गत चैम्पियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रही। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था।

**पीएम मोदी ने दी बधाई**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पैरालंपिक खेलों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज अवनि लेखरा और इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली मोना अग्रवाल को बधाई दी है। श्री मोदी सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत ने पैरालंपिक2024 में अपने पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में पदक जीतने पर बधाई। अवनि लेखरा ने इतिहास रच दिया हैं। अवनि लेखरा तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं। उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता रहता है। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा, मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालंपिक 2024 में आर 2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्टता की खोज को दशार्ती है। भारत को मोना पर गर्व है।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. सोमनाथन ने कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला

नई दिल्ली। प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ. सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं।कैबिनेट सचिव के रूप में शामिल होने से पहले, वह वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव का कार्यभार देख रहे थे। डॉ. सोमनाथन भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के अधिकारी हैं। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के कार्यकारी विकास कार्यक्रम को भी पूरा किया है।

### सेना ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास से बारूदी सुरंग बरामद की

मेंढर/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग बरामद की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना के एक दल को नियंत्रण रेखा पर गश्त के दौरान पत्थरी गली इलाके में बारूदी सुरंग मिली। उन्होंने बताया कि गश्ती दल ने क्षेत्र को सुरक्षित किया और बारूदी सुरंग को नष्ट करने के लिए बम निरोधक दस्ते को बुलाया। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण बारूदी सुरंग बहकर गश्ती मार्ग पर आ गई।

### सेप्टी टंकी में काम कर रहे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

बगहा।इंडो नेपाल सीमा से सटे रानीनगर स्थित बाजार मे सेफ्टी टंकी से सेटरिंग का समान निकालने के क्रम मे दम घुटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई है। नेपाल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रानीनगर के निवासी भोला क्षेत्री के घर मे सेफ्टी टंकी का निर्माण किया गया था। शुक्रवार को सेफ्टी टंकी से सेटरिंग का समान निकालने के लिए राज मिस्त्री जब अंदर गया तो उसे सांस लेने मे कठनाई हुई और इसके कारण वह टंकी के अंदर से ही आवाज देने लगा। जिसे सुनकर भोला क्षेत्री का लगभग 42 वर्षीय पुत्र प्रकाश क्षेत्री भी उसकी मदद के लिए टंकी के अंदर उतर गया।

**पूर्व डीजीपी आर एस भट्टी ने पुलिस मुख्यालय जाकर उन्हें पदभार सौंपा**

# आलोक राज बने बिहार के नये डीजीपी, संभाला पदभार

## बोलें-डीजीपी का कार्यालय आम जनता के लिए हमेशा खुला रहेगा



### तीन बार मिला राष्ट्रपति का पदक

आलोक राज मूल रूप से मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। वह पटना विश्वविद्यालय से एमएससी भूगर्भशास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। उत्कृष्ट पुलिस करियर के लिए आलोक राज को तीन बार राष्ट्रपति के द्वारा पदक से अलंकृत किया गया। उन्हें वर्ष 1994 में पुलिस वरीता पदक, वर्ष 2008 में सराहनीय सेवा पदक और वर्ष 2016 में विशिष्ट सेवा पदक मिला।वर्ष 2019 में उत्कृष्ट पुलिस कार्यो के लिए अटल रत्न सम्मान से भी अलंकृत किया गया। पश्चिमी सिंहभूम एसपी के रूप में वनमाफिया के विरुद्ध कार्रवाई की तो हजारीबाग एसपी के रूप में कोयला माफिया और नक्सलियों के विरुद्ध अभियान का नेतृत्व किया।

प्रात: किरण

पटना। 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आलोक राज को बिहार का नया पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। नए कार्यकारी डीजीपी आलोक राज ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। पूर्व डीजीपी आर एस भट्टी ने पुलिस मुख्यालय जाकर उन्हें पदभार सौंपा। गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीजी आलोक राज अपने दायित्वों के अतिरिक्त अगले आदेश तक बिहार के पुलिस महानिदेशक का प्रभाव संभालेंगे। इस मौके पर पूर्व डीजीपी आरएस भट्टी से उन्होंने प्रभार लिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मैं सरकार का अभारी हूं कि सरकार ने मुझे इस दायित्व के लिए चुना है। मेरी पुलिससिंग का लक्ष्य आम जनता का विश्वास जीतना है। इसी पर आगे बढ़ाना है। सभी जनता और सभी के सहयोग से आगे बढ़ाना है । आलोक राज ने कहा कि डीजीपी का कार्यालय आम जनता के लिए हमेशा खुला रहेगा। किसी भी वैधानिक और लीगल समस्या के लिए आप आ सकते हैं। मेरा उद्देश्य होगा कि बिहार वासियों का डीजीपी बनें। बिहार के लोग अपनी किसी भी वैधानिक समस्या के लिए मेरे पास आ सकते हैं। मेरे पदाधिकारी के पास जा सकते हैं। यह उद्देश्य होगा कि हम आम जनता की सेवा करें। वह 31 दिसंबर 2025, यानी बिहार विधानसभा चुनाव कराने के बाद तक डीजीपी रहेंगे। बिहार में पदस्थापित बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारियों की सूची में सबसे सीनियर डीजी आलोक राज का नाम है। आलोक राज 31 दिसंबर 2025 को रिटायर करेंगे।

आलोक राज को बिहार, झारखंड और बंगाल में पुलिसिंग का करीब 35 वर्षो का लंबा अनुभव है। वर्ष 1989 में आईपीएस बनने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग पटना सिटी के सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में हुई। यहां चार कुख्यात अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराने के लिए आलोक राज को पुलिस वीरता पदक से अलकृंत किया गया। इसके अलावा, वह अविभाजित बिहार में रांची, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर, हजारीबाग, सीतामढ़ी और बेगूसराय जिले के एसपी भी रहे। वर्ष 2004 से 2011 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में कार्यरत रहें जहां सात साल में चार बार उन्हें सीआरपीएफ डीजी के प्रशंसा डिस्क से सम्मानित किया गया। बंगाल के नंदीग्राम में जब टाटा नैनो प्लांट के विरोध में जब हिंसक आंदोलन हुआ तो बतौर सीआरपीएफ आइजी आलोक राज ने कई दिनों तक वहां मोर्चा संभाले रखा। नंदीग्राम में शांति बहाली और विधि–व्यवस्था बहाल करने के लिए उनकी उस समय पूरे देश में प्रशंसा हुई।

# बाढ़ नियंत्रण के उपायों को लेकर सरकार गंभीर : विजय

## बिहार के नदियों पर बनाए जाएंगे ज्यादा बैराज, डीपीआर किया जा रहा तैयार

प्रात: किरण

पटना। बिहार में बाढ़ नियंत्रण को लेकर सरकार गंभीर है। इस दिशा में पहला कदम उठाने की कवायद शुरू हो चुकी है। उक्त बातें जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सुचना भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। इस दौरान मंत्री ने विभागीय उपलब्धियों को मीडिया से साझा किया। मंत्री ने बताया कि सरकार ने बिहार के कई जिलों में बहने वाली नदियों पर बैराज निर्माण को स्वीकृति दे रही है। इसके लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बाढ़ नियंत्रण को लेकर ये सरकार की बड़ी पहल होगी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण उपायों के तहत राज्य सरकार ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, किशनगंज, मधुबनी और सुपौल जिलों में और अधिक बैराजों के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन जिलों में और अधिक बैराज के निर्माण के लिए डीपीआर को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंत्री ने कहा कि पूर्वी चंपारण के अरेराज में गंडक नदी पर एक और बैराज का निर्माण, पश्चिमी चंपारण में बूढ़ी गंडक की सहायक मसान नदी पर बैराज या बांध का निर्माण, सीतामढ़ी के ढेंग में बागमती नदी पर बैराज, मधुबनी के जयनगर में कमला नदी पर बैराज



का निर्माण, सुपौल के डाक मारा में कोसी नदी पर एक और बैराज का निर्माण और किशनगंज के तैयबपुर में महानंदा नदी पर बैराज का निर्माणह्व के लिए डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में बिहार के लिए प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए 11,500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

**नदियों पर बनेंगे बैराज :** श्री चौधरी ने कहा कि कोसी–मेची इंटरलिंकिंग परियोजना, जिस पर 6,282.32 करोड़ रुपये खर्च होंगे, को भी केंद्र की सहायता से पूरा किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य सीमांचल में बड़ी संख्या में लोगों को सिंचाई प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि बिहार सरकार नेपाल से निकलने वाली नदियों की बाढ़ का प्रबंधन करने के लिए कह रही है। मंत्री ने कहा कि यह केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान था जब भारत ने नेपाल में कोसी, बागमती और कमला नदी पर उच्च–स्तरीय बांध बनाने और संबंधित डीपीआर तैयार करने के लिए 2004 में विराटनगर (नेपाल) में एक संयुक्त परियोजना कार्यालय स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की थी।

**डीपीआर बनाने की कवायद-मंत्री:** उन्होंने कहा कि नेपाल से संबंधित कुछ मुद्दों के कारण इसको लेकर डीपीआर नहीं बन सका। बाद में, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने राज्य के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के भीतर परियोजनाओं को अंतिम रूप देने का फैसला किया। राज्य में नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने विलुप्त हो रही नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए कई उपाय किए हैं। लेकिन यह काम केंद्र और अन्य राज्यों द्वारा आपसी समन्वय से किया जाना चाहिए। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि नदी में भारी मात्रा में गाद जमा होने से नदी का प्रवाह धीमा हो जाता है, जिससे कुछ नदियों के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती पैदा हो जाती है। केंद्र को जल्द से जल्द राष्ट्रीय गाद प्रबंधन नीति बनानी चाहिए, क्योंकि इससे राज्य को गंगा, अन्य नदियों और झीलों से गाद हटाने के काम में मदद मिलेगी।

# दो करोड़ लोगों को बनाएंगे भाजपा का सदस्य : जायसवाल

प्रात: किरण

पटना। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर शुक्रवार पटना के रविन्द्र भवन में संयुक्त मोर्चा की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सभी ने रिकॉर्ड सदस्य बनाने का संकल्प लिया तथा इस अभियान को लेकर पूरी जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गान के साथ किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, डप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा , सांसद राधामोहन सिंह, सदस्यता अभियान के बिहार के प्रभारी सांसद अतुल गर्ग सहित सभी मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस सदस्यता अभियान के जरिए हमारा लक्ष्य बिहार के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प प्रत्येक बूथ में 200 लोगों को सदस्य बनाने का है। इस अभियान में मोर्चा की अहम भूमिका रहने वाली है। उन्होंने सभी मोर्चा के पदाधिकारियों से इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत बिहार में एक करोड़ लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य है लेकिन हम दो करोड़ लोगों को सदस्य बनाएंगे। बिहार सदस्यता अभियान के प्रभारी और सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस सदस्यता अभियान को संगठन का महापर्व बताते हुए कहा कि सदस्यता अभियान की शुरूआत दो सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रथम सदस्य बनाकर करेंगे।

### असम की हिमंत सरकार का बड़ा फैसला जुम्मे की नमाज पर छुट्टी पर रोक

गुवाहाटी। असम विधानसभा में जुम्मा की नमाज के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के ब्रेक को बंद करने का फैसला लिया गया है। अब मुस्लिम विधायकों और विधानसभा के कर्मचारियों को यह छुट्टी नहीं मिलेगी। इस प्रथा की शुरूआत 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्लाह ने की थी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस निर्णय की जानकारी एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर दी है। बता दें कि असम की विधानसभा में पहले विधायकों और कर्मचारियों को शुक्रवार की दोपहर में जुम्मा की नमाज अदा करने के लिए 2 घंटे की छुट्टी मिलती थी। अब, राज्य सरकार ने इस पुराने नियम को बदल दिया है, और अब अगले शुक्रवार से जुम्मा की नमाज के लिए कोई ब्रेक नहीं दिया जाएगा। यह बदलाव असम सरकार द्वारा अंग्रेजों के जमाने के इस नियम को हटाने का हिस्सा हो सकता है।

# झारखंड : पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भाजपा में हुए शामिल

प्रात: किरण



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा की मौजूदगी में सोरेन बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया, जिससे सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए। आदिवासी नेता के भाजपा में शामिल होने को राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग में भाजपा को अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रयासों में बल मिलेगा। यह समुदाय झामुमो का मुख्य आधार रहा है। चंपई सोरेन को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का सबसे निकट सहयोगी माना जाता था। चंपई सोरेन ने बुधवार को झामुमो छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें पार्टी को छोड़ने के लिए मजबूर किया है जिसकी उन्होंने कई वर्षो तक सेवा की है। अलग झारखंड राज्य के लिए 1990 हुए आंदोलन में उनके योगदान के लिए उन्हें झारखंड का टाइगर भी कहा जाता है। झारखंड को 2000 में बिहार के दक्षिणी हिस्से से अलग करके बनाया गया था। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होने हैं।

# झामुमो विधायक रामदास बने मंत्री, चंपाई सोरेन की ली जगह

प्रात: किरण



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक रामदास सोरेन ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। घाटशिला के विधायक ने राज्य मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जगह ली है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो नीत गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं और कई सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में रामदास सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। चंपई सोरेन ने बुधवार को मंत्री और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद रामदास सोरेन को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। चंपई ने दावा किया था कि राज्य सरकार की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें उस पार्टी को छोड़ने के लिए मजबूर किया, जिसकी उन्होंने कई वर्षो तक सेवा की। प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को जनवरी में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ ही देर बाद गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद दो फरवरी को चंपई झारखंड के मुख्यमंत्री बने। हेमंत सोरेन के जमानत पर रिहा होने के बाद चंपई ने तीन जुलाई को मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था और चार जुलाई को सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपई ने 28 अगस्त को राज्य विधानसभा के सदस्य और झारखंड के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

**बैठक** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के बैठक में मुख्य सचिव ने बंदोबस्त पदाधिकारियों को दिए निर्देश

# सर्वे शिविरों का स्थान व प्रभारी का नाम अखबारों में प्रकाशित हो

## सर्वे के कामों में लाएं तेजी, लोगों की सुविधाओं का रखें ध्यान

प्रात: किरण

पटना। भूमि सर्वे के दौरान आमलोगों को कोई परेशनी न हो इसके लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बंदोबस्त पदाधिकारियों को कई निर्देश दिया है। सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों को यह भी निदेश दिया गया कि वो अपने जिलों के अंचलों में बने शिविरों का स्थान, शिविर प्रभारी का नाम एवं मोबाइल नंबर स्थानीय अखबारों में प्रकाशित करवा दें ताकि आमलोगों को उन्हें ढूंढने में कोई परेशानी नहीं हो। बंदोबस्त पदाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में भूमि सर्वे के काम की बेहतर समीक्षा के लिए निरंतर क्षेत्रीय भ्रमण करना चाहिए। फिल्ड विजिट से न केवल काम के प्रगति की जानकारी हासिल होगी बल्कि काम की रफ्तार भी तेज होगी। सभी बंदोबस्त पदाधिकारी दूसरे चरण के



सर्वे की तैयारी जल्द से जल्द से पूरी कर लें। सारे सर्वे शिविरों को व्यक्तिगत रूप से जाकर देख लें। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बंदोबस्त पदाधिकारियों के मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिए। बैठक का आयोजन शास्त्रीनगर स्थित सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में किया गया था। बैठक में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव और भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशक जय सिंह एवं विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी लक्ष्मण तिवारी भी उपस्थित थे।

**सर्वे शिविर अंचल के आसपास ही किया जाए :** मुख्य सचिव ने बैठक में कहा कि सर्वे शिविर वैसी जगह पर नहीं होने चाहिए जहां लोगों को आने-जाने में परेशानी होती हो। शिविर का गठन अंचल या अंचल कार्यालय के आसपास ही किया जाना चाहिए। इससे शिविर का प्रचार-प्रसार अच्छे से होगा। अंचल कार्यालय परिसर के आधुनिक अभिलेखागारों में शिविर गठन होने से उसमें उपलब्ध कंप्यूटर,प्रिंटर जैसे उपस्करों का इस्तेमाल सर्वे के कार्य में किया जा सकेगा।

**43138 गांवों में भूमि सर्वे का काम प्रारंभ :** बैठक में जय सिंह ने सूबे के सभी मौजों में भूमि सर्वे के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इसमें 2611 मौजों को सर्वे में शामिल नहीं किया गया है जो शहरी क्षेत्रों, असर्वेक्षित, टोपोलैंड या फिर किसी कारण से विवादित हैं। इस प्रकार 43138 गांवों में भूमि सर्वे का काम प्रारंभ किया गया है। इन सभी मौजों में प्रपत्र-1 में उद्घोषणा कर दी गई है और सभी को भू सर्वेक्षण साफ्टवेयर में अपलोड भी कर दिया गया है। भूमि सर्वे में शुरूआती काम ग्राम सभा होती है जिसमें गांव के सभी व्यस्कों एवं जन प्रतिनिधियों को गांव के किसी सार्वजनिक स्थल पर बुलाकर उन्हें भूमि सर्वे की उपयोगिता एवं उसमें उनकी सक्रिय भागीदारी के बारे में बताया जाता है। यह सभा भी 35454 ग्रामों में आयोजित कर ली गई है। बाकि मौजों में भी ग्राम सभा का आयोजन अगले एक सप्ताह में कर लेने का निदेश सचिव सह निदेशक द्वारा दिया गया।

**13626 मौजों में तेरीज लेखन का काम शुरू :** उन्होंने कहा कि जिन मौजों में ग्राम सभा का आयोजन कर लिया गया है उनके अमीन को खतियान का सार यानि तेरीज लेखन का काम करना है। आज की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि 13626 मौजों में तेरीज लेखन का काम शुरू किया गया था जिसमें 8014 मौजों में इसे पूर्ण कर लिया गया है। अगले एक माह में इस काम को भी पूरा किया जाना है। समीक्षा में पाया गया कि स्वघोषणा यानि प्रपत्र-2 में अपनी भूमि का ब्यौरा सौंपने के काम में रैयतों द्वारा सुस्ती बरती जा रही है।

सचिव ने कहा कि रैयतों को यह सुविधा सीमित अवधि के लिए ही दी गई है इसलिए उन्हें यह काम प्राथमिकता के आधार पर कर लेना चाहिए। बैठक में सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) उपस्थित थे।

# बोधगया के पास सिलौंजा में बनेगी दुनिया के सात आश्चर्यों की प्रतिकृति

## निर्माण हेतु 14.85 करोड़ रुपये की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की

- योजना का 24 माह में होगा कार्यान्वयन, वन प्रमंडल गया होगी कार्यकारी एजेंसी

प्रात: किरण

पटना। पर्यटन विभाग राज्य के विभिन्न हिस्सों में पारंपरिक पर्यटन के साथ अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने का कार्य सतत कर रहा है। इस कड़ी में बोधगया के समीप सिलौंजा में पर्यटन का नया आकर्षक केंद्र बनाने के उद्देश्य से दूनिया के सात चमत्कार की प्रतिकृति बनाने का निर्णय पर्यटन विभाग ने किया है। पर्यटन विभाग ने इसके निर्माण हेतु 14.85 करोड़ रुपये राशि की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत



गीजा का पिरामिड, कोलोसियम रोम, ताज महल भारत, चीन की महान दीवार, पेट्रा जॉर्डन, मोल चिली, क्राइस्ट ऑफ रिडीमर ब्राजील का प्रतिकृति निर्माण तथा अन्य पर्यटकीय संरचनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। संरचनाओं के निर्माण के तहत सिलौंजा सेवेन वंडर्स पर्यटन स्थल का आधारभूत विकास कार्य, लाइटिंग और पाथवे आदि का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी वन प्रमंडल गया होगी, जिनके द्वारा योजना को आगामी 24 माह में पूर्ण किया जायेगा।

**रोजगार सृजन के अवसरों में भी होगी वृद्धि :** पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि बोधगया के समीप सिलौंजा में लगभग 40 एकड़ भूमि पर बनने वाला यह पर्यटन स्थल न केवल बौद्ध परिपथ में शामिल बोधगया आने वाले देसी-विदेशी पर्यटक बल्कि गयाजी में विष्णुपद मंदिर का दर्शन-पूजन के साथ पितरों के तर्पण के लिए आनेवाले दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण का नया केंद्र होगा। इससे स्थानीय स्तर पर पर्यटन स्थल का न केवल विकास होगा बल्कि लोगों के लिए रोजगार सृजन के अवसरों में भी वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला अपराध के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

**हल्द्वानी, एजेंसी।** कोलकाता में रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और बढ़ते महिला अपराधों के खिलाफ ऑल इंडिया वूमेन एस कांफ्रेंस ने बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान अध्यक्ष छाया सक्सेना ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि देश में महिलाओं और छात्राओं के साथ इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं। यहां उपाध्यक्ष हेमा नेगी, नीरज बोरा, सचिव गीता, कोषाध्यक्ष कामिनी पाल, पुष्पा नेगी, सीमा अग्रवाल, डॉ. रितू मित्तल, डॉ. कमला पंत, रत्ना श्रीवास्तव, शशि वर्मा, मंजू पांडे आदि मौजूद रहीं। वहीं, बढ़ते महिला अपराध के मामलों में छात्र-छात्राओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने ऐसे लोगों को फांसी की सजा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में यतिन पांडे, भूमिका लटवाल, रुचि मनराल, ज्योति दानू, हर्ष शर्मा, निश्चय शर्मा, हर्षित भारती आदि रहे।

### एसई ने सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया

**गरमपानी, एजेंसी।** भवाली- अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग का बृहस्पतिवार को एनएच के अधीक्षण अभियंता अरुन कुमार पांडेय ने काकड़ीघाट से लेकर क्वारब तक 10 किमी टूलेन सड़क का निरीक्षण किया। काकड़ीघाट से लेकर कवारब के बीच सड़क चौड़ीकरण के दौरान डंपिंग जोन के अतिरिक्त अन्य जगहों पर मलबा फेंकने की शिकायत मिलने पर उन्होंने संस्था को शीघ्र मलबा हटाने के निर्देश दिए। साथ ही एनएच के चौड़ीकरण की जद में आईं दुकानों का मुआवजा मिलने के बाद भी अभी तक नहीं हटने पर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार, एई जीके पांडेय,मनोज यादव, चंद्रशेखर कांडपाल, अंकित बिष्ट, सोनू सिंह मौजूद रहे।

### पेयजल समस्या पर जेई का घेराव

**हल्द्वानी, एजेंसी।** दमुवाढ़ूंगा के वार्ड नंबर 37 में पेयजल समस्या पर निरीक्षण के लिए पहुंचे जेई का लोगों ने घेराव किया। स्थानीय लोगों ने जेई को खरीखोटी सुनाई और समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। दमुवादूंगा क्षेत्र के हरिपुर गांगू, कालिका कॉलोनी, पार्वती कॉलोनी और लीसा फैक्टरी क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। बृहस्पतिवार को स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे जेई को स्थानीय लोगों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया। कहा कि विभाग ने चार इंच की पाइपलाइन में दो, ढाई और तीन इंच की तीन पाइपलाइन जोड़ दी है। साथ ही चार इंच का वाल्व भी लगा दिया है। इस कारण क्षेत्र की ढाई हजार से अधिक आबादी पेयजल की किल्लत झेल रही है। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने लाइन में लगे वाल्व हटाने और 12 इंच की पेयजल लाइन से सभी क्षेत्रवासियों को पानी का कनेक्शन देने की मांग की। जेई संदीप सिंह ने कहा कि जल्द समाधान कर दिया जाएगा। यहां राहुल गुप्ता, निशा देवी, खिला बर्गली, मंजू जोशी, ममता नेगी, मुन्ना लाल, दीपा गोस्वामी, खष्टी देवी, हरीश लाल आदि रहीं।

### सोमेश्वर में निर्माणाधीन अस्पताल भवन की छत का गिरा ढांचा

**सोमेश्वर (अल्मोड़ा), एजेंसी।** सोमेश्वर में बन रहे महिला उप जिला चिकित्सालय के पिछले भाग में बृहस्पतिवार की शाम लिंटर डालने के दौरान ढांचा गिर गया। मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। निर्माण कार्य में जुटे मजदूरों में भी अफरातफरी मच गई। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ गए। सोमेश्वर में इन दिनों पुराने चिकित्सालय के पास ही नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया गया कि ब्रिडकुल की ओर से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार को यहां लिंटर डालने का काम चल रहा था। तभी छत के लिए बनाया गया ढांचा भरभराकर गिर गया। इससे यहां अफरातफरी मच गई। कार्यदायी संस्था के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी प्राप्त की। इधर स्थानीय लोगों ने अस्पताल में कराए जा रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।

# पन्याली गधेरे में बहने से बचे बाइक सवार, सैकड़ों वाहनों की थमी रफ्तार; कई गांवों में सामान की आपूर्ति बाधित

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
क्षेत्र में हो रही भारी बारिस से रामनगर-मौलेखाल मोटर मार्ग पर पन्याली गधेरा उफान पर रहा। तीन दिन से लगातार इस गधेरे के उफान पर रहने के कारण क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित है।

पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश से लोगों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बृहस्पतिवार को भी रामनगर-मौलेखाल मोटर मार्ग पर पन्याली गधेरा उफान पर रहा। तीन दिन से लगातार इस गधेरे के उफान पर रहने के कारण क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित है। बृहस्पतिवार को दो बाइक सवार उफनाते गधेरे में बहने से बाल-बाल बच गए। जिन्हें बड़ी मशक्कत से बचाया जा सका। इस मार्ग पर करीब पांच घंटे तक वाहनों की आवाजाही

सल्ट क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई। तेज बारिश से रामनगर-मौलेखाल मोटर मार्ग पर पन्याली गधेरा उफान पर रहा और इस पर करीब पांच घंटे तक यातायात बाधित रहा। मार्ग के बंद होने के कारण रामनगर से मौलेखाल, भिकियासैंण, देघाट, सराईखेत, रानीखेत, द्वाराहाट, अल्मोड़ा, कर्णप्रयाग, गैरसैंण और पौड़ी को जाने वाले वाहन जाम में



फंसे रहे।

मार्ग के बंद होने के कारण इन क्षेत्रों में दूध, फल और सब्जियों की भी आपूर्ति नहीं हो पाई। बमुश्किल मार्ग खुला लेकिन बीच-बीच में कई बार गधेरे का उफान बढ़ने के कारण आवाजाही बार-बार बंद होती रही। बृहस्पतिवार की सुबह उस समय बड़ा हादसा होने से बचा जब दोपहिया वाहन चालकों ने गधेरे को पार करने की कोशिश की। दोनों को आसपास के लोग बड़ी मुश्किल से बचा पाए। इसके बाद काफी देर तक इस मार्ग से दोपहिया चालकों की आवाजाही भी बंद कर दी गई।

पन्याली गधेरे के उफान पर आने के कारण बृहस्पतिवार को कई शिक्षक स्कूल भी नहीं पहुंच पाए। दरअसल सल्ट क्षेत्र के अनेक शिक्षक रामनगर और काशीपुर से रोजाना आवाजाही करते हैं। जब तक गधेरे का उफान कम होता तब तक स्कूल का समय समाप्त होने को था। वहीं, इस मार्ग से होते हुए रामनगर और काशीपुर से जिन गांवों में जरूरी सामान की आपूर्ति होती है, वह भी बाधित रही। तराई और पहाड़ का संपर्क कटा रहा।

मानसून काल में हर साल रामनगर-मौलेखाल मोटर मार्ग पर पन्याली और भखराकोट के गधेरे अक्सर उफान पर आ जाते हैं। जिस कारण इस मार्ग पर कई हादसे भी सामने आते हैं।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास से दो छात्राएं हुई गायब, परिजनों ने वार्डन पर लगाए आरोप, किया हंगामा

**रुड़की, एजेंसी।** कक्षा नौ और कक्षा 10 की दो छात्राएं देर रात संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई। सुबह मामले की जानकारी मिलने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

रुड़की के सुल्तानपुर स्थित अकबरपुर ऊद गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास से देर रात दो छात्राएं लापता हो गई। सुबह करीब आठ बजे जानकारी मिलने पर परिजन परिसर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। छात्रावास से छात्राएं गायब होने की सूचना पर शिक्षा विभाग में हडकंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, कक्षा नौ और कक्षा 10 की दो छात्राएं संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुई हैं। सूचना पर खंड शिक्षा अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का आरोप है कि आवासीय विद्यालय की वार्डन रात के समय विद्यालय में नहीं रहती है। आवासीय छात्रावास भोजन माता और चौकीदार के भरोसे चल रहा है। लक्सर कोतवाली के एसआई मनोज गैरोला ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।



## बरेली से बागेश्वर जा रही बस अल्मोड़ा में खराब

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
बरेली से बागेश्वर रवाना हुई रोडवेज बस अल्मोड़ा स्टेशन नहीं पहुंच सकी। नगर के चौघानपाटा के पास बीच सड़क में बस खराब हो गई। इससे पहले भी बस रास्ते में दो बार खराब हुई थी।

बृहस्पतिवार की सुबह बागेश्वर डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 3191 बरेली से बागेश्वर के लिए रवाना हुई। चालक सुरेश जोशी ने बताया कि बरेली में काफी प्रयास करने के बाद बस स्टार्ट हुई। हल्द्वानी पहुंचने पर बस में खराबी आ गई और कुछ देर तक बस स्टार्ट नहीं हुई। चालक के प्रयासों के बाद बस स्टार्ट होकर गंतव्य को रवाना हुई। अल्मोड़ा में रोडवेज स्टेशन पहुंचने से 300 मीटर दूर चौघानपाटा में बस फिर खराब हो गई। बस में 25 यात्री सवार थे। काफी प्रयासों के बाद बस स्टार्ट होकर स्टेशन पहुंची। स्टेशन में बस में आई तकनीकी खराबी को दूर किया गया। इसके बाद बस बागेश्वर को रवाना हुई। इससे पूर्व भी जुलाई में हरिद्वार- अल्मोड़ा बस तकनीकी कारणों से चौघानपाटा में ही बीच रास्ते में खराब हो गई थी।

## तीन इंस्पेक्टर और सात दरोगा गैर जनपद के लिए रिलीव होंगे

**हरिद्वार, एजेंसी।**
आईजी गढ़वाल की ओर से गैर जनपद के लिए किए गए इंस्पेक्टर दरोगाओं के तबादलों के बाद अब रवानगी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने तीन इंस्पेक्टर और सात दरागाओं को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया है। 31 अगस्त को सभी यहां से रिलीव हो जाएंगे। इसके बाद अब नई तैनाती होगी।

आईजी गढ़वाल ने कनखल कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला का उत्तरकाशी, कोतवाली ज्वालापुर प्रभारी रमेश तनवार का चमोली और मंगलौर निरीक्षक अमरचंद शर्मा का रुद्रप्रयाग तबादला किया था। इसके अलावा कई दारोगाओं, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल के तबादले किए गए थे। एसएसपी ने तीनों इंस्पेक्टर और एसआई मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, संदीप चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, रणजीत सिंह तोमर, सतेंद्र बुटोला और प्रशांत बहुगुणा को गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया है। साथ ही नौ हेड कांस्टेबल, 12 महिला पुरुष कांस्टेबल को भी रिलीव किया गया है।

बहादराबाद। थाना क्षेत्र में एक कार पलटने से कार सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक गुरुवार दिन में रुड़की की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार कांवड़ पटरी पर अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में दो युवक और एक युवती सवार थी। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची चेतक पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया। थाना अध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया की घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

महिला से मारपीट कर अश्लीलता करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके साले की शादी झबरेड़ा की एक युवती से हुई थी। उनके बच्चे की कुछ समय पहले अचानक मौत हो गई थी। कुछ दिनों बाद उसकी पत्नी ने भी आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि तेहरवी में उसके पति, सास-ससुर गए थे। जहां उनके साथ मृतका के परिजनों ने मारपीट कर दी। इतना ही नहीं सास के कपड़े फाड़कर छेड़छाड़ की। जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अब उच्च शिक्षा विभाग करेगा निर्माण कार्यों की थ्रीडी कैमरे से निगरानी

**नैनीताल , एजेंसी।**
उच्च शिक्षा विभाग निर्माण कार्यों की निगरानी थ्रीडी कैमरे से करेगा। विभाग की ओर से निर्माण स्थलों पर थ्रीडी कैमरे और सेंसर लगाए जाएंगे। जो निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीधे शासन और उच्च शिक्षा विभाग भेजेगा।

उच्च शिक्षा विभाग निर्माण कार्यों की निगरानी थ्रीडी कैमरे से करेगा। विभाग की ओर से निर्माण स्थलों पर थ्रीडी कैमरे और सेंसर लगाए जाएंगे। जो निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीधे शासन और उच्च शिक्षा विभाग भेजेगा। इसके आधार पर कार्यदायी संस्था और ठेकेदार के कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा तथा धीमी गति से निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उच्च शिक्षा विभाग की ओर से



प्रदेश में 119 राजकीय महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं जिसमें समय-समय पर निर्माण कार्य होते रहते हैं। वर्तमान में 58 महाविद्यालयों में निर्माण कार्य चल रहे हैं। अभी तक निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए उच्च शिक्षा विभाग उस महाविद्यालय के प्राचार्य और कार्यदायी एजेंसी से हर 15 दिन या एक महीने में फोटो या वीडियो मंगवाता है और निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट देखी जाती है। निर्माण कार्य में हीलाहवाली न हो और अच्छी गुणवत्ता के साथ कार्य हों, इसके लिए अब विभाग की ओर से निर्माण स्थलों पर थ्रीडी कैमरे और सेंसर लगाए जाएंगे जो सीधे उच्च शिक्षा विभाग और शासन से जुड़े रहेंगे। इससे शासन और उच्च शिक्षा विभाग प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट देख सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि कार्यदायी संस्था और ठेकेदार भी समय से निर्माण कार्य समय से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### जंगल में महिला से दुष्कर्मः पीड़िता किसी तरह जान बचाकर घर पहुंची

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** चंपावत जिले के एक गांव में जंगल गई एक महिला के साथ एक व्यक्ति पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चंपावत जिले के ग्राम पंचायत पचनई क्षेत्र के एक गांव में जंगल गई एक महिला के साथ एक व्यक्ति पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व एक महिला मवेशियों को चराने जंगल गई थी। इस दौरान आरोपी शंकर लाल ने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला किसी तरह जान बचाकर वहां से घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई। महिला ने परिजनों के साथ बुधवार को थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी शंकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 36, 24, 64 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## कन्या गुरुकुल की छात्राओं ने की सह शिक्षा शुरू करने की मांग

**हरिद्वार, एजेंसी।**
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर की छात्राओं ने विवि के मुख्य परिसर में सह शिक्षा शुरू न होने पर धरना किया जाएगा। यह बात प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता करते हुए छात्रा मीनाक्षी, स्वाति और रुद्रांशी ने कही।

उन्होंने कहा कि कन्या गुरुकुल परिसर में मुख्य परिसर के समान सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। क्लासरूम की हालत भी खराब है। उनमें काई जमी हुई है। लाइब्रेरी में केवल हिन्दी माध्यम की पुस्तकें ही उपलब्ध हैं, जिससे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने वाली छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं को शैक्षिक टूर पर भी नहीं ले जा[illegible]टोरियम व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। सुरक्षा के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है।

छात्राओं ने कहा कि यूजीसी के नियमों के अनुसार विवि के मुख्य परिसर में छात्र-छात्राओं की कक्षाएं एक साथ चलाई जाएं। लैंगिक भेदभाव खत्म किया जाए। सभी को समान सुविधाएं दी जाएं। छात्राओं का कहना है कि यूजीसी नियमों के अनुसार जब विवि के वीसी, डीन व अन्य पदों पर महिलाओं को नियुक्त किया जा रहा है। पीएचडी कर रही छात्राओं को भी मुख्य परिसर में पढ़ने की अनुमति है, तो अन्य छात्राओं को भी छात्रों के साथ मुख्य परिसर में पढ़ने की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मांगों के लिए वे धरना प्रदर्शन, आंदोलन के साथ भूख हड़ताल करने से भी पीछे नहीं हटेंगी। इस दौरान प्रेस वार्ता में एबीवीपी नेता देव सिंह, विशाल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी में विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत की बैठक आयोजित, सीडीओ ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश



**हल्द्वानी, एजेंसी।**
उत्तराखंड के हल्द्वानी में जिला पंचायत के विकास कार्यों की स्थिति जानने के लिए अध्यक्ष जिला पंचायत के नेतृत्व में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें जन प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में बैठक में अवगत करवाया जाता है लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता। वहीं मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने जिला पंचायत अधिकारी को संबंधित मामले में निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला पंचायत बैठक में यदि कोई भी समस्या जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई जाती है, तो उस समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर समस्या शासन स्तर से है तो ऐसी स्थिति में शासन स्तर से पत्राचार किया जाए। स्थानीय समस्या का समाधान पंचायत स्तर पर करना सुनिश्चित करें। इसके साथ बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों के सभी चिकित्सालयों में एंटी रेबीज़ वैक्सीन उपलब्ध ना होने का मामला भी सामने आया। इसके अलावा पर्वतीय क्षेत्रों मे ओवरहैड टैंक की सफाई का मुद्दा मुख्य रूप से सदस्यों द्वारा उठाया गया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि सभी अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सही करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल ने भी सभी अधिकारियों को जन प्रतिनिधियों की समस्याओं पर तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं।

# पहले बाइक चुराई, फिर आइफोन लूटा, केवीएम स्कूल के पास की घटना

**नैनीताल, एजेंसी।**
हल्द्वानी शहर में पांच दिनों में छेड़छाड़ की तीन घटनाओं के बाद मंगलवार रात तीन लोगों ने बाइक सवार दो युवकों को रोककर एक से आइफोन लूट लिया। आरोपियों ने चोरी की बाइक से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

हल्द्वानी में अपराधियों ने पुलिस को चुनौती देकर जनता की नींद उड़ा दी है। शहर में पांच दिनों में छेड़छाड़ की तीन घटनाओं के बाद मंगलवार रात तीन लोगों ने बाइक सवार दो युवकों को रोककर एक से आइफोन लूट लिया। आरोपियों ने चोरी की बाइक से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बिंदुखत्ता निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार कर आइफोन और बाइक के साथ ही निशानदेही पर चोरी की गई एक और बाइक बरामद की है।

टांगा बंगापानी मुनस्यारी निवासी गोकुल सिंह घोड़ाखाल कॉलोनी लालडांठ में रहते हैं। 28 अगस्त को उन्होंने मुखानी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि



उनकी केटीएम बाइक चोरी हो गई है। इस बीच राजेंद्र नगर निवासी कुमाल आर्या ने बताया कि 27 अगस्त की रात करीब सवा 11 बजे वह क्रियाशाला से मुखानी चौराहे की ओर अपने दोस्त आयुष वर्मा निवासी राजपुरा के साथ दोपहिया वाहन से आ रहे थे। वह मुखानी स्थित केवीएम स्कूल के पास ही पहुंचे थे कि तभी पीछे से आए मोटर साइकिलसवार तीन युवक ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद गालीगलौज और मारपीट शुरू कर दी। कुनाल को धक्का देकर वह उसके हाथ से आइफोन-15 लूटकर भाग गए। दोनों ने लुटेरों का पीछा किया लेकिन वह फरार हो गए।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की तो 28 अगस्त की रात चेकिंग के दौरान कठघरिया क्षेत्र से इंद्रानगर बिंदुखत्ता निवासी निशुतोज भंडारी (18), अनुज नैनवाल (20) और कमल कटरिया (18) निवासी संजयनगर बजरी कंपाउंड लालकुआं को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी की बाइक और लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ। इनके पास से चोरी की एक और स्पलेंडर बाइक बरामद की है।

लूट की सूचना पुलिस को मंगलवार रात ही मिल गई थी। सीओ नितिन लोहनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार तड़के पांच बजे तक कैमरे खंगाले। कैमरों में तीन युवक लालकुआं की तरफ जाते हुए दिखाई दिए। बुधवार रात पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से तीनों युवकों की पहचान की। इसके बाद इन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया।

## मां के निधन के बाद घर छोड़कर आए किशोर को पिता से मिलाया

**हरिद्वार, एजेंसी।** मां के निधन के बाद घर छोड़कर बदायूं से हरिद्वार आए किशोर के परिजनों का पता आखिरकार पुलिस ने लगा लिया। हरिद्वार पहुंचने पर किशोर को पिता के सुपुर्द कर दिया गया। बेटे को पाकर पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। उन्होंने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का आभार जताया।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि दो महीने पहले एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम को 14 वर्षीय अंकित दयनीय हालत में मिला था। उसने बताया था कि वह अपनी मां के निधन के बाद दुखी होकर घर से बिना बताए निकल गया था। उसे बाल कल्याण समिति के आदेश पर ज्वालापुर स्थित खुला आश्रय गृह में संरक्षण दिलाया गया था। एसआई राखी रावत, मुख्य आरक्षी राकेश कुमार व विनिता सेमवाल, आरक्षी मुकेश कुमार, दीपक चंद, गीता को परिजनों की खोजबीन में लगाया गया था। किशोर की लगातार काउंसलिंग कर मानसिक तनाव, चिंता से उभारा। टीम ने बच्चे की दी गई जानकारी पर खोजबीन की। तब उसके पिता उमेशचंद्र यादव निवासी ग्राम मतरोली जिला बदायूं यूपी से संपर्क हो गया। बृहस्पतिवार को उमेशचंद्र हरिद्वार पहुंचे। जानकारी दी कि पत्नी के अचानक निधन होने से परिवार बिखर गया। बेटा गायब हो गया था, जिससे वह बेहद परेशान थे। जब पुलिस ने उन्हें बच्चे के सकुशल होने की जानकारी दी तो परिवार में खुशियां छा गई।

# उप-राज्यपाल सक्सेना ने 629 नव नियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## श्री सक्सेना ने कहा, पिछले दो सालों में हमने 17,000 से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिये हैं।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में 629 नये सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे, इनमें 27 डॉक्टर भी शामिल हैं। उप-राज्यपाल ने उम्मीद जतायी कि आगामी सात महीनों में 20 हजार और लोगों को नौकरी मिल सकेगी। उन्होंने एलान किया कि आने वाले समय में दिल्ली में बंपर भर्तियां होने वाली हैं।
श्री सक्सेना ने कहा, पिछले दो सालों में हमने 17,000 से ज्यादा लोगों को नियुक्ति पत्र दिये हैं। आज 629 लोगों को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं, जो अलग-अलग विभागों से हैं। इनमें 27 डॉक्टर भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले और ये प्रक्रिया जारी रहेगी। हमारा लक्ष्य मार्च 2025 तक कम से कम 20,000 और लोगों को नियुक्त करना है। अलग-अलग विभागों में 25,000 से ज्यादा पद खाली हैं। जैसा कि मैंने कहा, इसकी प्रक्रिया बहुत तेजी से चल रही है।
उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों को पांचवी बार यह नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। इन कर्मचारियों को शिक्षा निदेशालय, सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, अग्निशमन विभाग, दिल्ली चिकित्सा विभाग जैसे विभागों और निकायों में नियुक्त किया गया है।
उप-राज्यपाल ने नये कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि वह 629 नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करते हैं और उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनायें देते हैं, जिनके सहयोग और परिश्रम के कारण नियुक्ति पत्र पाने वालों के चेहरे में खुशी की झलक दिख रही है।
उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि आज का दिन उनकी चुनौतियों पर जीत हासिल करने का जश्न का दिन है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में पांचवी बार इस कार्यक्रम का आयोजित किया गया है। इसके लिये दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, डीएसएसएसबी, डीडीए, यूपीएससी और सर्विस विभाग को दिल से बधाई देना चाहता हूं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत बनाने का जो सपना देखा, यह उसी का एक महत्वपूर्ण कदम है।
उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुये खुशी हो रही है, प्रधानमंत्री ने जो दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन हमें दिये उससे दिल्ली सरकार और उसके विभिन्न संगठनों में नई नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा और रोजगार दिया जा रहा है, वह दिल्ली की समृद्धि में आगे बढ़कर हमारे साथ काम किये जा रहे हैं। राजधानी के विभिन्न कल्याणकारी को समय-समय पर पूरा किया जा रहा है और हमारी ये कोशिश है कि दिल्ली के जितने भी विभाग है, उनमें जितने भी पद खाली हैं, उन्हें जल्द से जल्द भरा जा सके।
श्री सक्सेना ने कहा कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिल सकेंगे बल्कि हमारी सेवायें भी पहले से बेहतर हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि डीएसएसएसबी ने पिछले दो वर्षों में 17 हजार से ज्यादा नियुक्तियां प्रदान की हैं, जो पिछले 10 वर्षों में भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा डीएसएसएसबी के मुख्य सचिव के नेतृत्व में जिस तरह से तेजी से काम कर रहा है और जिस तरह से खाली पदों को भरने का काम कर रहा है, वह सराहना के योग्य है।
श्री सक्सेना ने कहा, जैसा कि आपको बताया गया है कि 20 हजार से ज्यादा डोजियर्स जारी हो चुके हैं इससे भरने के लिए चार से पांच महीने लग जायेंगे। इसके अलावा करीब 10000 भर्तियों के लिये विज्ञापन दिये जा चुके हैं, जिसका कार्य भी करीब तीन महीने के अंदर पूरा कर लिया जायेगा।
उप-राज्यपाल ने कहा कि आज जिन 629 कर्मियों को यहां नियुक्ति पत्र दिये गये हैं, उनमें डीएसएसएसबी द्वारा नियुक्त 558 कर्मी हैं। डीडीए द्वारा नियुक्त करीब 40 कर्मी हैं और यूपीएससी द्वारा नियुक्त करीब 27 डॉक्टर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा सरकारी नौकरी एक सरकारी नौकरी नहीं, बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, यह जिम्मेदारी जनता के हितों के लिये काम करने की है।
उन्होंने कहा, आपको अपनी सत्यनिष्ठा से विभाग के लिये कार्य करने, बल्कि समाज में अपनी पहचान बनाना है। सरकारी नौकरी प्राप्त कर लेना आपकी लर्निंग प्रक्रिया का अंत नहीं है, बल्कि एक नई शुरूआत है। ह्व
श्री सक्सेना ने कहा कि कोई पद छोटा नहीं होता, यह हमारी आपकी सोच होती है, हर पद की अपनी गरिमा होती है, हर पद की अपनी महत्ता होती है। किसी भी छोटे से छोटे पद पर रहने वाला इंसान एक बहुत बड़ा कार्य कर सकता है। समाज के लिये एक बहुत बड़ा स्रोत बन सकता है। इसलिये आपको इसी भावना से काम करना चाहिये।
उप-राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुये कहा, यह बात आपको अच्छी लगेगी कि नदी में मरी हुई मछली नदी की धारा के साथ बहती चली जाती है और जिंदा मछली हमेशा नदी की धारा के विपरीत दिशा में तैरती है। अगर आप जीवित हैं, गलत का पुरजोर विरोध करें। आप जिस पद पर हैं, उसकी गरिमा को बनाये रखें। आप अपना शत-प्रतिशत देने का हमेशा प्रयास करें।
इस अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, प्रमुख सचिव ए के सिंह और डीएसएसएसबी के अध्यक्ष शूरवीर सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जब होती शराब की दुकान बंद, तब शुरू ऑनलाइन ऑर्डर

- रटर से मिलता डिमांड, होम डिलीवरी कर पहुंचाता शराब
- हाई प्रोफाइल इलाके में रात 10 बजे के बाद पहुंचता शराब




नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

रैपीडो बाइक से ऑनलाइन शराब की होम डिलीवरी करने वाले एक आरोपी को वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान कमल के रूप में हुई है। यह पहले भी एक आपराधिक मामले में शामिल रहा है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसके पास से 288 बियर के कैन, व्हिस्की के 24 बोतल और वाईन के 13 बोतल भी बरामद किया गया है। बरामद किए गए बीयर और व्हिस्की महेंगे ब्रांड के हैं। यह हाई-फाई सोसाइटी में रहने वाले लोगों को बियर, व्हिस्की, वाइन की होम डिलीवरी सप्लाई करता था। इसके बारे में एक इनफॉरमेशन पुलिस टीम को मिली थी। की यह आरोपी शराब की शॉप से बियर, व्हिस्की, वाइन खरीदकर लाता है और फिर रात में सप्लाई करता है। जिसके आधार पर एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज की पुलिस टीम ने टैगोर गार्डन में छापा मारा। वहां से आरोपी कमल को गिरफ्तार किया और उसके पास से बियर, व्हिस्की और वाइन की बोतल बरामद किया गया। इसके खिलाफ राजौरी गार्डन थाना में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब की दुकान से व्हिस्की बियर वाइन खरीद कर लाता था और रात 10 बजे जब शराब की दुकान बंद हो जाती थी, तब यह वेस्ट दिल्ली के राजौरी गार्डन, हरी नगर के अलावा रोहिणी, पीतमपुरा आदि इलाकों में ऑनलाइन होम डिलीवरी करता था। एसएमएस के जरिए कस्टमर से इसको आर्डर मिलते थे और यह पेटीएम और गूगल पे के जरिए पेमेंट लेता था।

# 1984 सिख विरोधी दंगे : अदालत ने कांग्रेस नेता टाइटलर के खिलाफ अभियोग तय करने के आदेश दिए



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की कथित हत्या से संबंधित एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों में अभियोग तय करने का आदेश शुक्रवार को दिया।
केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने कहा, आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इससे पहले एक गवाह ने आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर निकले और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला है। इसके बाद उग्र भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला।
अदालत ने कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया, जिनमें गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, घर में जबरन घुसना और चोरी शामिल हैं। अदालत ने आधिकारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर को सूचीबद्ध किया है।

# आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने केरल के एजेंट को गिरफ्तार किया

संवाददाता



आईजीआई एयरपोर्ट थाना की पुलिस टीम ने केरल के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसने एक शख्स को विदेश भेजने के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार किया था। लेकिन वह शख्स जब यूके पहुंचा तो वहां जांच में फर्जी वाड़ा सामने आने के बाद उसे वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया था। डीसीपी उषा रंगनी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए केरल के एजेंट की पहचान जुस्तुस के रूप में हुई है। वह केरल के कोटापुरम का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार रत्नेश नाम का शख्स को यूके से 11 जून को वापस भेजा गया था, आईजीआई एयरपोर्ट पर। जब उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो फर्जी वाड़ा का पूरा पता चला। उस शख्स से जब पूछताछ हुई तो फिर उसने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उसने एक एजेंट के जरिए डॉक्यूमेंट लिया था। क्योंकि वह विदेश जाकर अच्छी कमाई करके अपने लाइफ स्टाइल को बेहतर करना चाहता था।
वह पहले लंदन गया था और वहां पर उसने काम शुरू किया। इस साल अगस्त महीने में वह पकड़ा गया फेक डॉक्यूमेंट के आरोप में और उसे फिर भारत डिपोर्ट किया गया। एसएचओ सुशील गोयल की देखरेख में हेड कांस्टेबल अजय की टीम ने फिर एजेंट के बारे में पता लगाना शुरू किया और पूरी जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार किया। गिरफ्तार एजेंट ने बताया कि वह दसवीं पढ़ाई करने के बाद 2007 से 2021 तक दुबई में शीप में काम किया था। वहीं उसका कांटेक्ट दूसरे एजेंट से हो गया जो दूसरे कंट्री में लोगों को जॉब दिलाने के लिए भेजा करते थे। जब यह वापस भारत आया तो इसने भी शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए यह गोरख धंधा करने लगा।

# दिल्ली के शास्त्री पार्क में फुटपाथ पर सो रहे लोगों को कुचलने वाले ट्रक का चालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे चार लोगों को कथित तौर पर कुचलने वाले ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।
एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के फतेहपुर निवासी अर्जुन (31) नाम के तौर पर की गई है और वह घटना के बाद से फरार था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।
यह घटना शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास तरबूज बाजार में सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई थी। एक मालवाहक वाहन सीलमपुर से लोहे के पुल की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान वाहन पुल पर बीच में डिवाइडर पर चढ़ गया और इससे फुटपाथ पर सो रहे पांच लोग उससे कुचल गए, जिनमें से चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस की एक टीम को अर्जुन के ठिकाने का पता लगाने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर स्थित उसके पैतृक स्थान भेजा गया था। उन्होंने बताया कि टीमों ने अन्य संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि ट्रक के मालिक राहुल सिंह ने पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उन्होंने अर्जुन को पांच साल पहले चालक के तौर पर नौकरी में रखा था। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि ट्रक के खिलाफ पांच चालान लंबित थे और आखिरी चालान दिसंबर 2022 में जारी किया गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है।

# एनसीवेब की दूसरी कटऑफ जारी, बीकॉम में दाखिले के लिए एक से आठ फीसदी तक की गिरावट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉन कॉलिजिएट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) ने शुक्रवार शाम को अपने 26 कॉलेज सेंटरों में दाखिले के लिए दूसरी कट ऑफ जारी कर दी है। इस कट में छात्राओं के पास दाखिले की अपार संभावनाएं हैं। पहली कट ऑफ के आधार पर एनसीवेब की 15 हजार 210 सीट में से अभी 4500 हजार सीटें ही भरी हैं। इन सीटों को भरने के लिए एनसीवेब ने बीकॉम में औसतन एक से आठ फीसदी तक की गिरावट की है। वहीं बीए में यह गिरावट एक से पांच फीसदी तक की है। मिरांडा हाउस में सामान्य श्रेणी के लिए बीकॉम की कट ऑफ 83 फीसदी की गई है। पहली कट ऑफ में यह 88 फीसदी थी। वहीं हंसराज कॉलेज में इसी श्रेणी के लिए पहली कट ऑफ 85 फीसदी थी, जिसे इस कट ऑफ में दो फीसदी घटाकर 83 फीसदी किया गया है। अब इस कट ऑफ के आधार पर दाखिले की शुरूआत शनिवार सुबह दस बजे से होगी। शनिवार दो सितंबर रात 11:59 तक ऑनलाइन दाखिले लिए जा सकते हैं। चार सितंबर तक छात्राएं फीस का भुगतान कर सकती हैं। एनसीवेब के मिरांडा हाउस सेंटर पर सर्वाधिक 87 फीसदी कट ऑफ बीए प्रोग्राम(इतिहास-राजनीति शास्त्र) सामान्य श्रेणी की रही है। जबकि हंसराज कॉलेज में इस कोर्स की कट ऑफ 82 फीसदी तक गई है, जो कि पहले 87 फीसदी थी। सबसे कम कट ऑफ भगिनी निवेदिता कॉलेज में 53 फीसदी और अदिति कॉलेज में 56 फीसदी तक गई है। बीकॉम की कट ऑफ की बात करें तो भारती कॉलेज में सामान्य, ओबीसी, एससी, एसटी, ईडब्लयूएस, व पीडब्लयूडी की कट आफ में आठ फीसदी तक की गिरावट की गई है। मैत्रेयी कॉलेज में सामान्य श्रेणी के लिए एक फीसदी की गिरावट हुई है। हंसराज कॉलेज ने 85 और मिरांडा हाउस ने 83 फीसदी कट ऑफ जारी की है। जीसस एंड मेरी में 70 फीसदी, केशव महाविद्यालय में 68 फीसदी, श्री गुरु गोबिंद कॉलेज ऑफ कॉमर्स में कट ऑफ 73 फीसदी रही है। इस कोर्स की सबसे कम कट ऑफ पीडब्लयूडी व एसटी के लिए अदिति व भगिनी निवेदिता में 50 फीसदी तक गई है। मिरांडा हाउस में इस प्रोग्राम के लिए ओबीसी श्रेणी की कट ऑफ 80 फीसदी, एससी की 79 एसटी की 78 फीसदी, ईडब्लयूएस की 80 और पीडब्लयूडी की 78 फीसदी है। बीकाम कोर्स की सामान्य श्रेणी के लिए सबसे कम कट ऑफ अदिति और भगिनी निवेदिता में 55-55 फीसदी रही है। बीए प्रोग्राम(इकोनॉमिक्स-पॉलिटिकल साइंस), कॉम्बिनेशन की सामान्य श्रेणी के लिए मिरांडा हाउस ने 82 फीसदी कट ऑफ जारी की है। वहीं इस कॉम्बिनेशन के लिए हंसराज कॉलेज सेंटर की कट ऑफ 81 फीसदी निकाली गई है। इस कॉम्बिनेशन के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ $कॉमर्स व भारती कॉलेज ने सबसे अधिक आठ फीसदी की गिरावट की है। पहली कट ऑफ में इन कॉलेज सेंटर पर कट ऑफ 68 फीसदी थी जिसे अब 60 फीसदी निकाला गया है।
राजधानी, विवेकानंद, लक्ष्मीबाई, व आर्यभट्ट कॉलेज ने इस कॉम्बिनेशन के लिए सामान्य श्रेणी की 60 फीसदी कट ऑफ जारी की है। इस कॉम्बिनेशन के लिए कॉलेज सेंटरों पर दो से आठ फीसदी तक की गिरावट की गई है। मालूम हो कि एनसीवेब की 15, 210 सीटे हैं। पहली लिस्ट के बाद भी 10 हजार से अधिक सीटें खाली हैं। इस कारण से दाखिले की संभावना बनी हुई है।

# दिल्ली सरकार को बर्खास्त करने के लिए बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा के नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राजधानी में चल रहे संवैधानिक संकट में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की। प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति से भेंट की और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें एक ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल में विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय महावर, अभय वर्मा, अनिल वाजपेयी, जितेंद्र महाजन, करतार सिंह तंवर और पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद शामिल थे। इन्होंने राष्ट्रपति से संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत मौजूदा आप सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया। विपक्ष का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक मानदंडों के और अधिक पतन को रोकने के लिए राष्ट्रपति का तत्काल हस्तक्षेप महत्वपूर्ण है। ज्ञापन में दिल्ली की पंगु हो चुकी प्रशासनिक व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि आबकारी नीति घोटाले से संबंधित गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों में सीएम केजरीवाल चार महीने से अधिक समय से जेल में हैं। जेल में बंद होने के बावजूद केजरीवाल ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। इससे एक गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। इसी कारण दिल्ली में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिसका खामियाजा दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञापन में आप सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण संवैधानिक उल्लंघनों का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि दिल्ली सरकार द्वारा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन न करना इसकी विफलता है। आयोग का गठन जो अप्रैल 2021 से लंबित है, न करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-क और 243- का गंभीर उल्लंघन है, जिसके चलते दिल्ली के लिए वित्तीय योजनाओं और संसाधनों का आवंटन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। विशेष रूप से दिल्ली नगर निगम पर इसका व्यापक असर पड़ा है। इसके अलावा दिल्ली सरकार सीएजी की 11 रिपोर्ट्स को विधानसभा के सदन पटल पर रखने में बार-बार विफल रही है। अपील में आप सरकार के भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का भी विस्तृत ब्यौरा दिया गया है। करोड़ों रुपये का दिल्ली शराब घोटाला, जिसके कारण सीएम केजरीवाल समेत सरकार के शीर्ष मंत्रियों की गिरफ्तारी हुई है। दिल्ली जल बोर्ड में वित्तीय अनियमितताओं के हालिया खुलासे और 2021-22 और 2022-23 की इसकी बैलेंस शीट तैयार न होना जैसे मुद्दे इन समस्याओं की गंभीरता को दर्शाता है। इसके अलावा, दिल्ली सरकार पर केंद्र की कई कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में जानबूझकर बाधा डालने का आरोप है।

# दाखिले के लिए स्पेशल राउंड काउंसलिंग दो सितंबर से होगी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) में विभिन्न यूजी-पीजी प्रोग्राम में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा, यूनिवर्सिटी आधारित प्रवेश परीक्षा व सीयूईटी स्कोर के आधार पर दाखिले का अंतिम अवसर मिलने जा रहा है। इसके लिए आईपीयू की ओर से दो सितंबर से द्वारका कैंपस में स्पेशल राउंड के लिए ऑफलाइन काउंसलिंग शुरू की जा रही है। इससे पहले की काउंसलिंग प्रक्रिया से या प्रबंधन कोटे से दाखिला ले चुके आवेदक इस काउंसलिंग में भाग नहीं ले सकते।

# संसद आकर विकसित राष्ट्र की यात्रा देखें विद्यार्थी : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकसित भारत की यात्रा के दौरान हो रहे परिवर्तनों को देखने के लिए विद्यार्थियों को संसद में आने का निमंत्रण दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में ह्यविकसित भारत में महिलाओं की भूमिका पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत के विकास में महिलाओं का परिवर्तनकारी योगदान रहा है। शिक्षा उस ताले की चाबी है, जिसके माध्यम से प्रगति के द्वार खुलते हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने महात्मा गांधी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं, लेकिन अगर आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं। वर्तमान समय को भारत के इतिहास का निर्णायक क्षण बताते हुए उन्होंने सभी लोगों का आह्वान किया कि वे राष्ट्र की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरुक करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया।

# चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, करदाताओं की जातिगत गणना कराने की मांग



नई दिल्ली। पिछले दिनों विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव से पहले जाति जनगणना का मुद्दा तेजी से उछला था। कांग्रेस समेत विपक्षी दल जाति जनगणना के मुद्दे को जोर शोर से उठा रहे हैं। वहीं अब दिल्ली में व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने जाति जनगणना से संबंधित एक अलग मांग उठाई है। सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि जातिगत सर्वे के साथ यह डेटा भी इकट्ठा किया जाए कि किस जाति के लोग कितना टैक्स सरकार को देते हैं? इसे लेकर सीटीआई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। सीटीआई की तरफ से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी पत्र भेजा जाएगा। इस मांग के पीछे सीटीआई का मकसद है कि आखिर लोगों को पता चलना चाहिए कि अर्थव्यवस्था चलाने में किस जाति के लोगों की अहम भूमिका है? कौन सबसे अधिक टैक्स देता है? क्या सरकार उनके हितों को ध्यान में रखकर कोई नीति बनाती है? सरकार की आयकर नीति से लेकर स्वास्थ्य बीमा और लोगों को मिलने वाली सारी सरकारी सुविधाओं में किस जाति द्वारा सबसे ज्यादा राजस्व दिया जा रहा है और कौन सी जाति सबसे ज्यादा सुविधा का लाभ उठा रही है? सीटीआई महासचिव विष्णु भार्गव और गुरमीत अरोड़ा ने बताया कि सरकार के पास इनकम टैक्स और जीएसटी संबंधी सभी तरह का डेटा है। करदाताओं की सूची भी जाति आधारित जारी हो। आज तक यह पता नहीं चल पाया कि कौन सी जाति सरकार को कितना राजस्व देती है? जो भी जाति सबसे अधिक राजस्व देती है। उसके लिए भी नीतियां, बीमा, पेंशन, मेडिकल सुविधाएं होनी चाहिए। हजारों व्यापारियों ने सीटीआई की मांग पर जताई सहमतिः बृजेश गोयल ने कहा कि व्यापारिक संगठन होने के नाते हम ऐसी मांग कर रहे हैं। ट्रेडर्स कम्युनिटी में इस पर कई दिनों से जोरों की चर्चा चल रही है। हजारों व्यापारियों ने सीटीआई की इस मांग पर सहमति जताई है।

# कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने नायक समाज बाबा रामदेव शोभा यात्रा के सफल आयोजन को लेकर की समीक्षा बैठक

## संबंधित विभागों और एजेंसियों को साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने नीम वाला चौक नबी करीम से सदर थाना चौक तक निकलने वाली आगामी नायक समाज बाबा रामदेव शोभा यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मंत्री ने 05 सितंबर को निकाली जाने वाली बाबा रामदेव शोभा यात्रा के दौरान जरूरी और बुनियादी सेवाएं उपलब्ध करने की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों और एजेंसियों को साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
इस बैठक में राजस्व विभाग, एमसीडी, डीजेबी, बीएसईएस, डीयूएसआईबी, पीडब्ल्यूडी और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। शोभा यात्रा को संचालित करने वाली नायक समाज बाबा रामदेव शोभा यात्रा संस्था, दिल्ली प्रदेश के पदाधिकारी ललित मलखट (अध्यक्ष), धर्मेंद्र महावर, दिलावर मलखट, बिरजू नायक, अजय नायक, योगेन्द्र, सतपाल, अनिल, रवि पहलवान, गौरव, सुनील नायक, रवि वीडिया, विशाल, इंदर नायक, विशाल मलखट, सुरेश सिसोदिया, धरमचंद, सोनू नायक, रवि नायक, सत्यवान चौहान, सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह शोभा यात्रा नीम वाला चौक नबी करीम, राम नगर, आराकाशा रोड, मोतिया खान, झंडेवालान रोड, ईदगाह रोड और सदर थाना चौक क्षेत्र होकर गुजरेगी। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने अधिकारियों को जिन इलाकों से होकर शोभा यात्रा गुजरेगी, वहां की सड़कों पर पर्याप्त स्वच्छता और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को इन क्षेत्रों में पेड़ों की शाखाओं की छंटाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और सड़कों की मरम्मत और रखरखाव को भी युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने एमसीडी और पीडब्ल्यूडी को शोभा यात्रा मार्ग की सड़कों के साथ साथ गड्ढों और फुटपाथ की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए।
साथ ही मंत्री इमरान हुसैन ने डीजेबी और एमसीडी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर ड्रेनेज रखरखाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि जलभराव से बचा जा सके। खासकर बरसात के मौसम को देखते हुए क्षेत्र में गंदगी का निपटान सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने डीजेबी को शोभा यात्रा के दौरान प्रमुख स्थानों पर पानी के टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने शोभा यात्रा के दिन यात्रा मार्ग में टॉयलेट ब्लॉक्स की व्यवस्था करने के लिए डीयूएसआईबी के अधिकारियों को निर्देश दिया। बीएसईएस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि एरिया में कोई भी बिजली का तार नीचे लटकता न पाया जाए। साथ ही क्षेत्र में बंद पड़ी स्ट्रीट व मास्ट लाइटों को भी बहाल किया जाए। बैठक के दौरान मंत्री ने दिल्ली पुलिस और एरिया एसडीएम को आगामी नायक समाज बाबा रामदेव शोभा यात्रा के दौरान क्षेत्र में पुलिस कर्मियों, डीडीएमए की टीम और सिविल वालंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक विभाग को शोभा यात्रा के दौरान सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

# बंद कमरे से मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के प्रेम नगर थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना क्षेत्र के अगर नगर इलाके के एक घर से शुक्रवार सुबह तेज बदबू आने लगी। जैसे ही आसपास के लोगों को बदबू लगी तो लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हुई। वहां एक व्यक्ति का शव पड़ा था। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 35 साल के रिंकू के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने बताया कि वह सिलाई का काम करता था और कभी कभार ही घर आता था। घर में अकेला ही रहता था। हालांकि, वह शादीशुदा था और इसके बच्चे भी थे। फिलहाल अभी यह कह पाना मुश्किल है कि ये हत्या है या आत्महत्या या फिर कोई हादसा। क्योंकि जिस परिस्थिति में शव बरामद किया गया है वह जांच का विषय है। लिहाजा पुलिस की जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि आखिर ये पूरा मामला है क्या? हालांकि जिस तरह से शव से बदबू आ रही थी उससे यह आशंका जताई जा रही है कि करीब दो से तीन दिन पहले इसकी मौत हुई होगी। बहरहाल इस संबंध में अभी तक पुलिस की तरफ से कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

संसद आकर विकसित राष्ट्र की यात्रा देखें विद्यार्थी : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विकसित भारत की यात्रा के दौरान हो रहे परिवर्तनों को देखने के लिए विद्यार्थियों को संसद में आने का निमंत्रण दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कॉलेज में ह्यविकसित भारत में महिलाओं की भूमिका पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत के विकास में महिलाओं का परिवर्तनकारी योगदान रहा है। शिक्षा उस ताले की चाबी है, जिसके माध्यम से प्रगति के द्वार खुलते हैं। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने महात्मा गांधी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली–56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर दो पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नई दिल्ली–पलवल खंड पर स्तर पार करना 568 किमी 1485/6–8 के स्थान पर दो लेन आरओबी के लॉन्चिंग आदि सहित अधिरचना भार (superstructure portion) का निर्माण |
| अनुमानित लागत | रू 1306.85 लाख |
| धरोहर राशि | रू 803400/– |
| कार्य पूरा करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने के 12 माह के अन्दर। |
| रेलवे की वैब साईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 10.09.2024 से 24.09.2024 तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदाकर्ता दिनांक 10.09.2024 से 24.09.2024 समय 11.30 वैब साईट से अपलोड कर सकते हैं। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरंत पश्चात् दिनांक 24.09.2024 को 11.30 तक |

संख्या: 408–एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक: 29.08.2024 2696/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 31 अगस्त, 2024

# अदालत एमसीडी वार्ड समिति का चुनाव स्थगित करने के पक्ष में नहीं, आप पार्षदों ने याचिकाएं वापस लीं

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी (आप) के दो पार्षदों ने शुक्रवार को अदालत में दायर अपनी उन याचिकाओं को वापस ले लिया जिसमें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) वार्ड समिति के चुनाव को स्थगति करके फिर से चुनाव कार्यक्रम निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। उच्च न्यायालय के यह संकेत देने पर कि वह किसी तरह की राहत देने के लिए इच्छुक नहीं है, दोनों पार्षदों ने याचिकाएं वापस ले लीं।
उन्होंने चुनाव पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया था कि 12 क्षेत्रीय वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा एमसीडी की स्थायी समिति के लिए प्रत्येक समिति से एक-एक सदस्य के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया था। एमसीडी की क्षेत्रीय स्तर की वार्ड समिति के चुनाव चार सितंबर को होने हैं और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त है।
न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कौरव ने कहा, ह्यह्ययह एमसीडी आयुक्त द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम है। न्यायालय बीच में आकर आयुक्त को किसी विशेष तरीके से कार्यक्रम निर्धारित करने का निर्देश नहीं दे सकता। अगर आप ईमानदार हैं और चुनाव लड़ना चाहते हैं, तो आपको निगम जाना चाहिए था। आपको न्यायालय आने के बजाय वहां (निगम कार्यालय) उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिए थी। आपका अनुरोध बहुत ही असामान्य है। मैं इसके प्रति इच्छुक नहीं हूं।
लगभग 45 मिनट की सुनवाई के बाद, जब अदालत ने संकेत दे दिए कि वह कोई राहत देने के पक्ष में नहीं है तो दोनों पार्षदों के वकील ने अपनी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। न्यायाधीश ने कहा, हां हां, शत प्रतिशत मैं इसके प्रति इच्छुक नहीं हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है।
दक्षिण पुरी वार्ड से आप पार्षद प्रेम चौहान और डाबरी वार्ड से तिलोत्तमा चौधरी ने याचिकाएं दायर की थीं। चौहान ने दावा किया कि वह अस्वस्थ और अनिच्छुक हैं, जबकि चौधरी ने कहा कि वह फिलहाल दिल्ली से बाहर हैं और उनके पास इंतजाम करने और कागजी कार्रवाई करने के लिए समय नहीं है।
चौहान की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि वह लंबे समय तक चुनाव स्थगित करने की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि सिर्फ दो से तीन दिन और देने का आग्रह कर रहे हैं। चौहन की तरफ से पेश अधिवक्ता मेहरा ने कहा, ह्यह्यमैं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के पक्ष में हूं और चाहता हूं कि अधिकतम भागीदारी हो। मैं पार्षद हूं और चुनाव लड़ना चाहता हूं। नामांकन आज से शुरू हो रहे हैं और आज शाम को ही समाप्त हो जाएंगे। मैं अस्वस्थ हूं और मुझे दो-तीन दिन चाहिए। उन्होंने कहा कि राजधानी में 250 पार्षद हैं।
इस पर न्यायाधीश ने कहा कि अदालत आने के बजाय उन्हें नामांकन पत्र लेने के लिए निगम जाना चाहिए था और उन्हें यह बताना चाहिए था कि वह अस्वस्थ हैं तथा आयुक्त किसी तरह से उन्हें राहत देंगे। अदालत ने कहा कि वह निगम को चुनाव प्रक्रिया के लिए तय की जाने वाली समय अवधि के बारे में निर्देश नहीं दे सकती है और यह एमसीडी प्रमुख को तय करना है। निगम ने काफी समय से लंबित वार्ड समिति चुनाव की तारीख की घोषणा 28 अगस्त को कर दी। स्थायी समिति के गठन के लिए वार्ड समिति का चुनाव कराना जरूरी है जो नगर निगम की निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। स्थायी समिति पांच करोड़ रुपये और उससे अधिक के खर्च वाले प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

# बांग्लादेश हिंसा में मरने वाले हिंदुओं को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



बांग्लादेश में हिंसा के दौरान मारे गए हिंदुओं को दिल्ली संत महामंडल की ओर से शुक्रवार को पहाड़गंज स्थित उदासीन आश्रम में श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद संतों की सभा हुई। आचार्य महामंडलेश्वर बालकानंद महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से हिदुओं को निशाना बनाकर उनकी हत्या और लूटा गया, उससे हर हिंदू आक्रोषित है। भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार पर राजनैतिक दबाव बनाकर वहां रहने वाले हिंदुओं की रक्षा करनी चाहिए।
उदासीन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी राघवानंद महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे हर हिंदू चिंतित है। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हिंसा पर विश्व के सभी देश चुप रहे और किसी ने विरोध तक नहीं किया। इस सबका कारण यह है कि हिंदू जातियों में बंटा हुआ है। जातियों में बंटा होने के कारण ही उसे कमजोर माना जाता है। भेदभाव को मिटाकर एकजुट होना होगा और इसके लिए संतों को आगे आना होगा।
संस्था के महामंत्री महामंडलेश्वर नवल किशोर दास महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में दुकानों व मकानों को ही नहीं मंदिरों तक को जलाया जा रहा है। ऐसे में भारत सरकार को हिंदुओं की रक्षा करनी चाहिए। संस्था के संगठन मंत्री महामंडलेश्वर कंचन गिरी महाराज ने कहा कि हिंदुओं की रक्षा के लिए भारत सरकार को वहां सरकार व सेना के अधिकारियों से सीधे बात करनी चाहिए। उन्हें स्पष्ट बता देना चाहिए कि यदि हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रूके तो भारत को सख्त कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।
विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कपिल खन्ना ने कहा कि बांग्लादेश को यह बात स्पष्ट बता देनी चाहिए कि यदि हिंदुओं के साथ भविष्य में ऐसा करने की हिम्मत भी की गई तो भारत सख्त कदम उठाने को मजबूर होगा।

# दिल्ली में लगागार बारिश से तामपान में गिरावट

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



राजधानी में गुरुवार को भी दिनभर हल्की बारिश होती रही, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। वहीं शुक्रवार के लिए भी हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना जताई गई है। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। आज सुबह दिल्ली का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले गुरुवार को बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान दिल्ली में अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं लोग जलभराव व जाम की समस्या से भी जूझते नजर आए।
केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार सुबह औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 96 दर्ज किया गया। वहीं एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 84, गुरुग्राम में 90, गाजियाबाद में 86, ग्रेटर नोएडा में 130 और नोएडा में एक्यूआई 86 दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली के इलाकों की बात करें तो आईटीओ में 194, नॉर्थ कैंपस 120, अशोक विहार में 137, जहांगीरपुरी में 161, रोहिणी में 106, वजीरपुर में 123, आनंद विहार में 170, बुराड़ी क्रॉसिंग में 146 और न्यू मोती बाग में एक्यूआई 191 दर्ज किया गया। इसके अलावा अलीपुर में 54, शादीपुर में 70, एनएसआईटी द्वारका में 45, आरके पुरम में 78, पंजाबी बाग में 88, मंदिर मार्ग में 58, आया नगर में 58, आईजीआई एयरपोर्ट में 90, पूसा में 86, पटपड़गंज में 81, द्वारका सेक्टर 8 में 90, नेहरू नगर में 82, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 89, नजफगढ़ में 76, मुंडका में 89, दिलशाद गार्डन 69, चांदनी चौक में 85 और डीटीयू में एक्यूआई 88 दर्ज किया गया है।

# साढ़े 6 साल की बच्चीध के मौसा-मौसी ने रची कडिनैपगि की खौफनाक साजशि, दिल्ली पुलसि ने नेपाल बॉर्डर से किया रेस्क्यू

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली पुलसि की टीम ने भारत-नेपाल बॉर्डर से एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कयिा है। सेंट्रल जलिा डीसीपी एम. हर्षवर्धन के मुताबकि, 27 अगस्तय को आईपी इस्टे ट थाने में शकायितकर्ता ने अपनी साढ़े 6 साल की बेटी के कडिनैप होने की शकायित दर्ज करवाई थी। शकायितकर्ता ने बताया था कि उसकी बेटी रात करीब 8 बजे जनरल स्टोर जाने के लएि घर से नकिली थी, लेकनि वह न तो जनरल स्टोकर पहुंची और न ही घर वापस लौटी।
डीसीपी ने आगे बताया कि उसकी बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया होगा। इस शकियात पर आईपी इस्टे ट थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। बाद में शकायितकर्ता को व्हाट्सएप पर एक मलेशियाई नंबर से फिरौती के लिए वॉयस मैसेज मिला। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को नेपाल बॉर्डर से गरिफ्तार कयिा है। आरोपयिों की पहचान कृष्ण (35) (मूल नवासिी-सीतामढी, बिहार), शाहिदा (29), अलीपुर (दिल्ली), पिंटू (24) डेमहुआ, (सीतामढी), सुशील (23) भवानीपुर, (सीतामढी) और सुनीता (36) परिहार गांव (सीतामढी) के रूप में हुई है।
एडशिनल डीसीपी-1 सचनि शर्मा ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग बच्ची को छुड़ाने और अपहरण में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू की। टीम ने आरोपयिों का पता लगाने के लिए 300 से ज्यूादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया। शकायितकर्ता को जसि नंबर से मैसेज आया था टीम ने उसका टेक्नीकल वश्लिेषण किया। विदेशी नंबर के तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि मामले का सीतामढ़ी बिहार कनेक्शन है। स्थानीय खुफिया जानकारी और फैमली मैंबर्स के साथ बातचीत करने के बाद पता चला कि बच्ची का एक रिशतेदार सीतामढी जिले का भी रहने वाला है।
पूछताछ के दौरान कृष्ण गोलमोल जवाब दे रहा था। निरंतर पूछताछ पर उसने खुलासा किया कि उसने और उसकी पत्नी और उसके तीन अन्य दोस्तों पिंटू, सुशील और सुनीता ने नाबालिग लड़की के अपहरण की योजना बनाई थी। उन्होंने आगे खुलासा किया कि शाहिदा ने लड़की को चॉकलेट का लालच दिया और पास की एक दुकान में ले गई। जहां कुछ दूरी पर एक स्कॉर्पियो कार थी, जिसमें पिंटू, सुशील और सुनीता बैठे थे। वहां कृष्ण और शाहिदा ने लड़की को उनको सौंप दिया, जो लड़की को बिहार ले गए।
इसके बाद टीम ने सभी संदिग्धों के कॉल डिटेल्स का टेक्नीकल विश्लेषण किया, जिसके जरएि पता चला कि नाबालिग लड़की को सीतामढ़ी के रास्ते नेपाल ले जाया जा रहा है। इसके बाद टीम के सदस्यों ने भारत-नेपाल बॉर्डर पर पिंटू, सुशील, सुनीता और ड्राइवर लल्लन को नाबालिग लड़की के साथ पकड़ लिया। जांच के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वे लड़की को नेपाल में पिंटू के मामा के घर ले जा रहे थे। उन्होंने फिरौती के लिए लड़की को कडिनैप कयिा था। क्योंकि लड़की के चाचा शकील अंसारी पर कृष्ण का कर्ज था। पुलसि टीम ने कुछ और लोगों को भी हिरासत में लिया है। उनसे मामले में उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# केंद्र ने अंग, ऊतक प्रत्यारोपण के लिए एक राष्ट्र-एक नीति अपनाई : चांगसन



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

भारत सरकार ने अंग दान और प्रत्यारोपण के लिए एक राष्ट्र-एक नीति की नीति अपनाई है। केंद्र इस मामले में राज्यों के साथ परामर्श प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एल एस चांगसन ने शुक्रवार को यह बात कही। चांगसन ने कहा, अंग दान को हमारे लिए जीवन का एक तरीका बनाने की जरूरत है, ताकि हम अंग विफलता से पीड़ित लोगों को नया जीवन दे सकें।
चांगसन ने यहां भारत में प्रौद्योगिकी, प्रक्रियाओं एवं विधान के संदर्भ में अंग और ऊतक दान तथा प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुधार विषय पर विचार-विमर्श का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में अंग दान के महत्व पर प्रकाश डाला है। मोदी ने इस तथ्य पर जोर दिया है कि मृत्यु के बाद अंग दान करने वाला एक व्यक्ति विभिन्न अंग विफलताओं से पीड़ित आठ रोगियों को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने देश में अंग दान की बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए मृत व्यक्तियों से अंग दान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। चांगसन ने कहा कि मंत्रालय का ध्यान अंग प्रत्यारोपण के लिए बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षित जनशक्ति की उपलब्धता में सुधार करना है, खासकर सरकारी संस्थानों में। केंद्र ने पहले ही ह्यअंगदान जन जागरूकता अभियान शीर्षक के तहत अंगदान जन जागरूकता अभियान शुरू किया है, जो कई राज्यों और संस्थानों में सक्रिय रूप से चल रहा है।
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल ने कहा कि एनओटीटीओ ने भारत में अंग और ऊतक प्रत्यारोपण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय राजधानी में चल रहा विचार-विमर्श व्यवस्थाओं को लागू करने के लिए आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करता है। हमारे देश में दान यानी परोपकार की परंपरा रही है। जबकि हमारे पास जीवित दान है, हमें सरकारी और निजी अस्पतालों दोनों में मृतक दान को यथासंभव प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।
कानूनी सुधार को कई विषयों पर होगी चचार्: दो दिवसीय चिंतन शिविर में अंगदान और प्रत्यारोपण से संबंधित दस महत्वपूर्ण विषयों और विभिन्न उप-विषयों पर चर्चा की जाएगी। चिंतन शिविर का उद्देश्य अंगदान और ऊतक दान तथा प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुधारों पर चर्चा करना है, साथ ही प्रौद्योगिकी में प्रगति की खोज और चर्चा करना है जिससे अंगदान और आवंटन प्रक्रियाओं में सुधार हो सके। इसका उद्देश्य अंगदान और प्रत्यारोपण से संबंधित मौजूदा कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए विधायी सुधारों के लिए सिफारिशें प्रस्तावित करना है।

# मेयर शैली ओबरॉय ने की निगम पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक



नई दिल्ली। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने सेंट्रल जोन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा और संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए निगम पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक की। इस बैठक में उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और नागरिकों से संबंधित समस्याओं के विषय में जानकारी ली। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपायुक्त एंजेल भाटी और अन्य वरिष्ठ जोनल अधिकारी भी उपस्थित रहे। पार्षदों ने मेयर को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जैतपुर में स्थानीय पार्षद ने मांस की अवैध दुकानों की बढ़ती हुई संख्या की समस्या से मेयर को अवगत कराया। वहीं मेयर ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि मांस की अवैध दुकानों का सर्वे करें और इन दुकानों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करें। साथ ही अधिकारियों को आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के प्रयास करने के भी निर्देश दिए। जोन के अधिकतर पार्षदों ने कूड़े उठाने वाले ऑटो टिपरों की संख्या कम होने की भी शिकायत की। उन्होंने कूड़ा उठाने वाली एजेंसी के कामकाज को लेकर नाराजगी जाहिर की। इस संबंध में मेयर ने कहा कि वह सफाई व्यवस्था को लेकर बेहद गंभीर हैं। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिए कि जोन की सफाई व्यवस्था में आ रही समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। इसके अलावा मेयर ने पार्कों की रखरखाव संबंधी शिकायत पर कहा कि सभी वार्डों में जरूरत के मुताबिक मालियों की तैनाती की जाए, ताकि पार्कों का सही तरीके से रखरखाव किया जा सके। इसके अलावा मेयर ने डार्क स्पॉट की पहचान कर वहां स्ट्रीट लाइट लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। साफ सफाई के मुद्दे पर कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी पार्षदों के साथ समन्वय बनाकर काम करें लोगों की समस्याओं का निपटारा किया जा सके।

## विरासत संरक्षण के लिए अंबेडकर विश्वविद्यालय ने की साझेदारी

नई दिल्ली। डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय ने विरासत संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस संबंध में समझौतापत्र पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। साझेदारी के जरिए विरासत दस्तावेजीकरण, प्रशिक्षण, संग्रह, क्षमता निर्माण, संरक्षण और बहाली के क्षेत्रों में आपसी सहयोग के लिए व्यापक ढांचे की रूपरेखा तैयार की जाएगी। समझौते के माध्यम से अकादमिक अनुसंधान को व्यावहाकि क्षेत्र के अनुभव के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे छात्रों को अपने सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में लागू करने के लिए अवसर मिलेगा। समझौता पत्र को कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर और डीडीए उपाध्यक्ष सुभाशीष पांडा व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप दिया।

# जंतर-मंतर पर 360 गांवों की महापंचायत होगी

नई दिल्ली। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं के मुद्दे को लेकर 15 सितंबर को जंतर-मंतर पर दिल्ली के 360 गांवों की महापंचायत होगी। पालम 360 खाप के प्रमुख सुरेंद्र सोलंकी की अध्यक्षता में बवाना गांव में हुई बैठक में अलग-अलग गांवों के प्रधानों ने यह फैसला लिया। सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि गांवों के प्रतिनिधियों और प्रधानों ने महापंचायत करने का निर्णय किया है। इसमें शहर के ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े ग्यारह प्रमुख मुद्दों को उठाया जाएगा। दिल्ली में ऐसा कानून लागू है, जो पूरे देश में कहीं नहीं है। दिल्ली भूमि सुधार (डीएलआर) अधिनियम में संशोधन की मांग है। शहर के गांवों की जमीन बहुत कम कीमत पर अधिग्रहित की गई। बदले में गांवों को बुनियादी नागरिक सुविधाएं ठीक से नहीं दी गई हैं। जिससे मूल निवासी दयनीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं। प्रमुख मांगों में भूमि का म्यूटेशन शुरू करना, मास्टर प्लान 2041 को लागू करना, धारा 74/4 के तहत गरीब किसानों को भूखंड और कृषि भूमि का आवंटन करना शामिल है। यह मांगे बहुत लंबे समय से लंबित है। इससे भूमिहीन किसानों का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुद्दों में सरकार द्वारा अधिग्रहित कृषि भूमि के बदले वैकल्पिक भूखंडों का आवंटन और शहर के गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास की कमी के कारण कई अन्य नागरिक समस्याएं भी शामिल हैं। गांवों में चल रही सीलिंग को रोकने और स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक देने की भी मांग है। शहरीकरण के नाम पर गांव अब गांव नहीं रह गए हैं।

# चुनाव से पहले दिल्ली के 98 एहडॉक दानक्सि अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




अगले साल 2025 में वधिानसभा चुनाव होने जा रहा है। ऐसे में केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार के अफसरों को लेकर बड़ा फैसला लयिा है। दल्लिी सरकार की बैकबोन माने जाने वाले एडहॉक दानक्सिड अधिकारियों को लेकर गृह मंत्रालय की ओर से अहम नर्णिय लयिा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 98 एहडॉक दार्नाक्सि अधिकारियों को दार्नाक्सि अधकारी बनाने के आदेश जारी कर दएि हैं।
लंबे समय से एडहॉक दार्नाक्सि से दानक्सिी बनने की बाट जोहने वाले 319 अधकारियों की लस्टिए में से 98 एहडॉक दानक्सि अधिकारियों को दानक्सि बनाने की लस्टि जारी कर दी गई है। यह सभी वो अधिकारी हैं, जो दल्लिी सरकार के सर्वि सेज वभिाग और गृह मंत्रालय को सहमर्तादे चुके हैं कि उन्हें दानक्सि कैडर में प्रमोट होने पर यूटी कैडर में दल्लिीा से बाहर भेजे जाने पर ऐतराज नहीं होगा।
दरअसल, दल्लिीह सरकार में बड़ी संख्या में दास कैडर कहलाने वाले एडहॉक दानक्सि अलग-अलग वभिागों में खास जम्मिेकदारयिां संभाल रहे हैं। लंबे समय से यह अधिकारी दिल्ली सरकार के तमाम विभागों में एडहॉक दानक्सि के तौर पर ही सेवाएं देते आ रहे हैं। बहुत से अधकारी एडहॉक दानक्सिक से दानक्सि में इंडक्टव न होने के चलते रटिायर भी हो चुके हैं। उन्हें इंडक्टक (समाहति/प्रमोट) करने की मांग समय समय पर की जाती रही है। इसको लेकर कई कमेटयिां भी बनाई गईं, लेकनि मामला सालों से लटका रहा। सूत्रों की मानें तो मौजूदा चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार के कार्यकाल में इस मामले में रफ्तार पकड़ी, जसिके बाद अब गृह मंत्रालय ने 98 फीडर कैडर ऑफसिर्स (एहडॉक दानक्सि अधकारी) को दानक्सिट कैडर में समाहित (इंडक्ट) करने का आदेश जारी किया है।
एंट्री ग्रेड सर्विस के लिए मलिा प्रमोशनः केंद्रीय गृह मंत्रालय की यूटी डिविजन के सचिव कल्पेश्वर मिश्रा की ओर से 29 अगस्त को एक आदेश जारी किया गया है, जिसमें 98 फीडर कैडर ऑफिसर्स की लिस्ट जारी की गई है। इनको अब इस श्रेणी से नकिालकर दानक्सि कैडर के एंट्री ग्रेड में प्रमोट कयिा गया है। यानी अब इन अफसरों के पद में लगने वाले ह्यएडहॉकह्न शब्दि को निकाल दयिा गया है। अब यह सीधे तौर पर दानक्सिं अफसर बना दएि गए हैं। डिपार्मेंटल प्रमोशन कमेटी की प्रमोशन सिफारिश के आधार पर 2019 से 2024 के बीच की वैकेंसी में इन सभी फीडर कैडर ऑफिसर्स को दिल्ली सरकार में दानिक्सस कैडर के एंट्री ग्रेड सर्विस के लिए प्रमोशन मलिा है।
यह भी जानेंः यह सभी फीडर कैडर ऑफिसर्स (एडहॉक दानक्सिं) को 2019 से लेकर 2024 के बीच में अलग-अलग सालों के लिए दानक्सिस कैडर के एंट्री ग्रेड में पे स्केगल के पे मैट्रिक्स लेवल-8 पर रेगुलर आधार पर तत्काल प्रभाव से नियुक्त कर प्रमोशन दयिा गया है। यह आदेश नेशनल बेसिस पर 1 जुलाई से पैनल एयर के मुताबिक प्रभावी माना जाएगा। यानी जिस साल से इन अधिकारियों को दानक्सिई अधिकारी के रूप में इंडक्ट किया गया है, वह संबंधति कैलेंडर ईयर की एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। ये अधिकारी हैं शामिलः बताते चलें कि दिल्ली सरकार में बड़ी संख्या में फीडर कैडर ऑफिसर्स यानी दास कैडर के एडहॉक दानक्सिे अधिकारी अलग-अलग विभागों में अहम जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। इनमें डिप्टी सेक्रेटरी से लेकर एडिशनल डायरेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, सब रजिस्टार एवं अन्य तरह के अहम पद प्रमुख रूप से शामलि हैं। यह सभी अधिकारी दिल्ली सरकार के गठन के बाद से ही अपनी जिम्मेदारियां एडहॉक दार्नाक्सि के तौर पर निभाते आ रहे हैं। इन सभी को दानक्सिम कैडर में प्रमोट करने के लंबे समय से प्रयास भी किए जाते रहे हैं।
किए गए काफी प्रयासः दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार के पद संभालने के बाद से, इन अधिकारियों की ओर से लगातार दबाव बनाया जाता रहा है। इसके बाद बाद मुख्य सचिव ने भी इन अधिकारियों के पदों की गरिमा, महत्ता, उपयोगति और जिम्मेदारियों को गंभीरता से समझते हुए इनको दानिक्सा कैडर में इंडक्ट कराने के लिए प्रशासनकि तौर पर बड़े प्रयास भी कएि। उनकी तरफ से लगातार भेजी जाने वाली रिपोर्ट्स और सिफारिशों के बाद अब गृह मंत्रालय की ओर से दानक्सि कैडर में पदोन्नसत कएि गए 98 अधिकारियों की सूची जारी की गई है। अधिकारियों ने जताई सहमतिः सूत्र बताते हैं कि यह सूची उन सभी अधिकारियों की जारी की गई है जोकि फीडर कैडर ऑफिसर्स से दानिक्से में इंडक्ट होने के लिए अपनी सहमति विभाग को जता चुके हैं।

# दिल्ली पुलिस की साइबर टीम ने चलाया स्पेशल साइबर ऑपरेशन, राजस्थ्ान, झारखंड, महाराष्ट्र समेत 6 राज्यों से 18 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली में आए दनि साइबर क्राइम से जुड़े धोखाधड़ी, जालसाजी, ऑनलाइन ट्रेडिंग में इन्वेोस्टशमेंट के नाम पर ठगी करने से जुड़े मामलों सामने आ रहे हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से इन मामलों को रोकने और कार्रवाई करने लएि हर जलि में अलग से एक-एक साइबर थाने भी बनाए हुए हैं। जलि की साइबर पुलसि इन साइबर क्रिसमनलि को पकड़ने के लएि लगातार छापेमारी भी कर रही है। इस कड़ी में दिल्ली पुलिस के साइबर साउथ वेस्ट डिस्ड्रिनक्टग की तरफ से सप्तीाहभर के लएि ह्यस्पेशल साइबर ऑपरेशनह्न भी चलाया गया है जसिमें उसको बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। साइबर टीम ने खासकर 6 अलग-अलग मामलों को लेकर कई राज्यों में छापेमारी की जिसमें 18 साइबर क्रिटमनिलों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।
दल्लिीा पुलसि के साउथ वेस्टह जलिा डीसीपी रोहति मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रें स में बताया, अगस्तल माह की शुरूआत में साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन फजीर्वाड़े को रोकने के लएि स्पेरशल साइबर ऑपरेशन चलाया गया। कई राज्योंड खासकर पर्शो्.म बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र आदि राज्यों में साइबर क्रि मनिल्सध के खलिाफ कार्रवाई की जा रही हैं। गरिफ्तार आरोपयिों के लक्सिा को भी तलाश जा रहा है। 18 आरोपयिों की गरिफ्तारी अब तक अलग-अलग राज्यों से की जा चुकी है। वहीं, इन राज्यों से और गरिफ्तारी भी हुईं जनिको ट्रेन के जरएि दल्लिी का लाने का काम कयिा जा रहा है। डीसीपी मीणा ने बताया कि आरोपयिों में ज्यायदातर अंडर ग्रेजुएट और हाल फलिहाल में ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने वाले ज्याबदा शामलि हैं। वहीं, तीसरी से लेकर 12वीं कक्षा की पढ़ाई करने वाले लोग भी इस ठगी के गोरखधंधे में संलप्तिं हैं जोकि ग्राहकों से कसि तरह से बात करनी हैं, उसके लिए खुद को पेश करने के लएि तैयार करते हैं। इस तरह के सडिकिट में हाइली टेक्निकल लोगों के शामिल होने की बात भी सामने आई हैं। डीसीपी ने बताया कि सोशल इंजीनियरिंग मेकैनिज्म के जरिए यह शातिर जलसाज एकाउंट्स डिटेल, उनके फोन नंबर्स और तमाम तरह की जानकारियां एकत्र कर लेते हैं। उसके बाद यह सभी अपने शिकार बनाते हैं और इसकी एक्सेल शीट स्पेशल ऑपरेशन के दौरान साइबर टीम को भी मिली हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी का एक डाटा सोर्स और एक्सेल शीट है। उन्होंकने यह भी बताया कि इन सब का एक सोर्स है, उसको लेकर अभी इन्वेस्टिगेशन की जा रही है। कई बार इन्वेस्टिगेशन के दौरान और छापेमारी में बैंक के कांट्रेक्चुअल एम्पलाई पकड़े गए हैं जोकि कई बार रकम पाने के चक्कर में इस तरह के लोगों को कस्टमर का डाटा शेयर करने में मदद करते हैं। डीसीपी ने बताया कि यह छापेमारी खासकर ऑनलाइन शेयर मार्केट इन्वेस्टमेंट, टेलीग्राम के जरिए घर से ऑनलाइन काम करने के नाम पर ठगी करने, फर्जी कस्टमर केयर नंबर चलाकर ठगी करने, 99 एकड़ ऐप और क्विक ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने और ड्राइव ट्रेक प्लस कार्ड (डीटीपी कार्ड- नया मोडसऑपरेंडी) जालसाजी से जुड़े 6 मामलों को लेकर की गई।

## महाराजा अग्रसेन कॉलेज में नए छात्रों का स्वागत



नई दिल्ली। महाराजा अग्रसेन कॉलेज में शुक्रवार दिन में नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य संजीव कुमार तिवारी ने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नए सत्र के छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलगीत के साथ की गई। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अकादमिक जीवन में कॉलेज के स्नातक के दिन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। स्कूल से कॉलेज की यात्रा की रोमांचक अनुभूतियों में विद्यार्थियों को विचलित हुए बगैर लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नई शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेल कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त सह शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से भी विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए प्रयासरत है। राजेन्द्र बिष्ट, प्रो. आभा मित्तल, डॉ. इंद्राणी गुप्ता व अन्य लोग भी इस मौके पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मकान खाली करवाने गई बुर्जुग महिला पर टांगी से किया हमला

जमुई [ झाझा ] अपने मकान को खाली करवाने के लिए गई एक बुर्जुग महिला पर कुछ लोगों के द्वारा लाठी, टांगी से हमला कर घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के सोहजाना मुहल्ले का है। घायल महिला की पहचान रेशमा देवी के रूप में हुई है जिसे उसके पोती करीना कुमारी ने लोगों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज किया गया। करीना कुमारी ने बताया कि मेरा दादा तीन भाई थे और सभी दादा के बीच बंटवारा भी हो गया। घायल छोटी दादी लखीसराय में रहती है उसके हिस्सें में बने मकान में बगलगीर अनिल यादव ने आठ साल पहले नया मकान बनाने का हवाला देते हुए छोटी दादी के मकान में छह माह के लिए शरण ले लिया और जब छह माह के बाद मकान खाली करने के लिए कहा गया तो हर बार वे टाल मटोल कर देते थे।

### जमीन विवाद में पिता पुत्र के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] जमीन विवाद को लेकर कौआटोल गांव में तीन लोगों के द्वारा पिता पुत्र के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घायल की पहचान एतवारी यादव और उसका बेटा वीरेंद्र यादव के रूप में हुई है। घायल पिता पुत्र को परिजनों ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉ. बीके राय के द्वारा इलाज किया गया लेकिन स्थिति नाजुक रहने पर दोनो को बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दियां।

# डीएम के निर्देश पर अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में आपदा-प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर (बिहार)। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना के द्वारा आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावकारी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह के निर्देश पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में प्राधिकरण के पीआरओ मुकुंद कुमार द्वारा बताया गया की 2018 में बीएसडीआरएन पोर्टल विकसित किया गया है। वर्ष 2023 में इसके प्रयोग को और सरल बनाने हेतु मोबाईल एप इ र ऊफठ एप विकसित किया गया है जिसे ऋङ्क्ष्ङ्क्ष्ँ ी ढ ँ८ र३ङ्क्षी से डाउनलोड किया जा सकता है। यह प्रणाली बहुत ही उपयोगी साबित हो सकती है। उन्होंने बताया कि बिहार मुख्य रूप से ग्रामीण पृष्ठ भूमि के साथ-साथ एक बहु आपदा प्रवण राज्य है। बिहार की भू-परिस्थिति की संरचना इसे अनेकों आपदाओं के प्रति संवेदनशील बनाती है। यहाँ रहने वाले लाखों लोगों का जीवन इन आपदाओं से प्रभावित होता रहता है। इस राज्य में विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं जैसे बाढ़, सुखाड़, भूकम्प, आग, चक्रवात, तूफान, सड़क दुर्घटना, भगदड़, महामारी, नौका दुर्घटनाओं, वज्रपात, तूफान, शीतलहर एवं गर्म हवाओं इत्यादि के कारण समय-समय पर बहुत अधिक जान-माल की क्षति होती है। इस प्रकार बिहार में प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ मानव-जनित आपदाएं और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रभाव देखने को मिलते हैं। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के कारण तीव्र मौसमीय गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलती है और उसके लिए पयार्वारण संवेदी उपायों को करने की आवश्यकता होती है।उन्होंने बताया कि आपदा पश्चात किये जाने वाले उपायों से आपदा पूर्व तैयारियों, बेहतर संस्थागत व्यवस्थाओं, अधिक जागरूकता और पहले से अधिक तैयारियों जैसे परिवर्तनों के साथ बिहार एक सुरक्षित राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में देश में अग्रणी होकर उभर रहा है।

प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के न्यूनीकरण एवं उनके प्रति तैयारियों को संस्थागत रूप देकर अधिक प्रभावशाली बनाने की दिशा में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अग्रसर है। इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का एक की स्थापना का उद्देश्य एक ऐसा राज्य स्तरीय तैयार करना है जो किसी आकस्मिकता या आपदा के प्रबंधन के समय विभिन्न हितभागियों एवं प्रशासन को उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्रदान करेगा। यह जानकारी राभी आपदा प्रबंधकों को विभिन्न स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी। इरअ्फ्ठ एक वेब आधारित प्लेटफार्म होगा जो विभिन्न उपकरणों, प्रशिक्षित मानवीय संसाधनों एवं अत्यावश्यक सामग्रियों की जानकारी आपदा रिस्पांस के लिए उपलब्ध करायेगा। इसका प्रमुख उद्देश्य आपदा के समय उपयोग होने वाले उपकरणों एवं मानव संसाधनों आदि के विषय में सही जानकारी उपलब्ध कराना है जिससे कि किसी भी आपदा का सामना किया जा सके। इसके माध्यम से विभिन्न जिलों में विभिन्न आपदाओं के प्रति तैयारियों का अनुमान भी लगाया जा सकेगा। इसके माध्यम से आपदा के तुरन्त बाद के समय में लोगों तक प्रभावी रिस्पांस एवं राहत पहुँचा कर उनकी जान बचायी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि की की जायेगी। इसमें कोई भी संस्था, संगठन, विभाग या व्यक्ति अपने पास उपलब्ध संसाधन जो बाढ़, सुखाड़, सड़क दुर्घटना, नाव दुर्घटना, भूकम्प आदि आपदाओं के समय त्वरित कार्रवाई के लिए प्रयोग में लाए जाऐंगे, को डेटा बेस में अंकित कर सकता है। जिससे की जिस किसी को चाहे वह जिला प्रशासन या कोई अन्य सरकारी संगठन हो अथवा कोई व्यक्ति विशेष हो इसे वेब पोर्टल से खोज कर प्राप्त कर सकता है। अपर समाहर्ता ने कहा कि यहां उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी से कहा कि आप सभी इसकी पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें ताकि इससे आपदा के समय किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में सहायक हो सके। साथ ही जिला से लेकर प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों का इस एप पर निबंधन किया जाना है, ताकि आपदा के वक्त विभिन्न संसाधनों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके।

# जिला स्तरीय कृषि टॉस्क फोर्स की बैठक हुई सम्पन




प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। जिला स्तरीय कृषि टॉस्क फोर्स की बैठक गुरुवार को समाहरणालय संवाद कक्ष जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खरीफ 2024 में अब तक जिले में 99.14 प्रतिशत फसल आच्छादन हो गया है। वर्तमान में जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, फिलहाल कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने उर्वरक की कालाबाजारी के रोकथाम के लिए नियमित छापेमारी करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना एवं आत्मा योजना अन्तर्गत प्रखंड स्तर पर मेला का आयोजन करें, ताकि किसानों एवं अन्य लाभुकों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। साथ ही खरीफ फसलों पर विशेष निगरानी रखने एवं किसानों को तकनीकी सलाह नियमित रूप से देने का भी निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मिट्टी के नमूनों का भी स-समय विश्लेषण कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के बीच वितरण करें, ताकि किसानों को मृदा स्वस्थ कार्ड का भी स-समय लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि फसलों के सिंचाई हेतु आवश्यकतानुसार डीजल अनुदान से भी अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी, मुंगेर को दुधारू पशुओं के योजनाओं का विस्तार करने हेतु जिले के सुदूर क्षेत्र के किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की बात कही। बैठक में जिला प्रबंधक, नाबार्ड, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, कृषि विज्ञान केंद्र, मुंगेर के वैज्ञानिक, सहायक निदेशक, रसायन, सहायक निदेशक, भूमी संरक्षण, सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, अभियंता, लघु सिंचाई, जीविका के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

# 70 सालों में तमाम पार्टियों ने मुसलमानों को ठगने का काम किया है : ताहिर सरदार




प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। एक दिवसीय लीडरशिप कांफ्रेंस की तैयारी को लेकर बांक पंचायत के अंतर्गत मुबारकचक गांव में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि मुबारकचक गांव के सरदार मो ताहिर एवं मो गालिब साहब थे बैठक की अध्यक्षता जन सुराज के संस्थापक सदस्य मोहम्मद सहाब मलिक ने किया इस बैठक में मोहम्मद ताहिर सरदार ने कहा है कि लगभग 70 सालों से तमाम सियासी पार्टी मुसलमानों को ठग ने का काम किया है आप मुसलमानों के हक हुकूक को दबाया गया और मुसलमानों को हमेशा धोखे में रखा गया आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर जी के बताए गए बातों को सुनकर हम तमाम गांव के लोग जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया मोहम्मद सहाब मलिक ने भी अपने संबोधन में कहा कि बिहार में प्रशांत किशोर जी ने सभी दबे कुचले लोग पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, महा दलित एवं मुसलमानों को अपने हक और हुकूक के बारे में पटना बुलाकर समय समय पर बुलाकर बतलाने का भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। सभी जाति धर्म के लोग को बापू सभागार में समय समय पर बुलाकर जनता से अपनी राय ले रहे हैं और आने वाले समय में जनता को भी अपने हक के बारे में बता रहे मलिक ने अपने तमाम मुसलमान भाइयों से नौजवानों से अपील किया कि कोई भी पार्टी मंदिर मस्जिद एवं धर्म के नाम पर वोट अब नही ले सकती है, आने वाले 1 सितंबर को तमाम बुद्धि जीवी मुसलमानों से अपील किया कि पटना के बापू सभागार पहुंचकर प्रशांत किशोर जी की बातों को सुनें और उनकी बातों को सुनकर आने वाले दिनों में अपने बच्चों के मुस्तकबिल को मजबूत करें इस बैठक में मुख्य रुप से मौलाना मोहम्मद रहमतुल्लाह रहमानी, मोहम्मद नोमान अख्तर, रवीश चंद्र मंडल, मोहम्मद हैदर फुटबॉलर, मोहम्मद अब्दुल्लाह, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद चांद, मोहम्मद महताब आलम, कई लोग मौजूद थे।

# मुंगेर में खेल - खिलाड़ी हैं भाग्य भरोसे : हरिमोहन सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर ।राष्ट्रीय खेल दिवस पर कई सारे देश में आयोजन हो रहा हैं लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्पोर्ट्स प्रमोटर बिहार के मुख्यमंत्री , उप मुख्यमंत्री , खेल मंत्री , समाज कल्याण मंत्री के हाथों सम्मानित हरिमोहन सिंह ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई सारी योजनाएं चला रही है । मुंगेर प्रमंडल होने के बावजूद यहां पर आज तक एक भी स्टेडियम , स्पोर्ट्स छात्रावास , खेल भवन सह व्यायामशाला , मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में से किसी भी एक चीज का निर्माण नहीं हो पाया । जबकि सभी जिलों में ये कब का बन चुका है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुशील मोदी जी से मिलकर भी इस संदर्भ में बात किया एवं आवेदन दिया था । मुंगेर के सैकड़ों सामान्य , दिव्यांग एवं महिला खिलाड़ी एथलेटिक्स , खो-खो , फुटबॉल , क्रिकेट , थ्रो बॉल , टैनीकोइट आदि खेलों में खिलाड़ी हमारे नेतृत्व में अन्तर्राष्ट्रीय , राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रौशन कर चुके हैं , पर अफसोस की बात है कि इसके आयोजन के लिए इनको बढ़ावा देने के लिए जिले में समुचित व्यवस्था नहीं है । जिले में मैं अक्सर खेलों का आयोजन करता रहता हूं , खिलाड़ियों को ठहराने , खेल आयोजन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

गरीब घर के होनहार प्रतिभाशाली खिलाड़ी मजबूरी में बीच में ही अपनी खेल को छोड़ने को आज विवश होते हैं। सामाजिक , राजनीतिक एवं प्रशासनिक स्तर से ध्यान देने की इसमें सख्त जरूरत है , जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके।

# राजमणि महाविद्यालय गिद्धौर से अज्ञात अपराधियों ने लिप्टस के 40 पेड़ काटे, जांच में जुटी पुलिस

## राजमणि महाविद्यालय के प्राचार्य ने थाना में दिया लिखित आवेदन, लगायी न्याय की गुहार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। थाना क्षेत्र के राजमणि महाविद्यालय परिसर से एक रात में अज्ञात अपराधियों ने परिसर में लगे 40 लिप्टस के पेड़ को काट लिया। जिसको लेकर प्राचार्य सह विद्यालय के सचिव रामकिशोर सिंह के द्वारा गिद्धौर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। लेकिन पुलिस की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। बताया जाता है कि देर रात अज्ञात अपराधियों ने राजमणि महाविद्यालय परिसर में घुसकर कटर मशीन के जरिए परिसर में लगे एक-एक कर 40 लिप्टस के पेड़ को काट लिया। मामले की जानकारी प्राचार्य को सुबह में हुई जिसके बाद उनके द्वारा एक आवेदन गिद्धौर थानाध्यक्ष को देते हुए प्राथमिकी दर्ज कर पूरे मामले की जांच करने की बात कही है। प्राचार्य को आशंका है कि स्थानीय बदमाशों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि एक रात में 40 पेड़ काटे जाने के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा होने लगा है। बता दें कि गिद्धौर थाने से महज 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित राजमणि महाविद्यालय परिसर में बदमाश पहुंचते हैं और कटर मशीन के जरिए एक-एक कर एक नहीं बल्कि 40 पेड़ को काटकर काफी आसानी से बड़े वाहनों के जरिए गुप्त ठिकाने तक पहुंचा दिया जाता है। लेकिन इसकी भनक स्थानीय थाने के पुलिस को नहीं लग पाती है। बता दें कि गिद्धौर में इन दिनों चोरों का आतंक देखने को मिल रहा है। बीते एक सप्ताह में दो घर व एक मंदिर को निशाना बनाने के बाद चोरों ने अब महाविद्यालय में लगे 40 पेड़ को काटकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। वही पूरी घटना को लेकर राजमणि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकिशोर सिंह ने एसपी को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। वही गिद्धौर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। विद्युत ऊर्जा चोरी करने के संबंध में बुधवार को राजीव कुमार कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा संग्रामपुर के द्वारा संग्रामपुर थाना में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। कनीय अभियंता के द्वारा अरुण शर्मा पिता सीताराम शर्मा ग्राम कहुआ को बिना वैध कनेक्शन के कृषि फीडर से बिजली उपयोग करने पर 15900 की राजस्व की आर्थिक क्षति का आरोप लगाते हं प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। वही बैजनाथपुर गांव निवासी कपिल देव मंडल पिता स्वर्गीय गाजो मंडल के अलावे स्मार्ट मीटर से पिता फेंकने दास, सुभाष दास पिता देवदास पर विद्युत ऊर्जा की चोरी करते हुए राजस्व की आर्थिक स्थिति का आरोप लगाते हुए प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। बिजली कर्मियों की टीम कनीय अभियंता राजीव कुमार के नेतृत्व में बिजली बिल के बकायेदारों का विद्युत संबंध विच्छेद एवं विद्युत चोरी के विरुद्ध छापेमारी हेतु जांच दल गठन किया गया था। कनीय विद्युत अभियंता ने कहा कि कुछ उपभोक्ताओं के द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर से छेड़छाड़ कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं। जिसके तहत जांच टीम के द्वारा तीन लोगों को स्मार्ट प्रीपेड मीटर से विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा गया उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर से किसी भी प्रकार के छेड़छाड़ नहीं या बाईपास कर विद्युत चोरी करने की कोशिश ना करें क्योंकि लगातार स्मार्ट मीटर की मॉनिटरिंग एवं जांच डिपार्टमेंट द्वारा ऑनलाइन की जा रही है। वही जांच दल में साजन कुमार, सौरभ कुमार एवं ब्रह्मदेव तांती भी शामिल थे।

# भाकपा माले के द्वारा निकाला गया प्रतिवाद मार्च

## प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रखी कई मांग

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] भाकपा माले राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत हक दो वादा निभाओं अभियान के तहत बिहार के पूरे प्रखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को किए गए धरना प्रदर्शन को लेकर झाझा में भी भाकपा माले के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी के प्रखंड सचिव कंचन रजक की अगुवाई में अंबेडकर चौक पर पार्टी के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हुए और उसके बाद प्रतिवाद मार्च निकाली गई जो मुख्य बाजार, बसस्टैंड होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचकर अपनी मांगों को रखने का काम किया। प्रखंड सचिव ने बताया कि बिहार सरकार ने राज्य में जातिगणना किया जिसमें राज्य के अंदर 94 लाख गरीब परिवार है जिसकी कमाई माह के छह हजार रूपए से कम यानि एक साल में 72 हजार रूपए से कम है तो उनलोगों के लिए सरकार ने दो दो लाख रूपए अनुदान सहायता राशि देने की बात कि लेकिन जब ब्लॉक में आय प्रमाण बनाया जा रहा है तो वंचित गरीब का एक लाख रूपए से उपर का बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि कई संपन्न परिवार का आय प्रमाण बनाकर दो लाख रूपए का अनुदान राशि का लाभ भी मिल रहा है। ऐसे में गरीब परिवार का इसका लाभ नही मिल रहा है। ऐसे में मांग किया जाता है कि गरीब का 72 हजार रूपए से कम का आय प्रमाण पत्र बनाया जाए ताकि उसे इस योजना का लाभ मिल सके। इसके अलावे सरकार के द्वारा पांच पांच डिसमिल जमीन भी दिया जाए। वही बाराकोला पंचायत में डीलर की मनमानी को लेकर भी अपनी मांगों को रखने काम किया साथ ही गरीब परिवार के घर पर स्मार्ट, प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने की भी मांग किया गया। मौके पर पार्टी के रमेश यादव, गुलटन पुजहर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कॉलेज पहुंचकर दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर को अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई [ झाझा ] झाझा नगर अवस्थित डीएसएम कॉलेज झाझा को मिला दर्शनशास्त्र विभाग के प्रोफेसर मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कॉलेज पहुंचकर दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर मनोज प्रसाद यादव को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर अभाविप नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लगातार प्रयास से कॉलेज में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर आए हैं, यह एबीवीपी की बहुत बड़ी जीत है तथा छात्रों के लिए गौरव का विषय है, अब कॉलेज में नामांकित सैकड़ो छात्र-छात्राएं जिसका विभाग दर्शनशास्त्र है उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। पूर्व में कार्यकताओं के द्वारा लगातार ज्ञापन तथा आंदोलन के माध्यम से कई बार कॉलेज प्राचार्य तथा विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत भी कराया था। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना कल से ही छात्रों के लिए तत्पर रहती है तथा उनके लिए चिंतन मंथन करती है। दर्शनशास्त्र के सभी छात्रों को बधाई देते हैं तथा आवाहन करते हैं कि वह निरंतर अपने शिक्षा प्राप्त करने हेतु कॉलेज कैंपस आए। मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉ अफजर शमशी ने कहा कि एबीवीपी के कार्यकताओं ने लगातार ज्ञापन के माध्यम से हमें अवगत कराया कि इस महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर नहीं होने के कारण छात्र, छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है हमने इसके लिए अग्रेतर कार्यवाही किया।

# रेलवे पॉली क्लिनिक का सीएमएस ने किया निरीक्षण

## सीएमएस ने कहा कि जल्द ही सुविधाओं से लैस नया मिलेगा दुर्घटना राहत चिकित्सा यान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दानापुर रेलमंडल के सीएमएस डॉ. पीके मिश्रा शुक्रवार को झाझा पहुंचकर दुर्घटना राहत चिकित्सा यान, रेलवे पॉली क्लिनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमएस ने दुर्घटना राहत चिकित्सा यान में संसाधन को लेकर जांच किया और जांच के दौरान कई तरह की कमी पाई गई। उसके बाद पॉली क्लिनिक का भी निरीक्षण करते हुए कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश एडीएमओ डॉक्टर अभिषेक कुमार एवं अन्य कर्मियों को दिया। वही 1600 रेलकमीर्यों के लिए एकमात्र रेलवे अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नही रहने पर रेलकर्मियों के द्वारा निजी अस्पताल, रेफरल अस्पताल में इलाज करवाए जाने पर उन्होनें कहा कि इसके लिए जो भी सुधार की आवश्यकता होगी उसके लिए वरीय पदाधिकारी से बात कि जाएगी। एक्स- रे मशीन ऑपरेटर सहित महिला कर्मी, महिला चिकित्सक एवं अन्य संसाधन की कमी अस्पताल में होने पर उन्होनें कहा कि अन्य कर्मी की कमी है उसे दूर किया जाएगा। सीएमएस ने बताया कि दुर्घटना राहत चिकित्सा यान के बारे में बताया कि यह स्पेशल कोच होता है ताकि अगर कभी भी किसी स्टेशन या रेलमार्ग पर किसी भी तरह की घटना होती है तो उस स्थल पर सभी संसाधन के साथ इसे भेजा जाता है। निरीक्षण को लेकर उन्होनें बताया कि यह कोच काफी पुराना हो चुका है इसलिए जल्द ही दुर्घटना राहत चिकित्सा यान का नया कोच आएगा जिसमें अन्य कई संसाधन उपलब्ध होगे। इसके अलावे रेलवे अस्पताल में एंबुलेंस की कमी के कारण कई बार आपातकालीन में रेलकमीर्यों को निजी वाहन का सहारा लेने पर सीएमएस ने बताया कि इसपर विशेष रूप से चर्चा हो रही है और उच्च अधिकारियों से इस मामलें में चर्चा चल रही है जल्द ही इसपर अमल किया जाएगा। मौके पर डॉक्टर एचएम चक्रवर्ती सहित अस्पताल कर्मी अमरेश कुमार, नंदलाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# लोजपा रामविलास के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जमुई के पदाधिकारीयों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिला लोजपा इकाई की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर के लोजपा के कार्यकताओं ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर चिराग पासवान जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । वहीं जिला अध्यक्ष जीवन सिंह ने कहा जिस तरह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 में 100%स्ट्राइक रेट रहा इसी तरह विधानसभा में भी हंड्रेड परसेंट स्ट्राइक रहेगा और उनके नेतृत्व में पार्टी तो मजबूत होगी साथ ही साथ एनडीए गठबंधन भी मजबूत होगा।जमुई के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती ने जमुई के चैमुखी विकास के लिए दिल्ली में माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जमुई के कटौना होल्ट पर ट्रेन के ठहराव के लिए प्रमुखता से बात रखा गया एवं लोकसभा में विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव को लेकर स्वीकृति का मांग रखे हैं। जिसमें की जमुई स्टेशन पर बाबा बैधनाथ धाम हमसफर एक्सप्रेस , गया झाझा पैसेंजर को आसनसोल तक विस्तार करने के लिए, पुणे एक्सप्रेस को शेखपुरा स्टेशन पर ठहराव, गोमुखी एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस एवं राजधानी एक्सप्रेस, बाबा बैधनाथ धाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस का जमुई ठहराव के लिए स्वीकृति की मांग की गई।जिससे कि जमुई लोकसभा की जनता का सुविधा होगी।इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष जीवन सिंह, तारापुर पूर्व प्रत्याशी चंदन सिंह, जिला महासचिव विमल कुमार वर्मा, युवा प्रदेश महासचिव रिंकू सिंह आईटी सेल जिला अध्यक्ष गुंजन तिवारी, लेबर सेल जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, राहुल भवेश , नगर अध्यक्ष जमुई गौतम पासवान, प्रभु जी इत्यादि उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग अभियान में सोनो पुलिस ने चालान काटकर किया 30 हजार रुपये वसुली



प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : पिछले चार दिनों पुर्व से लगातार सोनो पुलिस द्वारा किये जा रहे दो पहिया वाहनों के कागजात , हैलमेट तथा चार पहिया वाहनों पर सवार वयक्ति की सीट बेल्ट की जांच के दौरान चालान काटकर तकरीबन 30 हजार रुपये जुमार्ना लगाकर वसुली की गई है ।सोनो थाना एस आई बिशाल कुमार सिंह ने बताया कि वरिय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर पिछले चार दिनों पुर्व से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।जिसमे बिना हैलमेट के दोपहिया वाहनों पर सवार चालकों को हैलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपिल करते हुए दोषी वयक्ति को चालान काटकर जुमार्ना वसुल किया गया , साथ ही बिना सीट बैल्ट के चार पहिया वाहन चला रहे चालकों को भी सीट बैल्ट लगाकर वाहन चलाने की नसीहत देते हुए चालान काटकर जुमार्ना वसुला गया है ।जिसमे कुल 30 हजार रुपये की वसुली की गई है ।इधर सोनो पुलिस द्वारा लगातार किये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान से दो पहिया वाहन चालकों मे हड़कंप मची हुई है ।

सम्पादकीय

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन संभव....?

केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा रोकने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी भाजपा की आँख की किरकिरी बनी हुई है, भारतीय जनता पार्टी का सपना पूरे देश के सभी राज्यों पर ह्यएकछत्रह्व राज स्थापित करना है, किंतु पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे राज्य बाधक बने हुए है, अब पश्चिम बंगाल के मौजूदा हालातों को देखते हुए लगता है कि भाजपा ने आर-पार की लड़ाई शुरू करने की ठान ली है और भाजपा विरोधी नेताओं से हर तरीके से निपटने की ठान ली है, इसी का ट्रेलर मौजूदा पश्चिम बंगाल में दिखाई दे रहा है, इसलिए भाजपा ने भी तय कर लिया है कि वे हर कानूनी गैर-कानूनी कदम उठाकर अपनी मनोकामना पूरी करेंगें, इसके लिए उन्हें कुछ भी क्यों न करना पड़े? इसलिए यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा अपनी कौशिशों में कामयाब नही होती है तो वहां राज्यसरकार अशांति के नाम पर सरकार को भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है, जिसकी सिफारिश वहां के राज्यपाल केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर पहले ही कर चुके है।

अब वहां मुख्य सवाल यह पैदा होता है कि पश्चिम बंगाल में जिस घटना को लेकर राजनीतिक उठापटक की जा रही है, वैसी घटनाएं तो भाजपा शासित उत्तरप्रदेश जैसे राज्यों में कई घट चुकी है, फिर वहां पश्चिम बंगाल की मौजूदा तर्ज पर आंदोलन क्यों नही हुए, भाजपा शासित उत्तरप्रदेश तो अपराधों का सबसे बड़ा केन्द्र माना जाता रहा है, जहां के मुख्यमंत्री अब शांति का दावा कर रहे है, तो क्या वास्तव में उत्तरप्रदेश ह्यअपराध मुक्तह्व प्रदेश हो गया है, जबकि वहां के लोगों का यह कहना है कि वहां ऐसे अपराधों में कोई कमी नही आई है, उन्हें सार्वजनिक रूप देने पर सख्त रोक लगाई गई है।

अब जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, वहां पिछले दो-तीन दिन से जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे केवल और केवल भाजपा का ही हाथ बताया जा रहा है, वहां के छात्रों को इस विध्वंसक राजनीति का मोहरा बनायया गया है और इस सबका एकमात्र राजनीतिक उद्देश्य पश्चिम बंगाल को ह्यअशांतह्व राज्यह्न बताकर वहां की सरकार को भंग कर वहां राष्ट्रपति शासन कायम करना है, अब तक का यह इतिहास रहा है कि केन्द्र में जिस दल की भी सरकार होती है, वह विरोधी पार्टी की राज्य सरकारों को इसी तरह गिराती आई है और राष्ट्रपति शासन कायम करती आई है, आज विपक्ष में विराजित कांग्रेस ने भी केन्द्र में सरकार रहते, विरोधी दलों की राज्य सरकारों पर अनेक बार यही सलूक किया है, इसलिए आज केन्द्र में विराजित सरकार पश्चिम बंगाल को लेकर जो सोच रही है, वह भारतीय राजनीति में कोई नया नही है।

पश्चिम बंगाल के बारे में कोर्ट सख्त कानूनी कदम उठाने के पहले भारतीय जनता पार्टी इस पहलू पर भी गंभीर चिंतन कर रही है कि केन्द्र के इस कदम का अगले एक दो महीनों में होने वाले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा, इसी मसले पर अभी भाजपा में गंभीर चिंतन जारी है, जिसकी बागडोर गृहमंत्री अमित शाह संभाल रहे है। इस प्रकार कुल मिलाकर मौजूदा समय इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि क्योंकि भारत के राजनीतिक दल अपनी भावी योजनाओं के गंभीर चिंतन में वयस्त है तथा मुख्यतः भाजपा पूरे देश पर ह्यएकछत्र राज स्थापित करने के मंसूबों में व्यस्त है, अब ऐसे में देश में विकास व जनहित की योजनाओं पर मंथन शून्य हो गया है।

## ममता का बंगाल और बेखौफ अपराधी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

कोलकाता के आरजी कर राजकीय अस्पताल में एक डाक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी अमानुषिक ढंग से हत्या कर दी गई। ऐसा जघन्य कार्य किसी भी प्रदेश में हो सकता है और इससे पहले हुआ भी होगा। लेकिन अन्य स्थानों पर हुए इस प्रकार के जघन्य अपराध और कोलकाता में हुए इस जघन्य अपराध के बीच एक बहुत बड़ा अंतर है। वह अंतर यह है कि ममता बनर्जी की पश्चिम बंगाल सरकार हर हालत में अपराधियों के साथ और उनको किसी भी तरह बचाने का प्रयास कर रही है। सरकार का काम अपराधियों को दंड देना और नागरिकों के जान और माल की रक्षा करना है। लेकिन पश्चिम बंगाल में सरकार अपराधियों के जान-माल की सुरक्षा के लिए तत्पर और महिला डाक्टर की जघन्य हत्या को आत्महत्या कह कर कूड़ेदान में डाल देने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं, जब हत्या का हल्ला पड ` लगा तो बंगाल सरकार को सबसे पहली यह चिंता हुई कि किसी तरह से घटना के स्थान से बलात्कार और हत्या के सबूतों को खत्म कर दिया जाए। सरकार इसके लिए बाकायदा किसी पुलिस वाले की ड्यूटी को लगा नहीं सकती थी। इस काम के लिए आनन फानन में लगभग सात हजार लोगों की भीड़ एकत्रित की गई जिसने अस्पताल पर धावा बोल दिया। पुलिस मूकदर्शक बन कर तमाशा देखती रही।

नाटक को विश्वसनीय बनाने के लिए इक्का दुक्का पुलिस के सिपाहियों पर भी हमला कर दिया गया ताकि नाटक में यह भाव आए कि पुलिस उपद्रवियों की भीड़ को रोकती रही, लेकिन स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर हो गई। इस तथाकथित नियंत्रण से बाहर हुई भीड़ ने उस सेमिनार हाल पर हमला कर दिया जहां उस अभागी डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। मेडिकल संस्थान ने तो उससे भी ज्यादा फुर्ती दिखाई। उसने उस सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को गिरवाकर, उस हाल का नवनिर्माण अभियान चला दिया। लेकिन अब तक संस्थान के डाक्टर अपनी एक सहयोगी डाक्टर की इस अमानवीय हत्या के खिलाफ सडकों पर निकल चुके थे। अब तक कालेज के निदेशक डा. संदीप घोष पर चारों ओर से शक की सूईयां घूमने लगी थीं। भ्रष्टाचार से लेकर अस्पताल में लावारिस लाशों की बिक्री तक के चर्चे मीडिया में आने शुरू हो गए। यह सबको पहले से ही पता था कि घोष बाबू तृणमूल कांग्रेस में भी सक्रिय रहते ही हैं। लेकिन वही घोष बाबू अब तृणमूल कांग्रेस की सक्रियता के साथ साथ घटनास्थल सेमिनार हाल के कुछ हिस्से को तोड़ने के काम में भी सक्रिय हो रहे थे। तृणमूल और घोष बाबू दोनों समझ गए थे कि हालात जिस मोड़ पर पहुंच गए हैं, वहां उनका इस अस्पताल में रहना मुमकिन नहीं रहा। लेकिन ममता की ममता की दाद देनी होगी कि उन्होंने उसे तुरंत दूसरे मेडिकल कालेज का प्रिंसिपल बना दिया। एक रहस्य अभी तक नहीं सुलझ पाया कि आनन फानन में बलात्कार स्थल पर हजारों लोगों की भीड़ किसने और कैसे इकट्ठी की। इतना तो निश्चित है कि बलात्कार और हत्या का दोषी संजय राय अपने बलबूते इतने कम समय इतनी आक्रामक भीड़ इकट्ठी नहीं कर सकता था। यकीनन इस भीड़ को बुलाने वाला गैंग कोई और था। लेकिन यह गैंग अपराध के सभी सबूत खतरा लेकर भी क्यों मिटाना चाहता था? इस गैंग का संजय राय से क्या संबंध है? पुलिस ने किसके आदेश पर गैंग को बेखौफ होकर काम करने दिया?

यहां तक कि पुलिस पिटती रही लेकिन उसने प्रतिकार नहीं किया। पुलिस को यह आदेश प्रिंसिपल संदीप घोष तो नहीं दे सकता था। इतनी बड़ी उसकी औकात नहीं थी। लेकिन एक बात स्पष्ट है कि भीड़ इकट्ठी करने वाला गैंग और प्रिंसिपल घोष बाबू दोनों ही किन्हीं कारणों से अपराधी संजय राय को बचाने का प्रयास कर रहे थे। किन्हीं बड़े कारणों या स्वार्थों के कारण ही ऐसा सम्भव है। इसलिए प्रश्न उठता है कि ऐसे कौन लोग हैं जिनके स्वार्थ संजय राय को बचाने में हो सकते हैं? संजय राय की गतिविधियां इस मेडिकल कालेज तक ही सीमित थीं। इसलिए जाहिर है कि वे स्वार्थ अस्पताल के अंदर ही हो सकते हैं। इस मोड़ पर प्रिंसिपल संदीप घोष शक के घेरे में आता है। लेकिन यहीं मामला समाप्त नहीं होता। ममता बनर्जी संदीप घोष को बचाने की कोशिश करती दिखाई दे रही हैं। वे उसे विवादग्रस्त अस्पताल से पदमुक्त होने पर तुरंत दूसरे विख्यात अस्पताल में नियुक्त कर देती हैं। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी बाकायदा सडक पर जुलूस निकालती हैं। यह जुलूस परोक्ष रूप से उनके खिलाफ था जो प्रिंसिपल को सजा देने और उसके घपलों और आचरण की जांच की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि महिला डाक्टर को जो बलात्कार और हत्या के रूप में सजा दी गई, उसके तार कहीं न कहीं अस्पताल के घोटालों से जुड़े हैं। यह प्रश्न सचमुच आश्चर्यचकित करता है कि बंगाल में जब भी कहीं महिलाओं से बलात्कार का मामला सामने आता है तो ममता बनर्जी की सरकार अपराधी के साथ खड़ी दिखाई देती है। संदेशखाली में भी ऐसा ही हुआ था और अब आरजी कर अस्पताल मामले में भी ऐसा ही हो रहा था। शायद यही कारण था कि कोलकाता उच्च न्यायालय और बाद में देश के उच्चतम न्यायालय ने पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए सबसे पहले जांच का सारा मामला ममता बनर्जी की पुलिस के हाथों से छीनकर सीबीआई को सौंप दिया। केवल रिकार्ड के लिए, ममता बनर्जी ने सीबीआई को बंगाल में किसी आपराधिक मामले की जांच करने का अधिकार समाप्त कर रखा था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इसके बावजूद यह मामला सीबीआई को जांच के लिए दिया। इतना ही नहीं, न्यायालय ने अस्पताल में सुरक्षा का जिम्मा भी बंगाल पुलिस के हाथ से लेकर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सौंप दिया। छात्रों ने महिला डाक्टर की हत्या के विरोध में शांति मार्च निकाला तो पुलिस ने उनकी जिस हिसाब से पिटाई की, वह अपने आप में कुख्यात मिसाल बन गई है।

# सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी

**कैबिनेट सेक्रेटरी डेजिग्नेट सोमनाथन के अनुसर नई योजना1अप्रैल 2025 से लागू होगी। उन्होंने कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम के फायदे उन सभी पर लागू होंगे जो रिटायर्ड हो चुके हैं और एन पी एस के तहत 31मार्च 2025 सेवा निवृत हो रहे हैं। वे सभी बकाया राशि के पात्र होंगे। वही दूसरी तरफ यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा होने के बाद यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध भी होने लगी है। विपक्षी दलों व कर्मचारी संगठन के नेताओं का कहना है कि अगर यह यूनिफाइड पेंशन स्कीम इतनी अच्छी है ह्य वे इनकी तारीफ करते हुए थक नही रहे है तो सांसदों व विधायकों के लिए भी यूनिफाइड पेंशन स्कीम क्यूँ नही लागु कर रहें है। यू नई पेंशन योजना पर सी पी आई ने कहा कि सरकारी की नई पेशन स्क्रीम ये नई बोतल में पुरानी शराब है। पी एस सरकारी कर्मचारियों के लिए लॉली पॉप के अलावे कुछ भी नही है। वही कुछ श्रम संगठन के युनियनों का कहना है सरकार को नई पेशन योजना लागु करने से पहले कर्मचारी ट्रेड यूनियन से सम्पर्क व संवाद कर कुछ संसोधन की आवश्यकता है।**



विनोद कुमार सिंह

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को पर्व त्योहारों का देश कहा जाता है। पर्व त्योहार की इस श्रृंखला में चुनाव पर्व का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। अभी कुछ दिन पहले ही लोकसभा 24 का चुनाव सम्पन्न हुआ था। जिसमें भाजपा व एनडीए गठबन्धन को आशा के अनुरूप सफलता नही मिली थी, हालाकि भाजपा व उनके गठबन्धन दलों के अलावे नीतीश व नायडु के दलो का समर्थन पा कर केन्द्र मे सरकार बनाने में सफल रही। तभी से केन्द्र की भाजपा सरकार अपनी प्रचड़ बहुमत नही मिलने के कारणों का पता लगाने व इस पर चिन्तन-मनन कर रही है। इस क्रमः में केन्द्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के पेंशन को लेकर विगत शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली कैबिनेट ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को मंजूरी दे दी है। अब पुरानी और नई की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की जाएगी। इसके मुताबिक कम से कम 25 साल की नौकरी के बाद बेसिक पेमेंट की 50 फीसदी रकम यु पी एस के तहत मिलेगी यानी यह रकम पेंशन के तौर पर दी जाएगी। वहीं 10 साल की नौकरी के बाद कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलेंगे। केन्द्र सरकार का मानना है कि इस नई पेंशन योजना से 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को फायदा होगा। यह योजना 01 अप्रैल 2025 से लागू होगी। हालाकि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) और यूपीएस में से किसी एक योजना को चुनने का विकल्प दिया जाएगा। वही केंद्र सरकार के एनपीएस ग्राहकों को भी यूपीएस में स्विच करने का विकल्प दिया जाएगा। सर्वविदित रहे कि सरकार ने इस साल मार्च में तत्कालीन वित्त सचिव टी वी सोमनाथन की अध्यक्षता में एन पी एस में सुधार के लिए एक कमेटी बनाई थी। इस कमेटी ने देश और दुनिया की कई पेंशन स्कीमों की गहन अध्ययन की थी।

इस घोषणा के बाद स्वंय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर सरकारी कर्मचारियों पर गर्व जताया। उन्होंने कहा किह्वदेश की प्रगति के लिए कठिन परिश्रम करने वाले सभी सरकारी कर्मचारियों पर हमें गर्व है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) इन कर्मचारियों की गरिमा और आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने वाली है। यह कदम उनके कल्याण और सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस योजना के लाभार्थी को कम से कम 25 साल तक नौकरी करने वाले को रिटायरमेंट से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में दिया जाएगा। इस पेंशन के हकदार वही कर्मचारी होंगे जो कम से कम 10 साल नौकरी करेंगे। 10 साल की नौकरी के बाद अगर कोई नौकरी छोड़ता है तो उसे कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन के तौर पर मिलेंगे। सरकारी सेवा में कर्मचारी की अगर मृत्यु होने पर उसकी पेंशन की 60 फीसदी रकम परिवार को मिलेगी। रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के अलावा एकमुश्त भुगतान व महंगाई इंडेक्सेशन का लाभ भी मिलेगा। इसके लिए कर्मचारियों को अंशदान करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बैसिक सैलरी का 18.5 फीसदी वहन करेगी। हर छह महीने की सेवा के बदले मासिक वेतन(वेतन+डीए)का दसवां हिस्सा जुड़ कर रिटायरमेंट पर मिलेगा। अभी पेंशन के लिए कर्मचारियों को नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में बेसिक सैलरी का 10 फीसदी हिस्सा सहयोग राशि देना होता है। इसमें सरकार अपनी ओर से 14 फीसदी हिस्सा सरकार अपनी ओर से देती है। वही नई पेशन योजना में इसके लिए कर्मचारी को कोई भी अंशदान नहीं देना होगा। सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की मुल वेतन का 18.5 फीसदी हिस्सा अंशदान करेगी।

आप को याद होगा कर्मचारियों की पेंशन का मुद्दा विगत लोकसभा चुनाव से हावी था। कर्मचारी पुरानी पेंशन (ओपीएस) को बहाल करने की मांग कर रहे थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पेंशन का मुद्दा उठाया था। कर्मचारी संगठनों ने ओपीएस को बहाल करने को लेकर फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिख कर मांग की गई थी कि सरकार एन पी एस बंद करे और गारंटीकृत ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करे कर्मचारियों के संगठनों ने कहा था कि अगर उनकी मांग पूरी न की गई तो वे एक मई से हड़ताल करेंगे। हालांकि सरकार से बातचीत और आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल को टाल दिया गया था। यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा होने पर सरकारी कर्मचारियों एक खेमें की ओर से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने के लिए मोदी सरकार की तारीफ की गई है। आप के मन में जिज्ञासा होगी कि आखिरकार यूनिफाइड पेंशन स्कीम क्या है, तो आयें आसान भाषा में जानने की कोशिस करते है। इस नई पेशन भेजना अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम में कर्मचारी को कम से कम 10 वर्ष की सेवा देने के बाद रिटायरमेंट पर 10 हजार रुपये हर महीने की बात की गई है।

न्यूज एजेंसी पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों ने केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सुनिश्चित पेंशन देने के फैसले के मोदी सरकार की तारीफ की। ऐजेन्सी की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी कर्मचारी संगठनों के संयुक्त फोरमह्यसंयुक्त सलाहकार मशीनरी के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने बताया कि उन्हें प्रधान मंत्री द्वारा आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि पहली बार जे सी एम को प्रधानमंत्री द्वारा आमंत्रित किया गया था। यह 32 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए यह बहुत गर्व का पल था। सरकारी श्रोतो से मिली जानकारी के अनुसार, यूनिफाइड पेंशन स्कीम में सुनिश्चित पेंशन की व्यवस्था की गई है। इसके तहत कम से कम 25 साल की सेवा के लिए रिटायरमेंट से पहले के अंतिम 12महीनों में मिली बेसिक सैलरी के औसत के 50 फीसदी की व्यवस्था की गई है। कम से कम 10 साल तक की सर्विस के लिए यह आनुपातिक होगा। इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारी के निधन से ठीक पहले उसकी पेंशन के 60 प्रतिशत की व्यवस्था की गई है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम में महंगाई सूचकांक की भी बात की गई है। इसके तहत सुनिश्चित पेंशन पर, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन पर और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन पर- सर्विस इम्पलॉइज के केस में ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स पर बेस्ड महंगाई राहत की व्यवस्था की गई है। कर्मचारी के रिटायरमेंट की तारीख पर मासिक परिलब्धियों(वेतन+डीए) का1/10वां हिस्सा-सर्विस के हर पूर्ण छह महीने के लिए इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी।

# शिक्षकों के भेष में बालिकाओं को छल रहे हैं दरिन्दे

मनोज कुमार अग्रवाल

शिक्षा के पवित्र स्थलों में मासूम बच्चियों को येन केन प्रकारेण दरिंदगी का शिकार बनाने की घटनाओं की झड़ी लगी है। तमिलनाडु के सिरुमुगाई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रूटीन विजिट पर निकले बाल संरक्षण अधिकारी उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने पाया कि टीचर द्वारा ही कथित तौर पर 9 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया। दरअसल, जिला बाल संरक्षण अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न और बाल विवाह के बारे में सेमिनार आयोजित करने के लिए अलंगोम्बू सरकारी स्कूल का दौरा किया था। इस दौरान जब स्टूडेंट्स से उन्होंने बातचीत की तो अधिकारी ये देखकर हैरान रह गई कि स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत नटराजन द्वारा कक्षा 7 और 8 की नौ छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। अब इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले एक मौलवी ने उत्तराखंड में मदरसे की 5 से 9 साल की 5 बच्चियों के साथ रेप किया। मौलवी इन मासूम बच्चियों को धमकाता था कि किसी को बताया तो जिन्न छोड़कर तुम्हारे मां-बाप को मरवा दूंगा। पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ हैं। थाना रुद्रपुर में मस्जिद के ऊपर अवैध मदरसा बना हुआ है। यहां एक मौलवी बच्चियों के साथ रेप करता था। बच्चियां मदरसे में मौलवी से उर्दू सीखने जाती थीं। पुलिस ने मौलवी को गिरफ्तार किया और इन्वेस्टिगेशन शुरू की। इसमें चौंकाने वाली बात निकलकर सामने आई हैं। पीड़िता की मां ने तहरीर में अपनी बेटी के अलावा चार और बच्चियों के नाम भी उल्लेख किया था। इन बच्चियों का बयान कराया गया। ये बच्चियां हिंदी-इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने जाती थीं। दोपहर में स्कूल खत्म करने के बाद पेरेंट्स इन्हें मौलवी के पास उर्दू सीखने के लिए भेज देते थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया-मौलवी दो महीने से बच्चियों के साथ रेप कर रहा था। वो बच्चियों को डराता था। कहता था कि मेरे पास डिब्बे में जिन्न है। उसे निकाल दूंगा, जो तुम्हारे मां-बाप को मार डालेगा। इसलिए बच्चियां कुछ बोलती नहीं थीं। महाराष्ट्र के बदलापुर और अकोला में भी ऐसे ही मामला हुए हैं। महाराष्ट्र के बदलापुर में भी दो स्कूली बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था। यहां सरकारी स्कूल का टीचर छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाता था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोप है कि टीचर करीब चार महीनों से ये हरकत कर रहा था। छात्राओं ने बाल कल्याण समिति को कॉल किया और पूरी बात बताई। यह घटना तब सामने आई, जब बदलापुर में दो किंडरगार्टन की बच्चियों के यौन शोषण को लेकर भारी विरोध-प्रदर्शन हो रहा है।

कर्नाटक के कालाबुरागी जिले में 11 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ कक्षा में बलात्कार के प्रयास के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। यह घटना जिले के आलंद तालुक के निंबार्गा पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित एक सरकारी स्कूल से सामने आई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता स्कूल में 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार को जब बच्ची दोपहर का भोजन करने के बाद कक्षा में गई थी तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। निंबार्गा पुलिस ने आरोपी शिक्षक की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम अधिनियम (पोक्सो) और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

कर्नाटक के कोलार जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय लड़की ने स्कूल परिसर में ही बच्चे को जन्म दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़की ने महिला शौचालय में बच्चे को जन्म दिया है। इस घटना के बाद से स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार, लड़की और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की के माता-पिता ने बाद में कोलार महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला से बार-बार बलात्कार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

ऐसा लगता है कि जैसे हमारे देश में बच्चियों और महिलाओं पर जिस्म के भूखे दरिंदे घात लगाकर टूट रहे हैं और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डाक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन फिर भी दरिंदगी, बर्बरता और हैवानियत की वारदातें लगातार सामने आ रही है। महज पिछले चार दिनों में सामने आई वारदातों पर एक नजर डालें तो 22 अगस्त को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में एक 4 वर्षीय मासूम की मां जब किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी तो उसके 35 वर्षीय रिश्तेदार ने मासूम से बलात्कार कर डाला। 22 अगस्त को ही बिहार के बेतिया में एक नर्सिंग कालेज के प्रिंसीपल मनीष कुमार जायसवाल को लड़कियों से अश्लील हरकतें करने, आफिस में शराब पीने तथा होस्टल की छत पर मालिश करवाने के आरोप में निलम्बित किया गया।

22 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के ह्यपुवायांह्व थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक मकान में घुस कर एक महिला से तब बलात्कार कर डाला जब उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। 22 अगस्त को ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में घर से लापता एक दस वर्षीय लड़की का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ जिसकी हत्या करने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। 23 अगस्त को असम के नागांव जिले के ह्यधींगह्व इलाके में रात लगभग 8 बजे ट्यूशन से साइकिल पर घर लौट रही 14 वर्षीय एक हिन्दू किशोरी से 3 लोगों ने बलात्कार कर डाला। 23 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक नवविवाहित मुस्लिम महिला द्वारा नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर उसके ससुराल वालों ने उसके चेहरे पर खौलती हुई दाल फेंक कर उसका चेहरा जलाने के साथ ही पति ने ह्यतीन तलाकह्व दे दिया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 वर्ष की 2 मासूम बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार द्वारा गठित 2 सदस्यीय पैनल के अनुसार इन बच्चियों का एक बार नहीं बल्कि 15 दिनों में कई बार यौन शोषण किया गया जिससे उनकी योनि की झिल्ली फट गई।

23 अगस्त को ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्कूल से लौट रही एक 13 वर्षीय नाबालिग को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त के दिन ही चंडीगढ़ में एक स्कूल बस ड्राइवर मोहम्मद रज्जाक को 12वीं कक्षा की छात्रा की तस्वीरों से छेड़छाड़ के जरिए उसे ब्लैकमेल करके उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के ह्यनागभीड़ह्व कस्बे में मानसिक रूप से कमजोर एक 27 वर्षीय युवती से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार व एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया। 23 अगस्त रात को कर्नाटक में उडुपी जिले के कारकल में एक 24 वर्षीय युवती को अपहरण कर नशीला पदार्थ देने के बाद सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार कर दिया गया।

## रोजगार की कमी से जूझता कालबेलिया समुदाय

संतरा चौरठिया

हमारे देश में सदियों से विभिन्न जातियां और समुदाय निवास करती हैं ।यह देश के अलग अलग राज्यों में स्थाई रूप से अपनी पहचान और संस्कृति के साथ फल फूल रही हैं ।अर्थव्यवस्था के विकास में भी इनमें से सभी का अपने अपने स्तर पर योगदान होता है ।लेकिन कुछ समुदाय ऐसे भी हैं जिनकी अपनी संस्कृति तो है परंतु यह स्थाई रूप से कहीं भी निवास नहीं करते थे ।ऐसे समुदाय को घुमंतू या खानाबदोश समुदाय के रूप में पहचान मिली ।हालांकि समय बदलने के साथ यह समुदाय भी देश के अलग अलग राज्यों में स्थाई रूप से बसने लगा है ।लेकिन घुमंतू पहचान होने के कारण इसके सामने कई चुनौतियां भी हैं ।एक ओर जहां इनकी स्थाई पहचान नहीं बन सकी है, वहीं रोजगार इस समुदाय का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

राजस्थान का कालबेलिया समुदाय भी इन्हीं में एक है ।जिसमें आज भी शिक्षा और रोजगार एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है ।यह समुदाय राज्य के अन्य जिलों के साथ साथ अजमेर से करीब 11 किमी दूर नाचनबाड़ी गांव में भी बड़ी संख्या में आबाद है ।घूघरा पंचायत स्थित इस गांव में लगभग 500 घर है, जहां अधिकतर कालबेलिया समुदाय की बहुलता है ।इस समुदाय की सुंदर देवी बताती हैं कि उनके चार बेटे हैं ।सभी का अपना परिवार है ।लेकिन किसी के पास भी रोजगार का स्थाई साधन नहीं है ।वह सभी मजदूरी करने प्रतिदिन अजमेर शहर जाते हैं ।कभी उन्हें काम मिलता है तो कभी पूरे दिन खाली बैठ कर चले आते हैं ।कभी कभी उनके बच्चे स्थानीय चूना भट्टी या खेतों में काम कर आय का माध्यम सृजित करते हैं ।वह कहती हैं कि बेटों का स्थाई रोजगार नहीं होने के कारण घर में अक्सर आर्थिक कठिनाइयां आती हैं ।हालांकि उन्होंने घर में कुछ बकरियां और मुर्गियां पाल रखी हैं जिसका दूध और अंडे बेचकर घर में राशन की व्यवस्था हो जाती है ।लेकिन यह स्थाई रूप से रोजगार का हल नहीं है ।सुंदर देवी के अनुसार उनके चारों बेटे पांचवीं से आगे पढ़ नहीं सके है ।ऐसे में उनके लिए बेहतर रोजगार का मिलना भी कठिन है। वहीं 62 वर्षीय कांता देवी बताती हैं कि उनका बेटा स्थानीय चूना भट्टी में काम करने जाता है ।जहां उसे दस हजार रूपए मासिक वेतन मिलता है ।लेकिन इससे घर का महीने भर का खर्च पूरा नहीं हो पाता है ।इसलिए वह छुट्टी के दिन खेतों में मजदूरी भी करने निकल जाता है ।वह बताती है कि उनके पति सांप पकड़ने का काम करते हैं ।आसपास के गांवों में जब किसी घर से सांप निकालना होता है तो लोग उन्हें बुलाते हैं ।इस काम में उन्हें अच्छी रकम और खाने पीने का सामान भी मिलता है, जिससे घर में राशन की पूर्ति हो जाती है ।वह बताती हैं कि उनका बेटा पांचवीं तक पढ़ा हुआ है ।इस आधार पर उसे कहीं भी रोजगार नहीं मिल रहा है ।कांता देवी कहती हैं कि अच्छा रोजगार प्राप्त करने के लिए उच्च शिक्षा की आवश्यकता होती है जबकि अभी भी कालबेलिया समाज में शिक्षा के प्रति पूरी तरह से जागरूकता नहीं आई है ।स्वरोजगार के संबंध में बात करने पर कांता देवी कहती हैं कि वह लोग आर्थिक रूप से इतने सशक्त नहीं हैं कि खुद का कोई रोजगार शुरू कर सकें।

# बाल विवाह की बुराई से मुक्त नहीं हुआ है गांव

जगत सिंह

हमारे देश में सामाजिक स्तर पर कुछ बुराईयां और कुरुतियां ऐसी हैं जिसने गहराई से समाज में अपनी जड़ें जमा रखी हैं ।यह न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य में भी विकास की प्रक्रियाओं को भी प्रभावित करता है ।इनमें सबसे प्रमुख बाल विवाह है ।आज भी देश के कई ऐसे राज्य हैं जहां ग्रामीण स्तर पर बाल विवाह जैसी बुराई देखने और पढ़ने को मिल जाती है ।इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों के जीवन पर पड़ता है ।इससे न केवल उनका शैक्षणिक बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास भी रुक जाता है ।सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े कुछ समुदायों में अभी भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई देखने को मिल जाती है ।इनमें राजस्थान के अजमेर जिला स्थित नाचनबाड़ी गांव में आबाद कालबेलिया समुदाय भी है ।जहां कम उम्र में ही लड़कियों की शादी की परंपरा अभी भी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुई है.

इस संबंध में समुदाय की 22 वर्षीय कंचन (नाम परिवर्तित) कहती हैं कि ह्ल14 साल की उम्र में मेरी शादी हो गई थी।16 वर्ष की उम्र में मां बन गई ।घर और ससुराल दोनों ही आर्थिक रूप से कमजोर था ।इसलिए कभी पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाया ।इस उम्र तक तीन बच्चे हो चुके हैं ।वह कहती है कि हर समय शरीर में कमजोरी का एहसास होता है ।लेकिन इसी हालत में घर का सारा काम करना होता है और बच्चों की देखभाल भी करनी होती है ।कंचन कहती है कि उसके पति स्थानीय मार्बल फैक्ट्री में पत्थर कटिंग का काम करते हैं ।उन्हें मिलने वाले पैसों से घर में राशन का पूरा इंतेजाम नहीं हो पाता है ।हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले आहार और आशा वर्कर द्वारा सेहत की नियमित जांच से गर्भावस्था के दौरान उसे काफी लाभ हुआ था। वहीं 28 वर्षीय लक्ष्मी बताती हैं कि उसकी भी 13 वर्ष की उम्र में शादी कर दी गई थी ।उसके पांच बच्चे हैं और सभी कुपोषण के शिकार हैं ।वह कहती है कि कम उम्र में शादी, पोषणयुक्त आहार की कमी और घर के सारे काम करने की वजह से वह अक्सर बीमार रहती है ।उसे कभी भी स्कूल जाने का अवसर नहीं मिला.

इसी समुदाय की एक 70 वर्षीय बुजुर्ग लक्ष्मी का कहना है कि कालबेलिया समाज में लड़कियों की कम उम्र में शादी हो जाना आम बात है ।मेरी शादी 13 साल की उम्र में हो गई थी ।मैं न केवल शादी शब्द से अनजान थी बल्कि



इसका अर्थ भी नहीं जानती थी ।जिस उम्र में लड़कियां जिम्मेदारी से मुक्त केवल पढ़ाई और खेलती हैं उस उम्र में मुझे बहू के नाम पर घर के सारे कामों की जिम्मेदारियां सौंप दी गई थीं ।16 वर्ष की उम्र में मैं गर्भवती भी हो गई थी ।इस दौरान भी मेरे उपर पूरे घर की जिम्मेदारी होती थी ।घर का सब काम मुझे करना होता था ।पौष्टिक खाना उपलब्ध नहीं होता था ।जिस वजह से मेरा गर्भपात हो गया था ।वह कहती हैं कि कालबेलिया समुदाय में कोई भी परिवार आर्थिक रूप से सशक्त नहीं है ।ऐसे में गर्भवती महिला के लिए पौष्टिक खाना उपलब्ध होना संभव नहीं है ।अधिकतर परिवार में पुरुष दैनिक मजदूरी करते हैं जिससे बहुत कम आमदनी होती है ।कई बार काम नहीं मिलने के कारण घर में चूल्हा भी नहीं जल पाता है ।अक्सर इस समुदाय की महिलाएं त्योहारों के दौरान फेरी लगाने (भिक्षा मांगने) शहर चले जाती हैं ।जिससे कुछ दिनों के लिए उन्हें खाने पीने का सामान मिल जाता है.

नाचनबाड़ी अजमेर शहर से पांच किमी दूर घूघरा पंचायत में स्थित है ।लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव में कालबेलिया समुदाय की बहुलता है ।आर्थिक और सामाजिक रूप से यह समुदाय अभी भी विकास नहीं कर पाया है ।सरकार द्वारा इस समुदाय को अनुसूचित जनजाति समुदाय के रूप में मान्यता मिली हुई है ।इस संबंध में गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका इंदिरा बाई कहती हैं कि कालबेलिया समुदाय में बाल विवाह होने के बहुत सारे कारण हैं ।एक ओर जहां समुदाय में अभी भी जागरूकता की कमी देखी जा सकती है वहीं दूसरी ओर गांव में हाई स्कूल की कमी भी एक कारण है ।नाचनबाड़ी में केवल एक प्राथमिक विद्यालय है, जहां पांचवीं तक पढ़ाई होती है ।इसके आगे दो किमी दूर घूघरा जाना पड़ता है ।जहां अधिकतर अभिभावक लड़कियों को नहीं भेजते हैं ।इसलिए गांव में पांचवीं से आगे लड़कियों की पढ़ाई छुड़वा दी जाती है ।यदि गांव में ही दसवीं तक स्कूल बन जाए तो न केवल बालिका शिक्षा का ग्राफ बढ़ेगा बल्कि शिक्षा की इस जागरूकता के कारण बाल विवाह भी रुक सकता है ।इंदिरा बाई कहती हैं कि वह पिछले 12 वर्षों से इस आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी हुई हैं ।ऐसे में गांव के हर घर से वह परिवार की तरह जुड़ी हुई हैं ।वह अपने स्तर पर बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का लगातार प्रयास भी करती रहती हैं.

यूनिसेफ इंडिया की वेबसाइट के अनुसार अनुमानित तौर पर भारत में प्रत्येक वर्ष 18 साल से कम उम्र में करीब 15 लाख लड़कियों की शादी होती है जिसके कारण भारत में दुनिया की सबसे अधिक बाल वधुओं की संख्या है, जो विश्व की कुल संख्या का तीसरा भाग है ।15 से 19 साल की उम्र की लगभग 16 प्रतिशत लड़कियां शादीशुदा हैं ।हालांकि एक अच्छी बात यह है कि साल 2005-06 से 2015-16 के दौरान 18 साल से पहले शादी करने वाली लड़कियों की संख्या 47 प्रतिशत से घटकर 27 प्रतिशत रह गई है, पर यह अभी भी अत्याधिक है ।यह न केवल चिंता का विषय है बल्कि लैंगिक असमानता और महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव का ज्वलंत उदाहरण है ।वेबसाइट के अनुसार बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है जिससे उनपर हिंसा तथा यौन शोषण का खतरा बना रहता है ।हालांकि बाल विवाह लड़कियों और लड़कों दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका प्रभाव सबसे अधिक लड़कियों के जीवन पर पड़ता है ।इससे उनके विकास के अवसर छिन जाते हैं ।ऐसे में जरूरी है कि इस प्रकार की एक प्रभावी नीति बनाई जाए जिससे लड़कियों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध हो सके और बाल विवाह जैसे दंश से उन्हें मुक्ति मिल सके ।लेकिन किसी भी नीति को बनाने से पहले उस समुदाय के सामाजिक ढांचों और कारणों को समझना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर पुलिस ने ओवरलोडेड बालू ट्रक को किया जब्त

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के एस एच 90 स्थित पुरसौली नहर के पास से गुरुवार की देर रात्रि खनन निरीक्षक अंजनी कुमार ने इसुआपुर पुलिस के सहयोग से एक ओवरलोडेड बालू ट्रक को जब्त किया। वहीं मौके से ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे आवश्यक पूछताछ के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार ड्राइवर गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के गम्हारी गांव निवासी शिवजी प्रसाद का पुत्र सकलदीप प्रसाद बताया जाता है। उक्त जानकारी अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने दी।

### अवैध रूप से बालू को ले जा रहे दो ट्रक

परसा। शितलपुर-सिवान एसएच 73 के हाई स्कूल चौक के समीप से अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो हाइवा को जप्त करते हुए दोनों ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया.जिला खनन पदाधिकारी ट्रक मालिक व चालक पर प्राथमिकी कराया गया है. दर्ज प्राथमिकी के आधार पर किसने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है.उक्त गिरफ्तार ट्रक चालक मकेर थाना क्षेत्र के चकिया गाव निवासी चन्द्र दीप राय का पुत्र अखलेश राय व परसा थाना क्षेत्र के प्रताप छपरा गाव निवासी राम अनुप सिह का पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिह बताया जाता है.

### प्रतियोगिता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

परसा। प्रखंड के मध्य विद्यालय परसा में छात्र छात्राओं का प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत जिसमें मध्य विद्यालय परसा,मध्य विद्यालय शोभे परसा बालक,कन्या मध्य विद्यालय परसा,उच्च विद्यालय परसा के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।इस सम्बंध में बीईओ युगल किशोर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं द्वारा पेंटिंग,अश्लोगन समेत कई प्रकार की पर्यावरण सुरक्षा को लेकर पेंटिंग तैयार किया गया था।जिसमें शामिल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में बिपिन बिहारी यादव,सुरेंद्र प्रसाद चौरसिया,जूही कुमारी,चंदेश्वर सिंह,रंजीत कुमार,छोटेलाल साह, सुरेंद्र दास,मुन्ना प्रसाद उपस्थित थे।

### शिक्षक समाज व देश के सच्चे निमार्ता- बीईओ रागिनी

एकमा/रसूलपुर। शिक्षक देश व समाज के रीढ़ होते हैं। शिक्षक से एक सभ्य व सुसंस्कृत समाज का निर्माण होता है। बीआरसी एकमा में शिक्षक सम्मान समारोह में बीईओ रागिनी कुमारी ने उक्त बातें कहीं। वहीं बीईओ योगेन्द्र बैठा ने कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़ा हर व्यक्ति महत्वपूर्ण होता है।उनसे समाज को एक गहरी आशा बंधी रहती है। इसलिए शिक्षा विभाग के कर्मी को अपने आचरण व कर्तव्यों का पालन सावधानी पूर्वक करनी चाहिए। समारोह का संचालन शिक्षक संदीप कुमार ने किया।प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से करीब तीस शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर बीईओ द्वय रागिनी कुमारी व योगेन्द्र बैठा द्वारा सम्मानित किया गया।बीआरसी द्वारा सम्मानित होने वालों शिक्षकों की जारी सूचि में एचएम जीतेंद्र कुमार हाईस्कूल बेनौत, एचएम अरूण कुमार कन्या विद्यालय एकमा, बीरेंद्र कुमार हेकाम, आर के सिंह,अतरसन, संदीप कुमार म.वि. भरहोपुर, रामेश्वर गोप हाईस्कूल योगियां ,सोनम मिश्रा नवादा , रमेश सजल, बसंतपुर, शशि भूषण शाही, टेसुआर ,राजेश कुमार, अलख नारायण सिंह उच्चतर विद्यालय एकमा,अंजना कुमारी चकमीरा विद्यालय के अलावे शिक्षक कुमारी रश्मि ,मंजीत तिवारी, राजेश कुमार, उपेंद्र सिंह,मो मुस्लिम, विवेक कुमार,, रंजन कुमार चौरसिया, सुवास कुमार, शैलेश कुमार सिंह,मंजू कुमारी साह,राजू कुमार,अरूण कुमार ओझा,शौकत अली अंसारी,मो मोगल,दिलीप कुमार आदि थे।

# ओपीएस में दी गई सुविधाएँ लागू हों: रमेश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा। डॉ ए एच अंसारी मंडल अध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने बताया कि रमेश मिश्रा , जोनल सचिव एनएफआईआर , नई दिल्ली सह केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ छपरा के सभी रेलकर्मियों से डोर टू डोर सम्पर्क किए। इंजीनियरिंग विभाग भाग के ट्रेक मेंटेनरों , कैरेज एंड वैगन , टीआरडी , विद्युत विभाग , डीजल लॉबी , स्टेशन कर्मचारियों तथा कमर्शियल कर्मचारियों की समस्याओं को सुने। डोर टू डोर सम्पर्क अभियान में रेलवे के सभी विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं को सुनते हुए सिधवलिया इंजीनियरिंग तथा स्टेशन कर्मचारियों से रूबरू हुए। उन्होंने रेलवे के प्रत्येक विभाग के कर्मचारियों से मिलकर रेलवे बोर्ड एवं केन्द्र सरकार की कर्मचारी विरोधी रवैए से अवगत कराया। जोनल सचिव ने सभी कार्य स्थलों का सघन दौरा किया। साथ में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ वाराणसी मंडल अध्यक्ष डॉ ए एच अंसारी , केन्द्रीय सहायक मंत्री एस आर सहाय , संगठन मंत्री एल के शर्मा , शाखा मंत्री अमिताभ गौतम एवं कोषाध्यक्ष प्रेम नाथ सिंह भी थे। जोनल सचिव रमेश मिश्रा एक-एक रेल कर्मचारियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।जोनल सचिव एनएफआईआर रमेश मिश्रा ने कहा कि एनएफआईआर के महामंत्री डॉ एम राघवैया ने केन्द्र सरकार से आठवें वेतन आयोग के गठन और न्यूनतम वेतन रुपये 32500/- करने की माँग की है। यूपीएस में निश्चित पेंशन के लिए न्यूनतम सेवा अवधि 25 वर्ष को घटाकर 20 वर्ष किया जाय। वेतन से 10 प्रतिशत प्लस डीए की पूर्ण राशि पर ब्याज निर्धारित कराते हुए सेवानिवृत्ति या वीआरएस के समय भुगतान किया जाए। सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त एमाउंट क्या पूरे सर्विस के प्रत्येक 6 माह को बेसिक प्लस डीए जोड़कर दिया जाए। रेलवे कर्मचारियों को ओपीएस में दिए गए सुविधाओं को शामिल कर लागू किया जाए।सुबह से छपरा के इंजीनियरिंग हट , कैरेज डिपो , डीजल लाबी एवं स्टेशन पर कार्यरत परिचालन तथा कमर्शियल कर्मचारियों के बीच में एक - एक कर्मचारी की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने रेल कर्मचारियों की समस्याओं को डीआरएम , जीएम और रेलवे बोर्ड स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया और उसके निदान कराने की बात कही। केन्द्र सरकार की मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों के बारे में सभी कर्मचारियों को विस्तार से बताया। मंडल अध्यक्ष डॉ ए एच अंसारी ने रेलवे कर्मचारियों से पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के साथ चट्टानी एकता के साथ जुड़ने और संघ को मजबूत करने का आह्वान किया। रेल कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में यूपीएस की खामियों को दूर करना , रेल कर्मचारियों का 18 माह का बकाया मँहगाई भत्ता भुगतान करना , रेलवे में खाली पड़े पदों को शीध्र भरना , रेलवे आवासों का मरम्मत करना , रेलवे कर्मचारियों का शोषण बंद करना , लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर से अधि कतम 8 घंटे ड्यूटी कराना एवं ट्रैक मेंटेनरों की मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराना आदि ज्वलंत समस्याओं की उन्होंने चर्चा की। रेलवे कर्मचारियों को संबोधित करने वालों में डॉ ए एच अंसारी , एस आर सहाय , प्रेम नाथ सिंह , अमिताभ गौतम , प्रसुन कुमार सिंह , प्रतिमा कुमारी , तनवीर आलम , संतोष कुमार , धीरेन्द्र यादव , जी सी दूबे , संजय बैठा , रजनीश कुमार , अजय यादव आदि हैं।

# श्री गणिनाथ गोविंद बाबा मंदिर में त्रिदिवसीय पूजन का होगा आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता



रक्सौल। सीमावर्ती शहर के अहिरवा टोला में श्रीगणिनाथ गोविंद बाबा मंदिर में त्रिदिवसीय पूजा अनुष्ठान का आयोजन तीस अगस्त से प्रारंभ होकर पहली सितंबर को संपन्न होगा। इसकी जानकारी देते हुए श्री गणिनाथ गोविंद बाबा मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ साहेब एवं कोषाध्यक्ष शांति प्रकाश ने संयुक्त रुप से कहा कि इस महीने की तीस तारीख से पहली सितंबर के बीच सुरेश भगत के संयोजन में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान व पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना समाज के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच संपन्न कराने हेतु ट्रस्ट की एक बैठक आहूत कर निर्णय लिया गया है। वहीं सुरेश भगतजी ने चार दिवसीय पूजन समारोह के बारे में विस्तार से बताया कि तीस अगस्त को सर्वो देवता सर्वो देवी एवं कुल देवता नेवतन एवं एकतीस अगस्त को कुल देवता को चढ़ौना अनुष्ठान तथा पहली सितंबर को गंगा स्नान तथा सूर्य देव को अर्ध्य के पश्चात महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित की जाएगी। गौरतलब है कि शहर की धर्मपरायण महिला कैलाशो देवी ने वर्ष 2015 में मंदिर निर्माण हेतु भूमि दान किया था। तबसे शहर के धमानुरागी श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य मंदिर निर्माण कार्य शुरू हुआ तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गत वर्ष मंदिर में श्रीगणिनाथ गोविंद बाबा, श्री हनुमानजी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात समाज के सभी श्रद्धालु पूजा नित दिन अर्चना करने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष पूजन समारोह में स्थानीय श्रद्धालुओं के अलावा प्रदेश के कई शहरों समेत पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उन्होंने मंदिर निर्माण में तन मन धन से सहयोग करने वाले उदारमना हृदय सभी श्रद्धालुओं जिनके निरंतर सहयोग से चिरप्रतीक्षित श्रीगणिनाथ गोविंद बाबा मंदिर का निर्माण कार्य से लेकर पूजन अर्चना में जिन श्रद्धालुओं ने समयदान, श्रमदान तथा धनदान दिया है उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह भी भरोसा जताया कि आने वाले समय में श्रीगणिनाथ गोविंद बाबा धाम को विकसित करने के लिए समाज के सभी दानवीर निश्चित ही आगे आयेंगे तथा कल से प्रारंभ होने वाले पारंपरिक सांस्कृतिक पावन अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर शामिल होंगे। इस मौके पर राजकुमार प्रसाद, काशीनाथ प्रसाद, अशोक केशरीवाल, शिवशंकर प्रसाद, अनिल साह, कृष्णा साह अनिल केशरीवाल, प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू जी, महंथ साह, संजय कुमार, दीपक कुमार, आत्माराम प्रसाद, सुनील साह,भोला साह, ओमप्रकाश कुशवाहा समेत समाज के कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### झंडा मेला में जर्जर सड़कें दुर्घटना का बन सकती है शबब

इसुआपुर । प्रखंड में आगामी 3 सितंबर को मनाए जाने वाले जिले का प्रसिद्ध महावीरी अखाड़ा सह झंडा मेला के दौरान प्रखंड की जर्जर सड़कें दुर्घटना का सबब बन सकती हैं। खासकर बरसात के मौसम में टूटे व जर्जर सड़कों के गढ्ढों में पानी तथा कीचड़ भर गया है। इन रास्तों से प्रखंड मुख्यालय बाजार इसुआपुर पर आने वाली जुलूस की रेलम-ठेल भीड़ नीचे गढ्ढों को नहीं देख पाएगी। जिससे गड्ढों में फिसल कर गिर जाने से उन्हें गंभीर चोटें लग सकती है। मालूम हो कि नेवरी से गोविंदापुर, सिसवां, चकहन, शामकौरिया होते हुए इसुआपुर बाजार की ओर आने वाली मुख्य सड़क गढ्ढों में तब्दील हो हो गई है। वहीं छपियां, परसा अमरदह गांव होते हुए इसुआपुर बाजार को आने वाली सड़क भी काफी जर्जर स्थिति में है। इन गढ्ढेनुमा सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल है। वहीं मुड़वा गांव से इसुआपुर बाजार की तरफ आनेवाली सड़क भी काफी जर्जर स्थिति में है। ऐसी ही स्थिति प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली आधा दर्जन से अधिक संपर्क सड़कों की है। समय रहते प्रशासन इन सड़कों पर बने गढ्ढों को भर नहीं पाती है,तो कई दुर्घटनाएं घटित होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस बाबत अंचलाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ करुण करण का ध्यान आकृष्ट करने पर उन्होंने कहा कि उक्त जर्जर हुए गढ्ढेनुमा सड़कों का निरीक्षण कर मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। वहीं यथासंभव विभागीय मद से गढ्ढों को भरवाने की कोशिश की जाएगी। साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया गणों,पंचायत समिति सदस्यों तथा सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों से भी इस नेक सामाजिक कार्यों में मदद करने की अपील की।

# एक दिवसीय रोजगार सह मार्गदर्शन शिविर सम्पन्न

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। श्रम संसाधन विभाग,अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा, सारण द्वारा दिनांक 30 अगस्त को प्रातः 10:30 से शाम 4 :00 बजे तक अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा कार्यालय परिसर में (बाजार समिति के नजदीक, प्रेम नगर, कजारिया टाइल्स के सामने, ) एक दिवसीय रोजगार -सह - मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया ' जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा बताया गया कि इस रोजगार शिविर में 'बैंगलोर नियोक्ता कंपनी भाग ली' नियोक्ता कंपनी की ट्रेनिं पद के लिए के लिए जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं 12वीं डिप्लोमा आईटीआई पास होना जरूरी था ' न्यूनतम उम्र 18 वर्ष से 25 वर्ष एवं वेतन 14100 से 14300 हजार मासिक एवं पीएफ ईएसआईसी इत्यादि की सुविधा दी जाएगी कंनियोक्ता कंपनी के एचआर मैनेजर शहजाद खान द्वारा कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व इस अवसर पर 40 अभ्यर्थी शामिल हुए जिसमें 21 लोगों का चयन किया गया ' इनका कार्यस्थल बेंगलुरु होगा' कंपनी के एचआर मैनेजर द्वारा बताया गया कि 10वीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थियों को तीन साल के ट्रेनिंग के उपरांत डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिया जाएगा एवं आईटीआई पास अभ्यर्थियों को 2 साल के ट्रेनिंग के बाद डिप्लोमा दिया जाएगा ' रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर में जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा , अवर प्रादेशिक नियोजनालय छपरा द्वारा जिले में संचालित टूल किट एवं स्टडी कट योजना के लाभार्थियों को टूल किट एवं स्टडी किट के बारे में विस्तार से बताया गया एवं रोजगार एवं मार्गदर्शन शिविर में आए हुए सभी अभ्यर्थियों को इन दोनों योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिला नियोजन पदाधिकारी शोभा कुमारी द्वारा जिले में चलाए जा रहा है कुशल युवा कार्यक्रम एवं जिला कौशल विशेषज्ञ सुधीर कुमार सिंह द्वारा कौशल विकास के अन्य योजनाओं का विस्तृत जानकारी उपस्थित अभ्यर्थियों को दिया गया' इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक बिजेंद्र कुमार, एवं कार्यालय के अन्य कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा'

### दो लीटर चुलाई शराब के साथ धंधेबाज धराया



चनपटिया(ए. के. सिंह)। शुक्रवार को मनुआपुल पुलिस ने भरपटिया गांव में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दो लीटर देशी चुलाई दारू के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया हैं । थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज भरपटिया गांव निवासी उमेश राम है। वह अपने घर में दारू को छुपाकर रखा था। मद्धनिषेध तथा उत्पाद अधिनियम के तहत एफ आई आर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# रक्सौल एयरपोर्ट का संचालन होगा शीघ्र, अधिकारियों ने लिया जायजा



- दिल्ली से उपमहाप्रबंधक के साथ आई टीम ने किया सर्वे

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल एयरपोर्ट को संचालन में लाने हेतु सरकार के निदेर्शानुसार अब प्रशासनिक निरीक्षण की कवायद तेज हो गयी है। जिला प्रशासन से लेकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक के अधिकारी इस एयरपोर्ट को शुरू के लिए जुड़ गए है। इसी कड़ी में बीते दिन दिल्ली तथा दरभंगा से आये अधिकारियों की टीम ने रक्सौल एयरपोर्ट का भौतिक निरीक्षण एवं सर्वे अध्ययन किया। इस दौरान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकारण नई दिल्ली मुख्यालय के उप महाप्रबंधक स्ट्रक्चर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आयी एक टीम के द्वारा रक्सौल एयरपोर्ट के रनवे को लेकर जांच की गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर श्री प्रवीण ने बताया कि रक्सौल में फिल्हाल जो रन-वे है, उसे और बड़ा रन-वे बनाया जाना है। ऐसे में रक्सौल हवाई अड्डा के पश्चिम तरफ इसको बढ़ाने की योजना है, लेकिन पश्चिम में एक नेपाली पहाड़ी नदी तिलावे बहती है, उस नदी के ऊपर पुल बनाया जाएगा या फिर कल्वर्ट लगाकर रन-वे बनाया जा सकता है। इसका आकलन किया जाएगा। नदी में गहराई को भी नजदीक से जाकर देखा और समझा गया है। अब तकनीकी जानकार एंजेसी के माध्यम से इसका अंतिम सर्वे होगा। प्रवीण कुमार के साथ दरभंगा एयरपोर्ट के प्रबंधक निरज प्रकाश व उप महाप्रबंधक अश्विन कुमार भी मौजूद थे। जमीन के संबंध में जानकारी देने के लिए अंचल कार्यालय रक्सौल के निरीक्षक सुमित कुमार व अमीन ग्यासुदिन अंसारी भी मौजूद थे। इसके साथ रन-वे सड़क और सुरक्षा पोस्ट आदि बनाने को लेकर जमीन की उपलब्धता के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। बताया गया कि रक्सौल एयरपोर्ट के संचालन को लेकर भारत सरकार काफी सकारात्मक है। पीएम पैकेज से रक्सौल एयरपोर्ट को अग्रिम 250 करोड़ की राशि भी मिली हुई है। ऐसे में संभावना है कि जल्द ही अब रक्सौल एयरपोर्ट के निर्माण का काम शुरू हो जायेगा। इसके पूर्व पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने भी इसका निरीक्षण किया था, स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा और सांसद डॉ. संजय जायसवाल भी इस एयरपोर्ट को सुचारू कराने में लगे हैं, अब देखने वाली बात होगी की कितना जल्द ये एयरपोर्ट शुरू होता है और दोनों चंपारण के साथ-साथ सीतामढ़ी और नेपाल के लोगों को काफी राहत कब से मिलेगी?

# छपरा शहर से जलनिकासी की समेकित कार्य योजना पूरी तरह तैयार

- नगर निगम, जिला परिषद, बुडको, पथ प्रमण्डल एवं रेलवे द्वारा किये जाने वाले कार्यों को लेकर समेकित एक्शन पॉइंट तैयार
- कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिये जिलाधिकारी ने नगर निगम के साथ की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा शहर में जलनिकासी की स्थाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी की पहल से समेकित कार्ययोजना तैयार करने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है विभिन्न स्तरों पर कई बैठक कर सभी संबंधित लोगों से फीडबैक लिया गया है। सभी प्राप्त अमल योग्य सुझावों के साथ तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर समेकित कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्य योजना में नगर निगम, जिला परिषद, बुडको, पथ प्रमंडल एवं रेलवे के लिये एक्शन पॉइंट तैयार किया गया है। इस कार्य योजना में नगर निगम क्षेत्र के साथ साथ निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को भी समाहित करते हुये एंड टू एंड आधार पर स्पष्ट रुप से योजनाओं का सूत्रण किया गया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहुत की गई। बैठक में तैयार किये गए मानचित्रों, गूगल मैप तथा स्थलीय अध्ययन के आधार पर समेकित कार्य योजना के एक एक बिंदु पर विस्तृत चर्चा की गई। पूरे छपरा शहर के कंटूर टोपोग्राफी के अनुरूप पानी के बहाव को अलग अलग सेगमेंट में बांटा गया है। सभी मुख्य नालों के लिये टोपोग्राफी के आधार पर कैचमेंट एरिया का निर्धारण किया गया है। एक्शन प्लान में नए नालों का निर्माण, रेलवे के सहयोग से अंडरपास का निर्माण, रेलवे लाइन के समानांतर रेलवे के सहयोग से कच्चे नाले की जगह पक्का नाला का निर्माण, उपयुक्त स्थल पर स्लुईस गेट, सम्प हाउस का निर्माण आदि का प्रावधान किया गया है। तेल नदी के किनारे एक दूसरे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने हेतु जमीन चिन्हित करने का निदेश अंचलाधिकारी को दिया गया। बग्घी नाला सहित अन्य नालों को प्राथमिकता से अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अंचलाधिकारी सदर को स्पष्ट निदेश दिया गया।अंतिम रूप से तैयार कार्ययोजना के आधार पर सभी संबंधित विभागों के लिये निर्धारित एक्शन पॉइंट के लिये संबंधित विभाग के माध्यम से इसका क्रियान्वयन कराया जायेगा।बैठक में नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अंचलाधिकारी सदर, सिटी मैनेजर, अमीन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### इंडो नेपाल सीमा सुरक्षा अधिकारियों की कमांडेंट स्तरीय बैठक संपन्न

बगहा। नसीम खान क्या शुक्रवार को एसएसबी और नेपाल एपीएफ के बीच कमांडेंट स्तरीय बैठक सीमा चौकी गंडक बैराज बी समवाय कैंप में संपन्न हुई। इस बैठक में कहा गया है कि भारत नेपाल के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध और ज्यादा प्रगाढ़ किए जाएंगे। साथ में दोनों देशों के अधिकारी मिलकर अवैध तस्करी, मानव तस्करी,शराब तस्करी, मानव व्यापार,सुरक्षा,नक्सल विरोधी,नारकोटिक्स,वन उत्पाद, वन जीव उत्पाद और अन्य निषिद्ध वस्तुओं की तस्करी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए तथा इसे रोकने के लिए दोनों देशों के तरफ से प्रयास किए जाएंगे। सीमा पर अपराधियों को रोकने के लिए सूचना आदान प्रदान किया जाए। ताकि अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। इस बैठक में आगे कहा गया है कि वैसे लोगों पर भी नजर रखना है, जो अपराधी प्रवृत्ति के हैं। बैठक में सीमा की सुरक्षा के लिए कई रणनीति बनाई गई है। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियो ने सहमति जताई की आपसी सहयोग के साथ आपसी तालमेल भी बनाए रखे जाए। इस बैठक में एसएसबी के बलवंत सिंह नेगी कमांडेंट 44 वीं वाहिनी,अश्वनी कुमार द्वितीय कमान अधिकारी कार्यवाहक कमांडेंट 21वीं वाहिनी बगहा,आर बी सिंह उप कमांडेंट 65वीं वाहिनी बेतिया,जयंता बोराह सहायक कमांडेंट,मोहित सिंह सहायक कमांडेंट 21वीं वाहिनी, निसा. राजेंद्र कुमार, चंद्रमणि मितई,उप निसा शशांक कुमार तथा एपीएफ नेपाल के एस पी प्रकाश वागले 26वीं वाहिनी एपीएफ नेपाल,डीएसपी विनोद कार्की 31वीं समवाय एपीएफ नेपाल,डीएसपी विनोद काठीवाड़ा 17 वीं वाहिनी नेपाल, निरीक्षक गणेश बहादुरथापा एपीएफ त्रिवेणी के साथ सभी सीमा चौकी प्रभारी शामिल हुए।

# वन विभाग के ऑडिटोरियम हॉल में चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय बागवानी प्रशिक्षण सेमिनार हुआ संपन्न

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा। नसीम खान क्या वाल्मीकिनगर स्थित वन सभागार में दोनों दिनों से चल रहे राष्ट्रीय बागवानी मिशन प्रशिक्षण सेमिनार का शुक्रवार को समापन हो गया। बतादें राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार का शुभारंभ सहायक निदेशक उद्यान विभाग राजू राउत के नेतृत्व में गुरूवार को प्रारंभ हुआ था,जिसका समापन शुक्रवार को हो गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण सेमिनार की शुरूआत अधिकारियों एवं किसानों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस सेमिनार में बगहा दो प्रखंड के हरनाटांड़,चंपापुर गोनौली,लक्ष्मीपुर रमपुरवा, दरूआबारी,नौरंगिया व वाल्मीकिनगर के किसानों ने हिस्सा लिया। जानकारी देते हुए सहायक निदेशक उद्यान विभाग राजू राउत ने बताया कि पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया, बेतिया,चनपटिया,नरकटियागंज, सहित अन्य प्रखंडों में बागवानी खेती का जाल बिछा हुआ है। माधव पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र में इन प्रखंडों के किसान पहुंचकर बागवानी खेती करने का प्रशिक्षण देते हैं।जिससे किसान काफी लाभान्वित होते है। लेकिन बगहा दो प्रखंड के किसानों में बागवानी उद्यानिकी खेती का अभाव दिखाई रहा है। जिसके कारण वैज्ञानिकों के साथ एक टीम उनके पास पहुंची है। दो दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण सह सेमिनार में आम,लीची,केला,पपीता एवं मधुमक्खी पालन करने वाले खेतिहर किसानों को इन फसलों से होने वाले फायदों से सम्बंधित जानकारी दी गई। ये सभी किसान अपनी जानकारी को एक दूसरे किसान से साझा कर उद्यानिकी फसल उगाने में सहायता करेंगे। दो दिवसीय सेमिनार में सहायक निदेशक उद्यान विभाग के राजू राउत,माधोपुर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक धीरू तिवारी वैज्ञानिक डॉक्टर जगपाल प्रखंड उद्यान पदाधिकारी,अश्विनी पांडेय,प्रखंड उद्यान पदाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रसिद्ध किसान मुन्नीलाल दास,धर्मेंद्र दास, केदार काजी,कपिलदेव दास शामिल रहे।

# एकमा बीआरसी में बीईओ द्वारा सम्मान पाते शिक्षक रामेश्वर गोप

लहलादपुरः जनता बाजार थाना क्षेत्र के सीरिस्तापुर गांव स्थित पेट्रोल पम्प के समीप तीव्र गति से जा रही एक सकार्पियो ने एक मोटरसाइकिल के पीछे जोरदार धक्का मारकर भाग निकला. जिससे उसपर सवार पिता-पुत्र फेंका गये और कुछ दूर जा गिरे. पक्की सड़क पर गिरने से पिता-पुत्र गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर पड़े थे उस सड़क से आने-जाने वाले राहगीर उन्हें देखते और चले जाते थे. मगर ताजपुर गांव निवासी एवं समाजसेवी पप्पु खां ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों जख्मी पिता-पुत्र को एक ऑटो रिक्सा से पीएचसी, लहलादपुर पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार किया गया और गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिये दोनों जख़्मीयो को सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया गया. जख्मी पिता-पुत्र सिवान जिला के बसंतपुर थाना क्षेत्र के युगेश्वर महतो (पिता) तथा रणजीत महतो (पुत्र) बताये जाते हैं, जो इलाज कराने दाऊदपुर जा रहे थे.

# अनुप्रिया ने कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा मे पाई सफलता



गरखा (सारण) गरखा प्रखंड क्षेत्र ईटवा पंचायत के रहमपुर गांव निवासी अधिवक्ता निखिल प्रताप सिन्हा के पुत्री युवा प्रतिभाशाली छात्रा अनुप्रिया ने कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा (भारतीय कंपनी सचिव संस्थान) मे अपनी योग्यता की परचम लहराते हुए सफलता प्राप्त किया है आमतौर पर पाचँ वर्ष का समय लगता है लेकिन अनुप्रिया ने मात्र साढे तीन वर्ष मे ही इसे पुरा कर दिखया और डिग्री हासिल कर लिया जो अपने आप मे एक उल्लेखनीय उपलब्धि है यह सफलता उनके परिवार शिक्षक और मित्रो गौरवान्वित किया है उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हे इस कठिन परीक्षा मे सफलता दिलाई। अनुप्रिया की सफलता ने उन्हे कार्पोरेट जगत मे एक उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है वे एक भाई और एक बहन है बचपन की पढाई सीबीएससी शक्ति शान्ति एकेडमी आमी उसके बाद छपरा शहर स्थित विद्यालय से मैट्रिक उत्रीण हुई। दिल्ली के लक्ष्मीनगर मे रहकर भारतीय कंपनी सचिव संस्थान से कंपनी सेक्रेट्री परीक्षा दिया था उनकी माँ इटवा पंचायत के सरपंच रह चुकी है। कंपनी सेक्रेटरी बनने पर कई लोगो ने उन्हे उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए बधाई दिया है।

# माले कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सदर प्रखंड पर किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा सदर। शुक्रवार को 95 लाख महागरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि अविलंब देने, भूमिहीन परिवारों को 5 डिसमिल आवासीय जमीन देने, सबको पक्का मकान व 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, प्रखण्ड के लगभग सभी पंचायतों में लटकी नल जल योजना को चालू कराने, मनरेगा में लूट-खसोट व फर्जी निकासी पर रोक लगाने, मजदूरों को 200 दिन काम व 600 रुपए दैनिक मजदूरी देने, जनहित में राशन- किरासन वितरण में गड़बड़ी पर रोक लगाने, जरूरतमंदों को पशु शेड का लाभ लेने, शौचालय निर्माण की लंबित राशि का भुगतान शीघ्र करने, एमएसपी की गारंटी, सिंचाई साधन, कृषि विकास,रोजगार,पलायन, शिक्षा-स्वास्थ्य, सड़क, ग्रामीण विकास, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने, 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की 9वीं अनुसूची में डालने समेत अन्य जनसमस्याओं को लेकर भाकपा-माले के सैकड़ों कार्यकताओं ने भिखारी चौक से मार्च करते हुए छपरा सदर प्रखंड मुख्यालय पर पहुंचकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर एक सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व आइसा जिला अध्यक्ष एवम माले सदर प्रखंड प्रभारी कुणाल कौशिक ने की। सभा को माले जिला सचिव सभापति राय, स्थाई जिला कमेटी सदस्य विजयेंद्र मिश्र-रामपुकार शाह व जीवनन्दन राय, कुणाल कौशिक समेत अन्य दर्जनों कार्यकताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित भाकपा-माले जिला सचिव सभा राय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीब परिवारों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने की दिशा में सरकार के प्रयास नाकाफी हैं। सरकार ने आय प्रमाण पत्र का झमेला बना रखा है। प्रखंड प्रशासन के द्वारा 72 हजार रुपए से कम का आय प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। इसका मतलब है कि जरूरतमंदों को सही अर्थों में इस योजना का लाभ नहीं देने की योजना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर लूट-खसोट जारी है। प्रखंड क्षेत्र में चल रहे किसी भी एक योजना को बतौर उदाहरण सामूहिक रूप से जांच कराई जाए। मनरेगा में की जा रही हेराफेरी व भ्रष्टाचार सामने आ जाएगी। मौके पर माले नेतागण विशाल राज, विकास कुमार, सोनू कुमार, नंदकिशोर मांझी, धरमेंद्र कुमार, हिमांशु कुमार सभी उपस्थित थे।

# बाइक ट्रैक्टर में आमने सामने टक्कर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल लखनऊ रेफर



बगहा। नसीम खान क्या गुरुवार की रात करीब 8 बजे वाल्मीकिनगर के पिपरा कुटी के समीप बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क पर बाइक और ट्रैक्टर में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार रामपुरवा निवासी सोनू बुरी तरह से घायल हो गया। जिसे सीएसई में भर्ती कराया गया।जिसे बेहतर इलाज के लिए बगहा रेफर कर दिया गया। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि घायल सोनू को बगहा से बेतिया और बेतिया से गोरखपुर फिर गोरखपुर से मरीज की खराब हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है।घायल सोनू के हाथ पैर और सीने में गम्भीर चोटें आई है।बतादें सोनू 3 आरडी मेन रोड में बेकरी की दुकान चलाता है। इसके माता पिता नहीं है।सोनू रामपुरवा निवासी कयामुद्दीन के घर पर रहता है ।कयामुद्दीन सोनू के रिश्ते में मामा लगते है। बतादें की सोनू दुकान बंद कर बाइक से अपने मामा के घर आ रहा था।तभी पिपरा कुटी के समीप अनियंत्रित होकर बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

# परसा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के चौथे दिन महिला कबड्डी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता

परसाःश्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर चौथे दिन उच्चतर विद्यालय परसा मे श्रीकृष्ण पूजा समिति द्वारा महिला कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में त्रिशूल स्पोर्ट्स एकेडमी परसा सारण बनाम मार्ग दर्शन एकेडमी सिवान के महिला खिलाडियों के बीच कबड्डी खेल शानदार प्रदर्शन किया गया । वही मार्गदर्शन एकेडमी सिवान टीम के खिलाड़ियों ने 25 अंको से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमा लिया । इस दौरान वातावरण श्रीकृष्ण के जयकारों और गीतों से गूंज रहा था । विजेता व उपविजेता महिला खिलाडियों को मुख्य अतिथि अर्जुन सिंह,विकास कुमार सिंह तूफान कुमार सिंह,पूजा समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार राय डा. संजय कुमार राय, ओम प्रकाश राय,कुमार संजीव,पंकज कुमार , वार्डपार्षद सुधांशु कुमार ने सयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम के कैप्टन को कप प्रदान दिया। वही श्रीकृष्ण पूजा समिति सदस्यों द्वारा मैन आफ द मैच त्रिशूल टीम के कंचन कुमारी,कोमल कुमारी, व सपना कुमारी सहित अन्य खिलाड़ियों को मेडल,जर्सी देकर प्रोत्साहित किया गया ।वही महिला कबड्डी खेल देखने के लिए दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।



# उदयपुर में होगी शोभिता-नागा चैतन्य की शादी?

अक्किनेनी नागा चैतन्य एक भारतीय अभिनेता हैं, जो मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में काम करते हैं। नागा ने साल 2017 में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने शादी की थी। कपल की शादी के 4 साल बाद दोनों का तलाक हो गया। दोनों के तलाक की खबरों ने फैंस को हैरान कर दिया था। इसके बाद नागा ने 8 अगस्त 2024 को अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला से सगाई रचा ली है और वह जल्द ही शादी भी करने वाले हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान नागा ने कहा कि वह जल्द ही अपनी शादी की सभी जानकारियां मीडिया को देंगे।

## नागा ने शादी को लेकर कही यह बात

शोभिता धुलिपाला से सगाई के बाद नागा चैतन्य बेहद खुश हैं। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू के दौरान नागा ने खुलकर अपने शोभिता के साथ रिलेशनशिप को लेकर बातचीत की। इस दौरान नागा बेहद खुशमिजाज लग रहे थे। नागा को सभी प्यार से चाय कहकर संबोधित करते हैं। चाय उर्फ नागा को कल एक ब्रांड एंडोर्समेंट के दौरान बेहद खुश देखा गया। इस इवेंट में नागा एक दूल्हे के रूप में कार में सवार होकर कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां प्रोग्राम चल रहा था। इस दौरान नागा ने एक ब्रांड के नए वेडिंग कलेक्शन को लॉन्च किया और कहा कि वह अपनी शादी को लेकर बहुत उत्साहित हैं और जल्द ही इसकी तारीख का खुलासा करेंगे। चाय ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपने साथी से मिला और जल्द ही मैं शादी की सभी जानकारियां बताऊंगा। नागा और शोभिता ने कई सालों तक डेटिंग कीं और लगातार सुर्खियों में बने रहें। हालांकि, अब दोनों ने सगाई कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नागा और शोभिता जल्द ही राजस्थान, उदयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे और इसके लिए योजना बनाई जा रही है। वहीं नागा के प्रशंसक उनकी खुशी को देखकर बेहद खुश हैं और जल्द ही उनकी शादी का इंतजार कर रहे हैं। 2021 में सामंथा और नागा चैतन्य का तलाक हो गया था। दोनों के तलाक के वजह का कारण अभी तक समझ नहीं आया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा रुथ प्रभु ने करण जौहर के शो पर कहा था जब दो लोग रिश्ते में खुश नहीं हो तो उन्हें अलग हो जाना चाहिए।



# सूर्या 44 का हिस्सा बनीं श्रिया सरन

अभिनेत्री श्रिया सरन को आखिरी बार 2024 की हिंदी वेब सीरीज शोटाइम में देखा गया था। अब अभिनेत्री के वर्कफ्रंट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो वह फिल्म निर्माता कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित अस्थायी शीर्षक वाली फिल्म सूर्या 44 का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में वह इसके मुख्य कलाकार सूर्या के साथ एक डांस नंबर में दिखाई देंगी। सूर्या और कार्तिक सुब्बाराज की अगली फिल्म सूर्या 44 का फिल्मांकन पूरे जोरों पर चल रहा है। हालिया रिपोर्टों से पता चलता है कि अभिनेत्री श्रिया सरन, सूर्या अभिनीत फिल्म में डांस नंबर पर थिरकती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कथित तौर पर ऊटी शेड्यूल के दौरान अपने हिस्से का फिल्मांकन पूरा कर लिया है और कार्तिक सुब्बाराज निर्देशित इस फिल्म में तमिल स्टार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। हालांकि, निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर फिल्म में श्रिया की भागीदारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह पहली बार होगा जब श्रिया सूर्या के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। फिल्म के लिए संगीत संतोष नारायणन तैयार कर रहे हैं। सूर्या 44 का फिल्मांकन तेजी से आगे बढ़ रहा है। टीम ने हाल ही में ऊटी में एक शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रोडक्शन अब एक छोटे शेड्यूल के लिए केरल चला गया है। लोकेशन से हाल ही में तमिल अभिनेता सूर्या की एक तस्वीर वायरल हुई थी, जिसमें उनका विंटेज लुक देखने को मिला था।रिपोर्ट्स की मानें तो कुछ दिनों की शूटिंग के बाद टीम एक छोटा ब्रेक लेगी। फिल्म सूर्या 44 की शूटिंग लगभग 70 प्रतिशत तक पहले ही हो चुकी है और पूरा प्रोडक्शन अक्तूबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

# कंगना रणौत ने ओपेनहाइमर से की इमरजेंसी की तुलना



कंगना रणौत अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी के प्रचार में व्यस्त हैं, जिसमें वह भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व के बारे में बात की और बताया कि क्या हम उन्हें अच्छा या बुरा के रूप में विभाजित कर सकते हैं। इसके अलावा कंगना ने बताया कि उनकी फिल्म की तुलना ओपेनहाइमर से की जा सकती है। अभिनेत्री ने अपने हालिया साक्षात्कार में कहा, ऊमुझे नहीं पता कि लोग सच्चाई से इतने असहज क्यों हैं। जैसे कि वह हमें स्पष्ट रूप से देख नहीं सकते हैं। मेरे लिए श्रीमती गांधी वही हैं, जो वह हैं और हम लोगों को अच्छे या बुरे के रूप में वर्गीकृत नहीं कर सकते। अगर आप उस विजन से देखें तो यह फिल्म आपके लिए कई दरवाजे खोलेगी लेकिन साथ ही, मेरी फिल्म के साथ एक करीबी तुलना शायद ओपेनहाइमर से की जा सकती है। कंगना ने आगे कहा, यह मैकबेथ की तरह ही है। मैकबेथ को राजा बनना तय था, और जब वह राजा को मारकर राजा बन जाता है तो खंजर उसका पीछा करता है। उसका विवेक उसका पीछा करता है... इमरजेंसी का विचार यह है कि हममें से सबसे अच्छे लोग भी अभिमान का शिकार बन सकते हैं। बता दें कि ओपेनहाइमर ने 96वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ चित्र और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता सहित सात ऑस्कर जीते। यह फिल्म अमेरिकी भौतिक विज्ञानी जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की कहानी बताती है, जिन्होंने परमाणु बम विकसित करने की दौड़ का नेतृत्व किया था। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर लगभग एक बिलियन डॉलर की कमाई की। इमरजेंसी का निर्देशन कंगना रणौत ने किया है और वही इसमें मुख्य भूमिका भी निभा रही है।



# पति से अलग रह रही हैं इश्कबाज फेम नवीना बोले, जल्द लेंगी तलाक

इश्कबाज फेम नवीना बोले पिछले तीन महीने से अपने पति जीत करनानी के साथ नहीं रह रही हैं। उन्होंने पति से अलग रहने की घोषणा की है। दोनों ने 2017 में शादी की थी। इश्कबाज और मिले जब हम तुम जैसे टेलीविजन शो में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेत्री नवीना बोले ने सात साल की शादी के बाद अपने पति जीत करनानी से अलग होने की घोषणा की है। उन्होंने खुलासा किया है कि वे अपनी बेटी की परवरिश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने निजी जीवन की परेशानियों का खुलासा करते हुए बताया कि वे पिछले तीन महीनों से अपने अलग हुए साथी के साथ नहीं रह रही हैं।

## दुखी होने से अलग होकर रहना अच्छा

उन्होंने कहा, जीत और मैं तीन महीने पहले अलग हो गए थे और हम जल्द ही कानूनी कार्यवाही शुरू करेंगे। हम अपनी पांच साल की बेटी किमायरा की सह-पालन-पोषण कर रहे हैं। जीत सप्ताह में दो दिन उनके साथ बिताते हैं। हमारा अलगाव सौहार्दपूर्ण था और हमारा मानना है कि एक साथ दुखी रहने की बजाय अलग होकर खुशहाल जीवन जीना बेहतर है।

## शादी के बाद बदलीं चीजें

उन्होंने बताया कि वित्तीय सलाहकार जीत के साथ उनके वैवाहिक जीवन में शुरू में सब कुछ ठीक था, लेकिन उन्होंने अपनी पांच साल की बेटी की खातिर अपने मतभेदों को सुलझाने की कोशिश की। अभिनेत्री ने कहा, जीत और मेरी शादी की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन धीरे-धीरे हम अलग हो गए। शादी में संवाद और एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बिताना बहुत जरूरी है। इस बीच उनके अलग रह रहे पति जीत ने वैवाहिक समस्याओं पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि यह पारिवारिक मामला है और उन्होंने कुछ गोपनीयता की मांग की।

# युधरा में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे राघव जुयाल

एक्सेल एंटरटेनमेंट का नवीनतम उपक्रम, अपने गतिशील पोस्टरों के साथ एक्शन थ्रिलर शैली को फिर से परिभाषित कर रहा है। सिद्धांत चतुर्वेदी को उग्र युधरा और मालविका मोहनन को आकर्षक निखत के रूप में पेश करने के बाद, निर्माताओं ने अब राघव जुयाल को घातक शफीक के रूप में पेश किया है। हाल ही में रिलीज़ हुए मोशन वीडियो ने सिद्धांत और राघव के बीच हाई-ऑक्टेन शोडाउन के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है। इस नए मोशन वीडियो में, युधरा अपनी गंभीर, एक्शन से भरपूर दुनिया में गहराई से उतरता है, जिसमें युधरा और शफीक के बीच तनावपूर्ण टकराव दिखाया गया है। खलनायक शफीक का राघव जुयाल का चित्रण शक्तिशाली है, जो एक महाकाव्य युद्ध के लिए मंच तैयार करता है, और किल इन ग्यारह ग्यारह में उनके मजबूत प्रदर्शन को आगे बढ़ाता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म में इन दोनों किरदारों की आपस में क्या टक्कर होती है। मोशन वीडियो ने ट्रेलर के लिए उत्साह को और बढ़ा दिया है, जिसे 29 अगस्त को रिलीज़ किया जाना है। एक्सेल एंटरटेनमेंट की नवीनतम पेशकश युधरा, एक्शन थ्रिलर शैली को फिर से परिभाषित करने के अपने वादे के साथ प्रशंसकों के बीच अपार उत्साह पैदा कर रही है। जब से सिद्धांत चतुर्वेदी को उग्र युधरा और मालविका मोहनन को आकर्षक निखत के रूप में दिखाया गया है, तब से ही उत्सुकता लगातार बढ़ रही है।



# गायकी के बाद अब अभिनय के मैदान में उतरने को तैयार लिसा मिश्रा कॉल मी बे को बताया बड़ा सपना

अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी सीरीज कॉल मी बे को लेकर काफी चर्चा में चल रही हैं। सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है और इस दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस कॉमेडी ड्रामा सीरीज में अनन्या के अमीर घराने की लड़की से फिर अचानक सड़कों पर आने तक के सफर को दिखाया गया है। इस सीरीज में अनन्या के साथ सिंगर लिसा मिश्रा भी नजर आएंगी। लिसा इस सीरीज के जरिए अपना एक्टिंग डेब्यू भी कर रही हैं। लिसा ने सिंगिंग से लेकर अभिनय करने के अपने इस शानदार अनुभव को अपने दर्शकों के साथ भी साझा किया है। आइए जानते हैं।

हाल ही में, एक इंटरव्यू में लिसा ने अपनी कास्टिंग को लेकर कहा, मेरा ऑडिशन हर किसी के लिए काफी आश्चर्यजनक था क्योंकि हर कोई मुझे बतौर सिंगर ही जानता था। मेरे लिए एक्टिंग हमेशा से मेरा ड्रीम रहा है और अब जब मैं इसके करीब आ गई हूं तो मैं पूरी मेहनत के साथ इस पर काम कर रही हूं। बेशक सिंगिंग मेरा पहला प्यार था, लेकिन यह सही मौका है, जब मैं अपने सपने को भी पूरा कर सकती हूं। लिसा ने सोशल मीडिया पर भी अभिनय को लेकर फैंस के साथ अपनी उत्सुकता जाहिर की और लिखा था, मैं अपनी पहली सीरीज को लेकर काफी एक्साइटेड हूं। धर्मा और अमेजन के साथ मेरा यह प्रोजेक्ट किसी बड़े सपने के सच होने जैसा है। कॉल में बे में काम कर मुझे इस बात का एहसास हो गया है कि जब तक अपना सपना हासिल न कर लो तब तक डटे रहो। कोई भी चीज रातोंरात सच नहीं हो जाती है। मुझे उम्मीद है कि मैंने अपने गुरुओं को गर्व महसूस कराया होगा।

बता दें कि कॉल मी बे में अनन्या पांडे का साथ वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर 2024 से स्ट्रीम होगी।





# तमन्ना भाटिया संग अपने रिश्ते पर बोले विजय वर्मा, मुझे रिश्तों में प्रतिबंध पसंद नहीं

अभिनेता विजय वर्मा और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के डेट करने की खबरें पिछले एक साल से लगातार सुर्खियों में हैं। अपने इस रिश्ते को लेकर विजय हमेशा मुखर रहे हैं। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने कभी भी इस प्रेम संबंध को गुप्त रखने का इरादा नहीं किया था। अभिनेता का कहना है कि किसी रिश्ते को छिपाने के लिए बहुत प्रयास करना पड़ता है और वह इससे सहमत नहीं हैं। हाल में ही अभिनेता शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने रिश्ते को लेकर बात की है। इस बातचीत के दौरान उनसे अपने रोमांस को सार्वजनिक करने के फैसले को लेकर सवाल पूछा गया। इसका जवाब देते हुए अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात पर सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना पसंद है और अगर हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। अभिनेता ने कहा कि किसी भी रिश्ते को छुपाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। दोनों एक साथ बाहर नहीं जा सकते, उनके दोस्त उनकी तस्वीरें नहीं खींच सकते। विजय ने बताया कि उन्हें ऐसे प्रतिबंध पसंद नहीं हैं। वह अपनी भावनाओं को पिंजरे में कैद नहीं करना चाहते।

## सबको दूसरे की जिंदगी में दिलचस्पी है

विजय ने कहा, आज, हमारे समाज में हर कोई दूसरे लोगों के जीवन में रुचि रखना पसंद करता है। सबके अंदर एक बुआ बैठी है, जो केवल दूसरों के रिश्तों पर चर्चा करना चाहती है। यह एक बीमारी बन गई है और आप इसको लेकर कुछ नहीं कर सकते। मैं उसे बदल नहीं सकता. जहां तक मेरे काम की बात है, तो रिलीज होने के बाद मुझे अपने काम के लिए सराहना मिलती है। इसे लेकर मैं इनकार नहीं कर सकता।

## लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के दौरान बढ़ी थीं नजदीकियां

बताते चलें कि दोनों के डेटिंग की खबरें तब उड़ी थीं, जब दोनों को लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज से कुछ महीने पहले गोवा में एक साथ नए साल का जश्न मनाते हुए देखा गया था। कहा जाता है कि इस सीरीज में काम करने के दौरान दोनों एक दूसरे के करीब आ गए थे। काफी अटकलों के बाद, जून में फिल्म कंपेनियन के साथ एक इंटरव्यू में तमन्ना ने अपने रोमांस की पुष्टि की थी। दोनों अक्सर एक दूसरे के साथ नजर आते हैं और सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हैं।

# फरहान अख्तर लद्दाख की वादियों में फिल्माएंगे अगली फिल्म



फिल्म की शूटिंग के लिए लगता है लद्दाख फरहान अख्तर की पसंदीदा लोकेशन है। एक्टर ने अपनी लक्ष्य और भाग मिल्खा भाग जैसी फिल्मों की शूटिंग यहां की। अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग के लिए भी एक्टर इस ठिकाने की ओर लौटे हैं। उन्होंने पोस्ट साझा कर यह जानकारी दी है और बताया है कि जो फिल्म वे इस बार यहां फिल्मा रहे हैं वह बहुत खास है। फरहान अख्तर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लद्दाख की खूबसूरत वादियों की झलक साझा की है। साथ ही लिखा है, लद्दाख में वापसी!

## यूजर्स बोले क्या यह डॉन 3 है?

फरहान ने जैसे ही यह पोस्ट साझा की, यूजर्स ने सवाल पूछने शुरू कर दिए। लोग फिल्म के बारे में जानकारी चाहते हैं और नाम पूछ रहे हैं। साथ ही अपने-अपने कयास भी लगा रहे हैं। एक यूजर ने पूछा, क्या यह फिल्म डॉन 3 है? एक अन्य यूजर ने पूछा, क्या यह जी ले जरा फिल्म को लेकर बात हो रही है? वहीं कुछ यूजर कह रहे हैं कि दिल चाहता है 2 आ रही है क्या इस बार शूटिंग लद्दाख में।

व्यापार

सेंसेक्स 82372.03 पर बंद
निफ्टी 25238.20 पर बंद

सोना 71,240
चांदी 84,400

## फिर गिरे सोने-चांदी के भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज एक बार फिर सोना-चांदी के भाव में गिरावट है। हालांकि, यह गिरावट बहुत कम है। सोना 132 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 71869 रुपये खुला तो चांदी महज 26 रुपये प्रति किलो ही सस्ती हुई है। चांदी आज 85046 रुपये पर खुली। सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगे हैं। हो सकता है आपके शहर में सोने-चांदी के भाव में 1000 से 2000 का अंतर आ रहा हो। आज 23 कैरेट गोल्ड का रेट 132 रुपये सस्ता होकर 71581 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 22 कैरेट सोने का भाव में हर 10 ग्राम पर 121 रुपये की कमी आई है। अब यह 65832 पर आ गया है। 18 कैरेट के रेट 53902 पर है। इसमें 99 रुपये की कमी आई है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड का भाव आज 78 रुपये गिरकर 42043 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। सोने के इस भाव पर अभी जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है।24 कैरेट सोने का रेट अब जीएसटी के साथ 74025 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड का जीएसटी के साथ भाव 73728 रुपये है। इसमें 3 पर्सेंट जीएसटी के हिसाब से 2147 रुपये और जुड़ा गया है। अगर 22 कैरेट गोल्ड के रेट की बात करें तो आज यह जीएसटी के साथ 67806 रुपये पर पहुंच गया है।

## आरवीएनएल ने शेयर बाजार को दी बड़ी जानकारी, आज शेयरों में तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे ग्रुप की मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनी रेल विकास निगम को लेकर बड़ी खबर आई है। पिछले एक साल के दौरान कंपनी ने शेयर बाजार में शानदार प्रदर्शन किया है। अब कंपनी ने बड़ी जानकारी साझा की है। आरवीएनएल ने पटेल इंजीनियरिंग के साथ एमओयू) साइन किया है। इसकी जानकारी कंपनी ने गुरुवार को साझा किया था। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों की कीमतों में तूफानी तेजी देखने को मिली है। 29 अगस्त को रेल विकास निगम लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा था कि उनके और पटेल इंजीनियरिंग के बीच एमओयू साइन किया गया है। दोनों कंपनी मिलकर हाइड्रो और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी दोनों कंपनियां मिलकर काम करने की योजना बना रही है।शुक्रवार को रेल विकास निगम के शेयर गुरुवार के मुकाबले तेजी के साथ 583 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था।

## इतिहास के जख्मों से होकर गुज़रती एक यात्रा द डायरी ऑफ़ वेस्ट बंगाल

**मुंबई।** सनोज मिश्रा द्वारा लिखित और निर्देशित 'द डायरी ऑफ़ वेस्ट बंगाल' दर्शकों को 1971 के बांग्लादेश नरसंहार की अशांत और दुखद घटनाओं में डुबो देती है। फिल्म का शुरुआती दृश्य बहुत ही दर्दनाक है क्योंकि यह उस समय की भयावहता में डूब जाता है। हम सुहासिनी भट्टाचार्य (अर्शिन मेहता) के परिवार के क्रूर कत्लेआम को देखते हैं। यह दृश्य कच्चा, भावपूर्ण है और दर्शकों को अंदर तक झकझोरने के लिए बनाया गया है - यह एक स्पष्ट अनुस्मारक है कि इतिहास के घाव आसानी से भुलाए नहीं जा सकते। सुहासिनी की यात्रा बांग्लादेश की खून से लथपथ सड़कों से शुरू होती है। लेकिन जीवन रक्षा की उसकी तलाश उसे सीमा पार भारत ले जाती है। शरण की उम्मीद करते हुए, वह खुद को राजनीतिक चालों के पेचीदा और विश्वासघाती जाल में पाती है।

# दिवाली से 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज मुफ्त देगी जियो, रिलायंस का तीन वर्षों में 5.28 लाख करोड़ का निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में डाटा स्टोरेज अब सस्ता होने जा रहा है। जियो एआई क्लाउड सेवा को दिवाली ऑफर के रूप में पेश कर रही है। इसमें जियो ग्राहकों के लिए 100 जीबी मुफ्त क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, ग्राहक सभी फोटो, वीडियो, दस्तावेज, डाटा और अन्य सभी डिजिटल सामग्री को सुरक्षित रख सकेंगे। इससे ज्यादा स्टोरेज चाहने वालों को सस्ती दर पर हम उपलब्ध कराएंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज की 47वीं सालाना आम बैठक में अंबानी ने कहा, तकनीक को कुछ चुनिंदा लोगों के लिए रिजर्व नहीं होना चाहिए। इसे सिर्फ महंगे ही नहीं, बल्कि सभी उपकरणों के लिए सुलभ होना चाहिए। यह नया डेवलपमेंट वैश्विक तकनीक केंद्र में भारत का योगदान है।




### नईसेवा...फोन एआई कॉल

जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो फोन कॉल एआई नई सेवा है। इसे फोन कॉल के साथ एआई को एकीकृत करने के लिए बनाया गया है। यह ग्राहकों को कॉल रिकॉर्ड करने, स्टोर करने, ट्रांसक्राइब करने और अनुवाद करने की अनुमति देता है। उन्होंने कहा, सभी डाटा को जियो क्लाउड के जरिये प्रबंधित किया जाता है।

### एक पर एक बोनस

रिलायंस ने कहा, हर शेयर पर एक शेयर बोनस दिया जाएगा। इसके लिए 5 सितंबर को बोर्ड की बैठक होगी। रिलायंस ने तीन वर्षों में 5.28 लाख करोड़ का निवेश किया है। पिछले वर्ष के दौरान कंपनी ने 1.7 लाख लोगों को रोजगार दिया है।

### जियो ब्रेन से शक्तिशाली एआई सेवा मंच बनेगा

जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा, जियो पूरे एआई को कवर करने वाले उपकरणों और प्लेटफॉर्मों का व्यापक सूट विकसित कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि रिलायंस समूह के भीतर जियो ब्रेन को बेहतर बनाकर हम एक शक्तिशाली एआई सेवा प्लेटफॉर्म बनाएंगे। हम गुजरात के जामनगर में गीगावाट स्केल एआई तैयार डाटा सेंटर स्थापित करेंगे। हमारा लक्ष्य दुनिया की सबसे सस्ती एआई विकसित करना है।

## 3,786 तक पहुंच सकता है रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज यानी रिलायंस के शेयर आज यानी शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ खुले। हालांकि, बीएसई पर पौने 11 बजे के करीब रिलायंस के शेयर 0.52 पर्सेंट नीचे 3025 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। हालांकि, इसपर नजर रखने वाले अधिकांश विश्लेषकों ने कंपनी की वार्षिक आम बैठक के बाद निफ्टी 50 हैवीवेट पर अपना तेजी का आउटलुक बनाए रखा है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने रिलायंस का टार्गेट प्राइस 3,786 प्रति शेयर रखा है, जो वर्तमान रेट से करीब 26 प्रतिशत की संभावित बढ़त को दर्शाता है। यह 3,786 का टार्गेट प्राइस रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए दलाल स्ट्रीट पर उच्चतम है। सीएनबीसी न्यूज 18 की खबर के मुताबिक मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाले ऑयल टू टेलीकॉम से लेकर रिटेल बिजनेस करने वाले समूह रिलायंस ने अपन एजीएम में न्यू एनर्जी बिजनेस, मजबूत डिजिटल और रिटेल आउटलुक तथा ओ2सी सेक्टर में बड़े पैमाने पर विस्तार से पांच से सात वर्षों में आय में संभावित 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि पर प्रकाश डाला।

# भारत के धनकुबेरः अमीरों की दौलत स्विट्ज़रलैंड-सऊदी की संयुक्त जीडीपी से अधिक, 21 वर्षीय कैवल्य सबसे युवा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के 134 शहरों के कुल 1,539 अमीरों की संयुक्त संपत्ति एक साल में 46 फीसदी बढ़कर 159 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है। यह रकम न सिर्फ सऊदी अरब और स्विट्जरलैंड की संयुक्त अर्थव्यवस्था के आकार से बल्कि 310.48 लाख करोड़ रुपये की भारतीय जीडीपी के आधे से अधिक है। बृहस्पतिवार को जारी हुरुन इंडिया रिच लिस्ट-2024 के मुताबिक, 29 उद्योगों से जुड़े 42 शहरों के 1,334 अमीरों की दौलत बढ़ी है। 205 की संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि 45 सूची से बाहर हो गए हैं।

सूची में विनिर्माणक्षेत्र का दबदबा रहा है।इस क्षेत्र के 1,016 लोगों ने अमीरों की सूची में जगह बनाईहै।इन्होंने इस साल अपनी संयुक्त संपत्ति में 28 लाख करोड़ रुपये जोड़े हैं। शहरों में 386 अमीरों के साथ मुंबई सबसे आगे है। दूसरे स्थान पर काबिज दिल्ली में 217 धनाढ्य रहते हैं। हैदराबाद तीसरे, बंगलूरू चौथे और चेन्नई पांचवें स्थान पर है। गुरुग्राम 23 अमीरों के साथ सूची में 10वें स्थान पर है। नोएडा में 11 धनाढ्य रहते हैं। हालांकि, इनकी संख्या एक घट गईहै। टीवीएस मोटर्स के वेणु श्रीवासन 60,400 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में 36वें स्थान पर हैं। अरिस्टो फार्मास्यूटिकल्स की उमा देवी प्रसाद एंड फैमिली 34,300 करोड़ के साथ सूची में 77वें और एसआरएफ के अरुण भरत राम 32,600 करोड़ के साथ 81वें स्थान पर है। जेप्टो के कैवल्य वोहरा (21 साल) अमीरों की सूची में सबसे युवा चेहरा हैं। उनकी संपत्ति 3,600 करोड़ रुपये है। जेप्टो के ही आदित पलिचा (22) 4,300 करोड़ रुपये के साथ दूसरे सबसे कम उम्र के अमीर हैं।

# कर्ज फ्री पेनी स्टॉक को खरीदने की मची लूट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वीर एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर इन दिनों फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में लगातार तूफानी तेजी देखी जा रही है। इस पेनी स्टॉक में आज भी तेजी है। कंपनी के शेयर आज 7 प्रतिशत चढ़कर 26.50 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। बता दें कि इससे पहले गुरुवार को कारोबार के दौरान वीर एनर्जी के स्टॉक में 20 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी और कंपनी के शेयर 24.56 रुपये पर बंद हुए थे। यानी दो कारोबारी दिन में यह शेयर करीबन 27 प्रतिशत तक चढ़ गए हैं। बता दें कि कंपनी का मार्केट कैप 38.44 करोड़ रुपये से अधिक है और जून 2024 तक यह कंपनी कर्ज मुक्त है। वीर एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में तेजी के पीछे एक बड़ी घोषणा है। दरअसल, कंपनी ने 429 लाख रुपये वैल्यू की एक हाई-टेक विंड टर्बाइन स्थापना की सफल बिक्री की घोषणा की है। यह रणनीतिक कदम सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस को बढ़ावा देने और हमारे रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। 800 किलोवाट या 850 किलोवाट की क्षमता वाला यह विंड टर्बाइन, 2450 किलोवाट की कुल क्षमता वाले एक बड़े इंस्टॉलेशन का हिस्सा है, जो रणनीतिक रूप से गुजरात के कच्छ में स्थित है। वीर एनर्जी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर का 52-सप्ताह का हाई 33 रुपये और 52-सप्ताह का लो 13.60 रुपये रहा। शेयर अपने बुक वैल्यू के 0.48 गुना पर कारोबार कर रहा है और 52-सप्ताह के लो 13.60 रुपये प्रति शेयर से 55 प्रतिशत ऊपर है। बता दें कि इनोवेटिव एनर्जी और इंफ्रा वाली कंपनी का मुख्यालय मुंबई, भारत में है। 2006 में स्थापित और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में लिस्टेड कंपनी का उद्देश्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण जलवायु परिवर्तन की बढ़ती समस्या का जवाब देने में एक प्रमुख भूमिका निभाना है।

# मल्टीबैगर रेलवे स्टॉक से हाथ मिलाते ही पटेल इंजीनियरिंग की सोई किस्मत जागी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर रेलवे स्टॉक रेल विकास निगम के साथ रूष्ट साइन करते ही पटेल इंजीनियरिंग की किस्मत चमक उठी है। पिछले एक साल से सुस्त पड़ा यह शेयर आज 7 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा है। बता दें, पटेल इंजीनियरिंग के शेयरों का भाव 100 रुपये से काफी कम का है। बीएसई में आज कंपनी के शेयर 54.76 रुपये के लेवल पर खुले थे। इसके बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 7 प्रतिशत की तेजी के साथ 57.39 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। बीएसई में पटेल इंजीनियरिंग का 52 वीक हाई 79 रुपये औ 52 वीक लो लेवल 41.99 रुपये है।



रेल विकास निगम ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया कि उन्होंने पटेल इंजीनियरिंग के साथ एक एमओयू साइन किया है। दोनों कंपनियां मिलकर हाइड्रो और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को भारत और बाहर जाकर काम करेंगे। दोनों कंपनियां अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुसार अलग-अलग प्रोजेक्ट पर मिलकर काम करेंगी। इसकी जानकारी पटेल इंजीनियरिंग ने भी शेयर बाजारों के साथ साझा की है। इस एमओयू के बाद रेल विकास निगम के शेयरों की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। पिछले एक साल के दौरान पोजीशनल निवेशकों को 5 प्रतिशत से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं, बीते 6 महीने में स्टॉक 14 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। निवेशकों के लिए पिछला एक महीना भी अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 5.7 प्रतिशत गिरा है।

पटेल इंजीनियरिंग की स्थापन 1949 में हुई थी। कंपनी की हाइड्रो पावर, इरीगेशन, टनल्स और अंडग्राउंड काम करने में एक्सपर्टीज है। पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने अबतक 85 डैम्स, 40 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स और 300 किलोमीटर का टनल बनाया है। कंपनी ने ज्यादातर यह काम सरकारी या राज्य सरकारों से हासिल किया है।

# एचडीएफसी बैंक ने ऑल-इन-वन पीओएस लॉन्च करके मर्चेंट ऑफरिंग को मजबूत किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी मर्चेंट एक्वायरिंग बैंक एचडीएफसी बैंक ने एमएसएमई के लिए साउंडबॉक्स फीचर से लैस एक पेमेंट डिवाइस ऑल-इन-वन पीओएस पेश किया है। यह डिवाइस देश भर के मर्चेंट के लिए बिजनेस ऑपरेशन को बेहतर बनाएगी। ऑल-इन-वन पीओएस डिवाइस एक कॉम्पैक्ट पेमेंट डिवाइस है जो पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस), क्यूआर कोड स्कैनर और साउंडबॉक्स को एकीकृत करता है, जिससे कैशियर स्पेस में अव्यवस्था नहीं होती। यह कार्ड डिप, टैप एंड पे और क्यूआर स्कैन सहित हर तरह के पेमेंट को सपोर्ट करके पेमेंट स्वीकार करना आसान बनाता है, ये सभी एक कॉम्पैक्ट डिवाइस से। यह डिवाइस पेमेंट की तुरंत वॉयस नोटिफिकेशन भी देता है, जिससे मर्चेंट और कस्टमर दोनों को भरोसा मिलता है। यह बैंक के स्मार्टहब व्यापार मर्चेंट ऐप से आसानी से जुड़ जाता है, जिससे मर्चेंट को अपने बैंक अकाउंट स्टेटमेंट के साथ आसानी से मिलान करने के लिए सभी ट्रांजैक्शन का एक ही व्यू मिलता है। यह डिवाइस डिजिटल भुगतान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो तेजी से बढ़ती नकदी रहित अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करती है। ऑफ़लाइन व्यापारियों के लिए यूपीआई और कार्ड भुगतान के पसंदीदा तरीके बन गए हैं, इसलिए बड़ी मात्रा में लेन-देन का प्रबंधन करना और वास्तविक समय में भुगतान को ट्रैक करना व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। ऑल-इन-वन पीओएस डिवाइस अपने साउंडबॉक्स फीचर के माध्यम से तत्काल ऑडियो पुष्टि प्रदान करके इस आवश्यकता को पूरा करता है। एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष रजनीश प्रभु ने कहा, एचडीएफसी बैंक में, हम ऐसे नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे व्यापारियों को सशक्त बनाता है। ऑल-इन-वन पीओएस एक कुशल, विश्वसनीय और उपयोगकर्ता के अनुकूल समाधान है। यह डिवाइस भुगतान स्वीकृति और प्रबंधन में होने वाली परेशानी को काफ़ी हद तक कम करेगा, जिससे हमारे व्यापारियों को अपने मुख्य व्यवसाय पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। इन लॉन्च के साथ, एचडीएफसी बैंक मूल्यवर्धित सेवाओं तक पहुंच भी प्रदान करता है, जैसे कि व्यापारी खोज में सुधार, सोशल मीडिया प्रोफाइल और डिजिटल स्टोरफ्रंट बनाना, निर्बाध आपूर्तिकर्ता भुगतान, और व्यापारिफ़ाई, ईपेलेटर और स्नैपबिज़ जैसी संस्थाओं के माध्यम से बेहतर ग्राहक जुड़ाव के लिए व्यक्तिगत ऑफ़र बनाने और बढ़ावा देने की क्षमता।

# एक साल में 200 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर शुक्रवार को 5 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 7660 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 5 दिन में 21 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। वहीं, पिछले एक साल में टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 200 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 9744.40 रुपये है। वहीं, टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 2409.95 रुपये है।

### साल भर में 200 प्रतिशत से अधिक उछल गए कंपनी के शेयर

टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर पिछले एक साल में 205 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2023 को 2431.70 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 7660 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 77 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है। इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2024 को टाटा ग्रुप की कंपनी के शेयर 4258.30 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2024 को 7660 रुपये पर जा पहुंचे हैं।




टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर पिछले 5 साल में 870 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 30 अगस्त 2019 को 770.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2024 को 7660 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 साल में टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 490 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी के शेयर 1262.20 रुपये से बढ़कर 30 अगस्त 2024 को 7600 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। पिछले 2 साल में टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 385 पर्सेंट का उछाल आया है।

# मैन्यूफैक्चरिंग हब नहीं बन पा रहा भारत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** औद्योगीकरण नेहरू की विकास रणनीति के केंद्रबिंदु में था लेकिन भारत में मैन्यूफैक्चरिंग अब भी संघर्ष कर रही है। आखिर क्यों अगर मुझे इस बड़े सवाल का जवाब देने के लिए कोई एक कारण देना होता, तो मैं उत्पादन के सबसे प्रभावी कारक लेबर का प्रभावी उपयोग करने में हमारी विफलता पर उंगली उठाऊंगा। विकास के लिए 75 साल के प्रयासों के बावजूद हमारा 85 प्रतिशत वर्कफोस कृषि या दस से कम लेबर वाले उद्यमों में काम कर रहा है। इसमें प्रति श्रमिक वैल्यू एडिशन बहुत कम है। इस विशाल श्रम शक्ति का प्रभावी उपयोग और विनिर्माण की सफलता एक दूसरे से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है।



स्वतंत्रता के समय, नेहरू ने सबसे पहले इस्पात और सभी प्रकार की मशीनरी जैसे अत्यधिक पूंजी-गहन भारी उद्योगों का निर्माण करके औद्योगीकरण का विकल्प चुना। उन्होंने कपड़े, वस्त्र, जूते, स्टेशनरी, रसोई के बर्तन, साइकिल और सिलाई मशीनों जैसे सभी हल्के, श्रम-गहन विनिर्माण को छोटे पैमाने के उद्यमों द्वारा उत्पादन के लिए छोड़ दिया। उनके पास औपचारिक पूंजी तक पहुंच नहीं थी। संसाधनों का यह आवंटन सार्वजनिक क्षेत्र के विनिर्माण और निजी क्षेत्र के निवेशों के लाइसेंस के माध्यम से लागू किया गया था। कोई भी निजी उद्यमी जो संयंत्र, मशीनरी और भूमि में अपेक्षाकृत कम सीमा (1960 के दशक की शुरुआत में 1 मिलियन) से अधिक निवेश करना चाहता था, उसे सरकार से निवेश लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक था। हल्के निर्माताओं के लिए लाइसेंस स्वतः ही अस्वीकार कर दिया गया था। बाद में, 1967 में, इस व्यवस्था को लघु-स्तरीय उद्योग सूची के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया। इस सूची में शामिल आइटम छोटे उद्यमों द्वारा विशेष उत्पादन के लिए आरक्षित किए गए। 1980 के दशक के अंत तक, सूची 800 से अधिक आइटम लंबी हो गई थी। 1950 और 1960 के दशक में निवेश के लिए बहुत कम बचत के साथ भारी उद्योग औद्योगीकरण को आगे नहीं बढ़ा सके। न ही भारत का भारी उद्योग दुनिया के दूसरे देशों की इंडस्ट्री के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकती थी जो पूंजी-प्रचुर औद्योगिक देशों में काफी बड़े पैमाने पर काम कर रहे थे। दूसरी ओर, पूंजी की कमी के कारण, हल्के उद्योगों में छोटे पैमाने के उद्यम अपने छोटे पैमाने और खराब उत्पाद गुणवत्ता के कारण विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते थे।

स्वतंत्रता के समय अत्यधिक प्रतिस्पर्धी भारतीय वस्त्र उद्योग ने 1948-50 में विश्व बाजार में 11.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी का दावा किया, जो जापान के बराबर था। 1950 के दशक में, जब अमेरिका और ब्रिटेन आंशिक रूप से इस उद्योग से बाहर निकल गए, तो भारत के पास विश्व बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की बेहतरीन संभावनाएं थीं। हालांकि, यह जापान से इस दौड़ में पिछड़ गया क्योंकि तत्कालीन सरकार ने बड़ी मिलों को मशीनरी का विस्तार और आधुनिकीकरण करने के लिए नए निवेश करने के लाइसेंस देने से इनकार कर दिया, छोटे पैमाने के उद्यमों की रक्षा के लिए उन पर उच्च उत्पाद शुल्क लगा दिया और उन्हें अपनी उत्पादन क्षमता का एक हिस्सा खादी के निर्माण में लगाने के लिए बाध्य किया। विकासशील देशों में, जिन्होंने सफलतापूर्वक औद्योगिकीकरण किया है, प्रचुर कारक, श्रम, निरंतर कौशल उन्नयन से गुजरा है। इसने शुरू में हल्के विनिर्माण में सरल मशीनरी के साथ काम किया और फिर, जैसे-जैसे आय बढ़ी और पूंजी जमा हुई, बढ़ती पूंजी तीव्रता वाले उद्योगों में अधिक से अधिक जटिल मशीनरी के साथ काम करना शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया से श्रम उत्पादकता में लगातार वृद्धि हुई है। लेकिन लगभग सारी पूंजी भारी उद्योगों में और लगभग सारा श्रम कृषि और छोटे पैमाने के उद्यमों में लगाकर, भारत ने श्रमिकों को यह अवसर देने से मना कर दिया है। एक दिलचस्प सवाल यह है कि भारत में 1991 में निवेश लाइसेंसिंग समाप्त होने के बाद भी श्रम-प्रधान हल्के विनिर्माण उद्योग क्यों नहीं पनपे। इसका आंशिक उत्तर यह है कि आम धारणा के विपरीत, निवेश लाइसेंसिंग उस वर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हुई। लघु उद्योग आरक्षण जारी रहा, जिसमें 800 से अधिक वस्तुएं अभी भी बड़े उद्यमों के लिए प्रतिबंधित थीं। 2005 तक यह प्रतिबंध काफी हद तक, भले ही पूरी तरह से न हो, हटाया नहीं गया था। लेकिन हल्के विनिर्माण में बड़े पैमाने के उद्यम अभी भी क्यों नहीं उभरे हैं इसके दो संभावित कारण हैं।

# इंग्लैंड के गस एटकिंसन ने 8वें नंबर पर उतरकर ठोका शतक



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन वैसे तो अपनी गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं लेकिन श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में इस खिलाड़ी ने अपने बल्ले का दम दिखाते हुए सभी को हैरान कर दिया. गस एटकिंसन ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार शतक जड़ा. बड़ी बात ये है कि एटकिंसन 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे. एटकिंसन ने महज 103 गेंदों में शतक जड़ा. अपना शतक पूरा करने के लिए गस एटकिंसन ने 4 चौके और 12 चौके लगाए. इस शतक के साथ ही गस एटकिंसन ने लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है. ये सम्मान सचिन तेंदुलकर को पूरे करियर में नहीं मिला क्योंकि उन्होंने इस ऐतिहासिक मैदान पर कभी शतक नहीं लगाया था.

### एटकिंसन का कमाल

एटकिंसन ने सिर्फ शतक ही नहीं लगाया बल्कि उन्होंने दो बेहतरीन साझेदारियां भी की. जो रूट के साथ उन्होंने 7वें विकेट के लिए 111 गेंदों में 92 रन जोड़े. एटकिंसन ने ऐसे क्लासिक शॉट खेले जिन्हें देख जो रूट भी हैरान रह गए. इसके बाद मैथ्यू पॉट्स के साथ एटकिंसन ने 97 गेंदों में 85 रन जोड़े. एटकिंसन ने अपनी बैटिंग से ये बात साबित कर दी है कि वो गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी अहम योगदान दे सकते हैं. क्रिकेट एक्सपर्ट्स तो उन्हें अगला बड़ा ऑलराउंडर कहने लगे हैं.

### लॉर्ड्स में ही झटके थे 12 विकेट

एटकिंसन ने 10 जुलाई को लॉर्ड्स के मैदान पर ही डेब्यू किया था. वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए उस मुकाबले में एटकिंसन ने पहली पारी में 7 विकेट चटकाए थे. दूसरी पारी में भी उन्होंने 5 विकेट हासिल किए. इस तरह 10 विकेट हॉल हासिल करने के बाद उनका नाम लॉर्ड्स के ऑनर बोर्ड में दर्ज हो गया था. गस एटकिंसन ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है. वो लॉर्ड्स के तीनों ऑनर बोर्ड में सबसे तेजी से अपना नाम दर्ज कराने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. उनका नाम पारी में पांच विकेट, मैच में 10 से ज्यादा विकेट और शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में दर्ज हो गया है ।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए सॉकरोस के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैचों के लिए 24 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने बहरीन और इंडोनेशिया के खिलाफ सितंबर के विश्व कप क्वालीफायर के लिए एक विस्तारित टीम की घोषणा की, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। 5 सितंबर को गोल्ड कोस्ट में बहरीन और 10 सितंबर को जकार्ता में इंडोनेशिया के खिलाफ मैच 2026 विश्व कप के लिए एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में सॉकरोस के लिए पहला मैच होगा।

क्रेग गुडविन ने पसली की चोट से वापसी की है जिसके कारण वह जून में बांग्लादेश और फलस्तीन के खिलाफ जीत से बाहर हो गए थे। 32 वर्षीय अल वेहदा विंगर ने दो बार स्कोर किया था और सऊदी प्रो लीग सीज़न के पहले दो मैचों में सहायता प्रदान की थी।

कप्तान और पहली पसंद के गोलकीपर मैट रयान, जिन्होंने जुलाई में इतालवी टीम रोमा के साथ अनुबंध किया था, जून में आराम करने के बाद टीम में लौट आए। डिफेंडर लुईस मिलर और मिडफील्डर एडेन ओ%नील (दोनों यूरोप में रहते हैं) को चोट के कारण जून के मुकाबलों से चूकने के बाद चुना गया है। 18 वर्षीय उभरते सितारे नेस्टोरी इरनकुंडा ने बायर्न म्यूनिख के साथ मध्य सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान लगी चोट पर काबू पा लिया है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

अर्नोल्ड ने एक बयान में कहा कि सॉकरोस के लिए तीसरे दौर के क्वालीफाइंग चरण की जोरदार शुरुआत करना बेहद महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, ÷तीसरे दौर की शुरुआत में दो सकारात्मक नतीजे न केवल समूह के भीतर विश्वास पैदा करते हैं बल्कि हमें बड़ी गति देते हैं क्योंकि हम लगातार तीन विंडो में आगे बढ़ते हैं। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है जो पहले क्वालीफिकेशन के इस चरण से गुजर चुके हैं और हमारी टीम के कुछ युवा सदस्यों के लिए नेतृत्व कर सकते हैं, उनका अनुभव इस पूरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# टी-20 वर्ल्डकप के लिए वेस्टइंडीज टीम का हुआ ऐलान

### संन्यास से वापसी करने वाली खिलाड़ी को भी मिली जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन यूएई में किया जाएगा। पहले ये टूर्नामेंट बांग्लादेश में खेला जाना था, लेकिन वहां से हालात को देखते हुए आईसीसी ने इसे यूएई में कराने का फैसला किया। इस टूर्नामेंट के लिए वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया।

**डिएंड्रा डॉटिन को वर्ल्ड कप टीम में मिली जगह** – इस टीम में डिएंड्रा डॉटिन को भी शामिल किया गया है जिन्होंने दो साल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से अपनी रिटायमेंट वापस ले ली। डिएंड्रा डॉटिन ने वेस्टइंडीज क्रिकेट के भीतर खराब माहौल का हवाला देते हुए साल 2022 में अचानक से रिटायमेंट का फैसला कर लिया था, लेकिन पिछले महीने ही उन्होंने संन्यास से वापसी कर ली थी और उन्हें वर्ल्ड कप टीम में जगह भी मिल गई। डिएंड्रा डॉटिन महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाली खिलाड़ी हैं।

डॉटिन ने हाल ही में खेले गए महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था और इस लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली तीसरी बल्लेबाज थीं। उन्होंने 4 पारियों में 113 रन बनाए जिसमें उनका औसत 28.25 रहा और स्ट्राइक रेट 111.88 का था। वो इस लीग में दो से ज्यादा छक्के लगाने वाली एकमात्र बल्लेबाज भी रहीं और उनका बेस्ट प्रदर्शन गुयाना अमेजन वॉरियर्स के खिलाफ रहा था और उन्होंने 38 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली थी। उनकी वापसी पर टीम के हेड कोच शेन हेट्स ने कहा कि उनकी वापसी से हमें खुशी हैं और उनका रिकॉर्ड शानदार है। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 में वेस्टइंडीज महिला टीम की कप्तानी हेले मैथ्यूज करेंगी और इस टीम में अश्मिनी मुनिसार, मैंडी मंगरू और अनकैप्ड खिलाड़ी नेरिसा क्राफ्टन को भी शामिल किया गया है। 2016 में चैंपियन रही वेस्टइंडीज को बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। ये टीम 4 अक्टूबर को दुबई में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी और

**टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम** – हेले मैथ्यूज (कप्तान), शमीन कैम्पबेले, आलियाह एलेने, एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसार, चेडियन नेशन, चिनेल हेनरी, डिएंड्रा डॉटिन, करिश्मा रामहैरक, मैंडी मंगरू, नेरिसा क्राफ्टन, कियाना जोसेफ, शमिलिया कोनेल, स्टेफनी टेलर, जैडा जेम्स।

# पेरिस पैरालंपिक में भारत का डबल धमाके से आगाज, अवनि लेखरा ने साधा गोल्ड पर निशाना, मोना अग्रवाल को ब्रॉन्ज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत की निशानेबाज अवनि लेखरा ने कमाल कर दिखाया है. अवनि ने क्र2 वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल (स॥1) स्पर्धा में शुक्रवार (30 अगस्त) को स्वर्ण पदक जीता. अवनि ने पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया. इसी इवेंट में भारत की मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता. इन दो पदकों के साथ ही मौजूदा पैरालंपिक गेम्स में भारत का खाता खुल गया है. भारत के नाम एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल हैं.

**...ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला** – 22 साल की अवनि ने फाइनल में 249.7 अंक बनाए, जो एक पैरालंपिक रिकॉर्ड है. ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मोना ने 228.7 अंक स्कोर किए. अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक (2020) में भी इसी स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था. यानी उन्होंने अपने टाइटल का बचाव किया है.

साउथ कोरिया की ली युनरी ने इस इवेंट में सिल्वर मेडल जीता. अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में भी कांस्य पदक जीता था. अवनि पैरालंपिक में दो गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं. साथ ही वह ऐसी पहली भारतीय एथलीट हैं जिन्होंने पैरालंपिक गेम्स में बैक टू बैक गोल्ड मेडल जीते हैं. अवनि ऐसी पहली भारतीय महिला भी बन गई हैं, जिन्होंने पैरालंपिक गेम्स में तीन मेडल जीते.

**... पीएम मोदी ने दी बधाई** – पीएम नरेंद्र मोदी ने अवनि लेखरा को पैरालंपिक गेम्स में गोल्ड जीतने पर बधाई दी है. पीएम मोदी ने लिखा, भारत ने पैरालंपिक 2024 में पदकों का खाता खोला. अवनि लेखरा को 10रू एयर राइफल स॥1 इवेंट में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई. उन्होंने इतिहास भी रच दिया है क्योंकि वे 3 पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं. उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है. पीएम ने मोना अग्रवाल को भी बधाई दी. अवनि लेखरा क्वालिफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थीं. पिछले एक साल से शानदार लय में चल रही हमवतन मोना अग्रवाल ने भी पांचवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था. गत चैम्पियन अवनि ने 625.8 का स्कोर किया और वह इरिना शचेतनिक से पीछे रहीं. इरिना ने 627.5 के स्कोर के साथ पैरालंपिक क्वालिफिकेशन दौर में नया रिकॉर्ड कायम किया. अपने पहले पैरालंपिक में प्रतिस्पर्धा कर रही दो बार की विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता मोना ने 623.1 का स्कोर किया. अवनि तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएच1 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद देश की सबसे अधिक सुर्खियां बटोरने वाली पैरा खिलाड़ी बनी थीं. कार दुर्घटना में शरीर के निचले हिस्से में गंभीर चोट के बाद से अवनि व्हीलचेयर का इस्तेमाल करती हैं. निशानेबाजी में एसएच1 श्रेणी में ऐसे निशानेबाज शामिल होते हैं जिनकी बांहों, निचले धड़, पैरों की गति प्रभावित होती है या उनके हाथ या पैर में विकार होता है ।

# जो रूट ने अपना 33वां शतक दिवंगत ग्राहम थोर्प को किया समर्पित



**लंदन, एजेंसी ।** जो रूट ने रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला अपना 33वां शतक ग्राहम थोर्प को समर्पित कर दिया। थोर्प, रूट के लंबे समय तक बल्लेबाज़ी मेंटॉर रह चुके हैं। हाल ही में 55 वर्षीय थोर्प ने आत्महत्या कर ली थी। शतक लगाने के बाद रूट ने आसमान की तरफ़ देखा था और थोर्प को श्रद्धांजलि दी थी। श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट के पहले दिन के बाद रूट ने कहा कि थोर्प का उनके करियर पर गहरा असर पड़ा था। उन्होंने कहा, मैं आज जिस मुक़ाम पर हूं वह बिना थोर्प के मुमकिन नहीं था। जो रूट ने 33वां शतक ग्राहम थोर्प को समर्पित करने के बाद गुरुवार को कहा, मैं बहुत खुशक़िस्मत हूं कि मैंने कई लोगों के साथ काम किया है, फिर चाहे वे सीनियर खिलाड़ी हों, कोच हों या मेंटॉर। थोर्प उन्हीं में से एक ऐसी शख़्सियत थे जिन्होंने मुझे बहुत कुछ दिया। इस समय उनके बारे में सोचकर ही मैं भावुक हो जाता हूं, वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जिनकी कमी बहुत खल रही है। मेरे खेल को बेहतर करने में उनको काफ़ी श्रेय जाता है। मैं आज करियर के जिस मुक़ाम पर हूं अगर वह नहीं होते तो मैं भी यहां नहीं होता। थोर्प को इंग्लैंड के सर्वकालिक बेहतरीन बल्लेबाज़ों में से एक माना जाता है, जिन्होंने इसी महीने की शुरुआत में आत्महत्या कर ली थी। उनके परिवार ने बताया था कि वह अवसाद (डिप्रेशन) और बेचैनी से जूझ रहे थे। थोर्प ने अपने क्रिकेट करियर के बाद से ज़्यादातर समय इंग्लैंड की टीम के साथ ही बिताया था। रूट को इंग्लैंड की टेस्ट टीम का स्थायी सदस्य बनाने में थोर्प का अहम योगदान था, उस समय रूट 21 साल के थे।

रूट ने पुरानी यादें ताज़ा करते हुए कहा, पहली बार जब मैं उनसे मिला था तो मैं 2010 में मेरी टीम यॉर्कशायर की दूसरी टीम के लिए सरे के ख़िलाफ़ खेल रहा था। अगले ही साल मैं काउंटी चैंपियनशिप टीम का हिस्सा था और वह इंग्लैंड लॉयंस के साथ जुड़े हुए थे। मैंने तब प्रथम श्रेणी मैच में एक भी शतक नहीं लगाया था लेकिन उन्होंने मुझे श्रीलंका के ख़िलाफ़ इंग्लैंड लॉयंस टीम में शामिल कर लिया था। रूट ने आगे कहा, उन्हें मुझमें कुछ नज़र आ गया था और उन्होंने मुझे आगे बढ़ाने के लिए काफ़ी मेहनत की। वह स्पिन के ख़िलाफ़ मुझे माहिर बनाने में शिद्दत के साथ लगे रहे - वह बताते रहते थे कि कब गेंद के पास जाना और कब उसे छोड़ना है, कई तरह के स्वीप शॉट्स खेलना सिखाया। साथ ही तेज़ गेंदबाज़ी के ख़िलाफ़ भी उन्होंने मुझे तैयार कराया - वह चाहते थे कि मैं उन चीज़ों पर भी काम करूं जो बड़े स्तर पर काउंटी क्रिकेट से अलग होती है।

थोर्प ने ही रूट का हौसला बढ़ाया और फिर इंग्लैंड के 2012 में भारत दौरे पर रूट के चयन में भी भूमिका निभाई। आख़िरकार उस दौरे पर खेले गए चौथे टेस्ट में रूट ने टेस्ट डेब्यू किया और नागपुर में खेला गया वह टेस्ट ड्रॉ रहा और सीरीज़ इंग्लैंड ने 2-1 से अपने नाम की थी।



# पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी।

इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12¬05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर हैं। इसमें बांग्लादेश सातवें स्थान पर और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हार चुके पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से एक भी घरेलू टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये चार टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटे थे। पाकिस्तान ने अपनी 12 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को बाहर कर दिया और लेग स्पिनर अबरार अहमद के साथ एक और बाएं हाथ के स्पिनर मीर हमजा को इसमें शामिल किया है।

# सुरेश रैना ने टीम इंडिया को दी चेतावनी

### बताया बांग्लादेश को हल्के में क्यों नहीं ले सकते, रोहित-कोहली को लेकर कही ये बात




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है जिसका आयोजन भारत में किया जाएगा। इस टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने भारत को चेतावनी दी है और बताया है कि क्यों हम बांग्लादेश की टीम को हल्के में लेने की भूल नहीं कर सकते हैं।

**बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते** –रैना ने टीवी टूडे पर बात करते हुए कहा कि बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए इस टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। दोनों देशों के बीच पहला टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा, लेकिन दूसरा टेस्ट मैच कानपुर में होगा। कानपुर में अक्टूबर में विकेट ठोस होगा और ओस के कारण ज्यादा स्पिन नहीं होगा। यहां का मैदान गंगा नदी के किनारे हैं और इसकी वजह से सुबर ठंड होगी। यहां का मौसम उदास होगा और दोनों टीमों को इससे निपटना होगा, लेकिन भारतीय टीम बहुंत मजबूत है।

# अफगानिस्तान की ताइक्कांडो खिलाड़ी ने शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पहला पदक जीतकर रचा इतिहास



**पेरिस, एजेंसी।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्कांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। पेरिस के ग्रांड पैलेस में मुकाबले के खत्म होने के बाद जाकिया खुशी से झूम उठी और उन्होंने अपने हेलमेट को हवा में उछाल कर जश्न मनाया।

**जीत के बाद जाकिया हुई भावुक** – जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गई। उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। उन्होंने कहा, 'यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।

**फिप का करती थी अभ्यास** – जाकिया एक बांह के बिना पैदा हुई थीं। उन्होंने 11 साल की उम्र में पश्चिमी अफगानिस्तान में अपने गृहनगर हेरात में एक गुप्त जिम में छुप कर ताइक्कांडो का अभ्यास करना शुरू किया था। देश में 2021 में तालिबान के उदय के बाद महिलाओं को खेलों में भाग लेने से करने से रोक दिया गया था। वह किसी तरह अफगानिस्तान से निकलने में सफल रहीं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की याचिका के बाद उसे अपने देश के लिए तोक्यो ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई।

**तोक्यो खेलों के बाद पेरिस में बसी** – तोक्यो खेलों के बाद वह पेरिस में बस गई। जहां उन्हें पेरिस 2024 पैरालंपिक में शरणार्थी टीम के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिला। जाकिया ने कहा, 'यह पदक मेरे लिए सब कुछ है, मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगी। दर्शकों से मुझे मिले जबरदस्त समर्थन के कारण मैं जीत दर्ज करने में सफल रही।

# नोएडा एयरपोर्ट से अप्रैल में शुरू होंगी उड़ान

## देरी के पीछे क्या वजह, कहां अटका काम?

**नोएडा, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे लगभग तैयार हो चुका है। इसके आसपास दिवाली से पहले लाइटें लग जाएंगी और दिसंबर में यहां से ट्रायल के लिए हवाई जहाज उड़ान भरेंगे। इस एयरपोर्ट पर छह रनवे होंगे। एयरपोर्ट का काम तेजी से चल रहा है। इसका पहला रनवे लगभग तैयार हो चुका है। यह रनवे 3.9 किलोमीटर लंबा है। इसकी चौड़ाई 60 मीटर है। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरण जैन ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग ने मिलकर नोएडा एयरपोर्ट के लिए विमान के आगमन और प्रस्थान के रास्ते बनाए हैं। रनवे का निर्माण पूरा हो चुका है और अगले महीने इसके लिए लाइटें लगाई जाएंगी। इसके लिए रनवे के आसपास के लगभग 150,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में लैंडस्केपिंग का काम किया जा रहा है। दिवाली से पहले यह लाइटों से रोशन होगा। दिसंबर में इस रनवे से टेस्टिंग के लिए हवाई जहाज उड़ेंगे। छह रनवे के बाद इस एयरपोर्ट की पहचान एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के रूप में होगी।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक ही टर्मिनल से प्रवेश और निकासी की सुविधा मिलेगी। निर्माण में ऐसे मेटल का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्बन का उत्सर्जन न हो। यह पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगा। यहां पर डिजिटल सेवाएं मिलेंगी।

**दो एयरलाइंस से समझौते :** इंडिगो और अकासा एयरलाइंस के साथ समझौतापत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। नेटवर्क प्लानिंग और ऑपरेशनल आवश्यकताओं पर बात जारी है। अन्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कैरियर्स की गहरी रुचि दिखाई दे रही है। रियायतें देने के लिए



हस्ताक्षर = मुख्य एयरो रियायतें, जिनमें विमान में फ्यूल भरने की सेवाएं, ग्राउंड हैंडलिंग और कार्गो आवंटित किए जा चुके हैं। रिटेल, डाइनिंग, लाउंज, ड्यूटी-फ्री, और होटल के लिए नॉन-एयरो रियायतों के लिए भी हस्ताक्षर हो गए हैं। एयरपोर्ट के मुख्य सिस्टम्स के लिए फैक्ट्री एक्सेप्टेंस टेस्ट पूरे हो गए हैं और साइट पर उपकरण आने लगे हैं। चेक-इन क्योस्क, सेल्फ सर्विस बैग ड्रॉप्स, और ई-गेट्स का परीक्षण चल रहा है।

एयरफील्ड लाइटिंग, पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर्स के लिए समझौतापत्रों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। वर्ष 2024 के अंत तक एयरोड्रोम लाइसेंस के लिए आवेदन होगा। एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा देरी टर्मिनल बिल्डिंग के निर्माण में हो रही है। यहां पर स्टील न आने के चलते करीब चार महीने तक काम रुका रहा था। टर्मिनल एक लाख वर्गमीटर में विकसित हो रहा है। टर्मिनल के अग्रभाग (फेसिंग) और छत का काम चल रहा है। बैगेज हैंडलिंग सिस्टम को स्थापित करने का काम अधूरा है, जिसे कुछ दिनों में पूरा किए जाने का दावा है। एमईपी और फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहा है। टर्मिनल के अग्रभाग में शीशे लग चुके हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने का सपना अगले वर्ष पूरा हो जाएगा। एयरपोर्ट बनाने वाली कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल) ने विमानों की उड़ानों को लेकर गुरुवार को स्थिति स्पष्ट कर दी। उड़ान में तय समय से सात माह की देरी होने की बात कही गई है। अब अप्रैल 2025 में एयरपोर्ट से कॉमर्शियल फ्लाइट शुरू होगी, जबकि दिसंबर में ट्रायल रन होगा। यापल के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने गुरुवार को बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर निर्माण और विकास कार्य अग्रिम चरण में है। एयरपोर्ट पर रनवे, टर्मिनल और कंट्रोल टावर का काम पूरा करने में अप्रैल तक का समय लग जाएगा। एयरपोर्ट से उड़ान के लिए कई एयरलाइनों से समझौते हो चुके हैं।

एयरपोर्ट पर उड़ान अंशांकन (फ्लाइट कैलीब्रेशन) के लिए सितंबर या अक्टूबर तक इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम स्थापित होगा, ताकि उड़ान में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। दिसंबर में रनवे पर ट्रायल रन शुरू होगा। फिर एयरक्राफ्ट और कॉमर्शियल फ्लाइट का ट्रायल होगा और इसके बाद लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा। अप्रैल अंत तक उड़ान संभव होगी। समझौते के तहत 29 सितंबर तक एयरपोर्ट का संचालन शुरू होना था। दिसंबर के बाद निर्माण में देरी पर कंपनी पर संचालन की तिथि तक प्रतिदिन 10

## संक्षिप्त समाचार




### भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी का ममता बनर्जी पर तंज

**जम्मू, एजेंसी।** भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तंज कसा। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि इतना गैर जिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान आज तक नहीं सुना। शाजिया इल्मी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर बंगाल जलेगा तो देश के अन्य राज्यों में भी इसका असर देखने को मिलेगा। भाजपा प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान भड़काऊ है। वो बलात्कारियों, भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को बचाने का काम करती हैं, इसमें पुलिस, प्रशासन और शासन सभी शामिल हैं। जब उनसे मामला नहीं संभलता है तो पूरे देश में आग लगाने की भड़काऊ बात करती हैं। इस तरह का गैर जिम्मेदाराना और भड़काऊ बयान आज तक मैंने नहीं सुना। देश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चिट्ठी लिखने के सवाल पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये एक शालीनता की आवाज है। वो बहुत ही आध्यात्मिक नेचर की हैं। उन्होंने देश की बेटियों के लिए प्रार्थना की। ऐसे में हम सभी लोगों को उनके इस सोच के साथ खड़ा होना होगा। देश की महामहिम ने बहुत ही शालीनता, संजीदगी और संवेदनशीलता के साथ अपनी बात रखी है। वो महिला, आदिवासी बेटी के साथ-साथ चैतन्य आत्मा भी हैं। चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच हुई एलायंस को लेकर भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने लाल चौक से जो तिरंगा फहराया था तो उनकी टेररिस्ट के साथ नजरे मिल गई थीं। राहुल गांधी संविधान की प्रतियां लेकर घूम रहे हैं, लेकिन वो चाहते नहीं है कि देश के दूसरे राज्यों के लोगों को जो अधिकार मिले हैं, वो जम्मू-कश्मीर के लोगों को भी मिलें। शाजिया इल्मी ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के गठबंधन को नापाक और खतरनाक बताया।

### पैर छूने को तैयार और मांग रहे माफी, शिवाजी की प्रतिमा गिरने से बैकफुट पर आ गई पूरी सरकार



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र और देश भर के लिए बड़े नायक माने जाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के आंधी में ढहने का मुद्दा राज्य सरकार के लिए भारी पड़ रहा है। इस मसले पर पूरी सरकार ही बैकफुट पर आ गई है और किसी तरह इससे बचने की कोशिश में है। चुनावी सीजन से पहले शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने से विपक्ष को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया है। यही वजह है कि एक तरफ सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं 100 बार शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पैर छूने और माफी मांगने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज पूजनीय हैं और उन्हें राजनीति से दूर रखना चाहिए। सिंधुदुर्ग में लगी इस मूर्ति के गिरने पर अजित पवार ने भी दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता से इस पर माफी मांगता हूं। वह लगातार कह रहे हैं कि मैं 13 करोड़ लोगों से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। महाराज शिवाजी की प्रतिमा गिरना हमारे लिए एक सदमे जैसा है। अजित पवार ने कहा, इस मामले में दोषी पाए गए ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। राज्य के डिप्टी सीएम के तौर पर मैं माफी मांगता हूं। मेरा वादा है कि भविष्य में अब राज्य में ऐसी कोई घटना नहीं होने दी जाएगी। एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराज शिवाजी महाराष्ट्र के संरक्षक देवता हैं। मैं उनके 100 बार पैर छूकर माफी मांगने के लिए तैयार हूं।

# गले में गमछा डाल करता रहा दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में घुसा दी पाइप; कोर्ट ने दी सजा-ए-मौत

**फरीदाबाद , एजेंसी।**
फरीदाबाद में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम कुमार की अदालत ने गुरुवार को महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए युवक को फांसी की सजा सुनाई। अदालत ने एक लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने डीएनए रिपोर्ट और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर सजा सुनाई है। इस मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं था।

डीएनए रिपोर्ट के साथ-साथ 34 गवाहों ने गवाही दी थी। इसमें महिला के पति और मां ने भी गवाही दी थी। वहीं इस मामले में शिकायतकर्ता और उसके भाई की भी गवाही हुई थी। शिकायतकर्ता के भाई ने ही सबसे पहले महिला के अर्द्धनग्न शव को देखा था। सात नवंबर 2022 को करीब 34 वर्षीय महिला बाटा चौक मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी हुई थी। वहां से सेक्टर-11 डी राजीव नगर झुग्गी बस्ती निवासी मनोज नेपाली वहां से गुजर रहा था। वह मजदूरी करता था। इस दौरान उसकी महिला से बात हुई। बातों की बातों ने उसे पता चला कि महिला की अपने पति के साथ अनबन है। वह अपनी मां के साथ रहती है तो उसने महिला को अपने साथ चलने के लिए राजी कर लिया था। उसने महिला को बताया कि उसकी शादी नहीं हुई है। उसे खाना बनाना भी आता है। उसने महिला को शादी करने का भरोसा दिया था। वह महिला को अपने साथ सेक्टर-सात में गुरुद्वारे के पास ले आया।

यहां सुनसान हालत देख वह महिला को पीछे एक पार्क में ले गया। वहां उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने महिला के साथ अप्राकृतिक यौनाचार भी किया। महिला उसके कब्जे से भागना चाह रही थी। उसने महिला के गले में गमछा डाल दिया था। आरोपी गला घोंटने के दौरान भी दुष्कर्म करता रहा। महिला के प्राइवेट पार्ट में पाइप भी घुसा दिया था। इस मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से सरकारी वकील सुरेश चौधरी ने पैरवी की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की थी।

# अब कुमारी शैलजा को भी मिल सकता है टिकट

**शिमला, एजेंसी।**
कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पार्टी का कोई सांसद हरियाणा में मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर सकता है, बशर्ते उनके पास नवनिर्वाचित विधायकों का समर्थन हो। पार्टी महासचिव और हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया ने इससे एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

हरियाणा में कांग्रेस की ओर से भूपेंद्र सिंह हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा, रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में देख जा रहा है। इनमें से दीपेंद्र हुड्डा, सुरजेवाला और सैलजा सांसद हैं। कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद जब बाबरिया से सवाल किया गया कि क्या सांसदों के मुख्यमंत्री बनने के विकल्प खुले हुए हैं तो उन्होंने हां में जवाब दिया।

उनका कहना था, 'पार्टी का ऐसा कोई भी व्यक्ति अपने आप को मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तुत कर सकता है जिसके पास विधायक दल में से किसी न किसी का समर्थन रहता है और कांग्रेस आलाकमान का आशीर्वाद रहता है।' बाबरिया ने कहा कि पार्टी इस विधानसभा



चुनाव में किसी एक चेहरे के साथ नहीं, बल्कि सामूहिक नेतृत्व के साथ उतरेगी।

उन्होंने बताया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 50 से 55 सीट के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इन पर मुहर लगाने के लिए पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की दो-तीन सितंबर को बैठक हो सकती है। बाबरिया ने बुधवार को कहा था कि पार्टी के किसी भी सांसद को विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उनकी इस टिप्पणी से कुछ दिनों पहले कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सदस्य कुमारी सैलजा ने 'पीटीआई' के विशेष कार्यक्रम '4पार्लियामेंट स्ट्रीट' में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और कहा था कि वह राज्य में काम करने की इच्छुक हैं, लेकिन इस बारे में अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीट के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी।

# एलन मस्क और टेस्ला को बड़ी राहत, अरबों का घपला करने के आरोप से जुड़ी याचिका खारिज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क को एक बड़ी राहत मिली है। उन्होंने और उनकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला ने एक मुकदमा जीत लिया है। दरअसल, उन पर क्रिप्टोकरेंसी डॉजक्वाइन को बढ़ावा देने और इनसाइडर ट्रेडिंग करके निवेशकों को धोखा देने का आरोप लगाया गया था। गौरतलब है, टेस्ला के मालिक एलन मस्क पर इनसाइडर ट्रेडिंग का आरोप लगा था। आरोप भी उन्हीं की इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला के शेयरधारकों ने लगाया था। शेयरधारकों ने



मस्क के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया था। बता दें, इनसाइडर ट्रेडिंग का मतलब गैर-सार्वजनिक जानकारियों का इस्तेमाल करके अनुचित तरीके से लाभ कमाना होता है।

**अब अदालत ने दी राहत:** अब इस मुकदमे को खारिज कर दिया गया है।

**यह था आरोप:** टेस्ला के शेयरधारकों ने आरोप लगाया था कि मस्क ने टेस्ला में अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने ट्विटर, न्यूज चैनल और सार्वजनिक स्टंट कर अनुचित लाभ कमाया।

# पार्क में 9 माह के बच्चे पर फैंकी उबलती कॉफी, संदिग्ध को तलाश रही पुलिस

**ब्रिसबेन, एजेंसी।**
एक पार्क में एक मासूम बच्चे पर उबलती कॉफी फेंकने की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना मंगलवार को आस्ट्रेलिया में ब्रिसबेन के पार्क में हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ब्रिसबेन के हैनलॉन पार्क में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां एक अजनबी ने एक 9 महीने के बच्चे पर उबलती हुई गर्म कॉफी फेंक दी। इस हमले के बाद बच्चे को गंभीर रूप से जलने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के चेहरे और छाती गहरी जल गई है, जिसके कारण उसकी सर्जरी की गई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

घटना मंगलवार को तब हुई, जब बच्चा अपने परिवार और दोस्तों के साथ पार्क में खेल रहा था। अचानक एक अजनबी ने पीछे से आकर बच्चे के सिर पर गर्म कॉफी का थर्मस डाल दिया और तुरंत वहां से भाग गया। बच्चे की मां ने इसे यातना करार देते हुए



कहा, मुझे अपने बच्चे की रक्षा करनी चाहिए थी, लेकिन मैं नहीं कर सकी। पास में रहने वाली एक नर्स, जिसने बच्चे की चीखें सुनीं, तुरंत मदद के लिए आई और उसे अपने अपार्टमेंट में ले जाकर प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद एम्बुलेंस बच्चे को अस्पताल ले गई।

पुलिस इस क्रूर और बिना उकसावे के किए गए हमले की जांच कर रही है। जासूसी निरीक्षक पॉल डाल्टन ने कहा, इस तरह की निर्दयी घटना से हम सभी स्तब्ध हैं। इस तरह के हमले से किसी भी परिवार के लिए यह एक भयानक अनुभव होता है। पुलिस ने बुधवार को पार्क से भागते हुए संदिग्ध व्यक्ति का सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। वह व्यक्ति काली टोपी, चश्मा, शर्ट, और शॉर्ट्स पहने हुए था। माना जा रहा है कि उसकी उम्र 30 से 40 के बीच है और उसकी त्वचा सांवली है। जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से पुलिस से संपर्क करने का आग्रह किया गया है, ताकि इस निर्दयी हमलावर को जल्द से जल्द पकड़कर न्याय के कटघरे में लाया जा सके। मां ने सोशल मीडिया पर अपनी पीड़ा व्यक्त की, मेरा बच्चा इसके लायक नहीं है। कोई भी नहीं है। उन्होंने इस बात पर गहरा अफसोस जताया कि वह अपने बच्चे की रक्षा नहीं कर सकीं। पुलिस ने इस घटना को जानबूझकर और बिना किसी उकसावे के किया गया हमला करार दिया है। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान में मदद के लिए सीसीटीवी फुटेज जारी किया है, जिसमें आरोपी को पार्क से भागते हुए देखा जा सकता है।

## कमला हैरिस राष्ट्रपति बनीं तो एक विपक्षी को मंत्री बनाएंगी: यह ट्रम्प की पार्टी से होगा

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के बाद शुक्रवार (भारतीय समय के मुताबिक) को पहला टीवी इंटरव्यू दिया। उनका यह इंटरव्यू राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डिबेट कराने वाली सीएनएन की टीवी पत्रकार डाना बैश ने लिया।



भारतवंशी कमला ने कहा कि राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के बाद भी किसी मुद्दे पर उनके विचार नहीं बदले हैं। उन्होंने कहा कि अगर वे राष्ट्रपति बनती हैं तो अपनी कैबिनेट में विपक्षी पार्टी (रिपब्लिकन) के नेता को शामिल करेंगी। ऐसा करना अमेरिकी जनता के लिए अच्छा होगा।

ट्रम्प ने हाल ही में कमला हैरिस की नस्लीय पहचान को लेकर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा था कि कमला हमेशा से खुद को भारत से जुड़ा हुआ बताती थीं, लेकिन अब वे अचानक से अश्वेत हो गई हैं। ऐसा वे वोट पाने के लिए कर रही हैं। कमला ने इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ये वहीं घिसी-पिटी पुरानी बातें है। इसका कोई मतलब नहीं है।

इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हालांकि इस जंग में कई निर्दोष फिलिस्तीनी मारे गए हैं। अब यह रुकनी चाहिए और बंधकों की आजादी के लिए दोनों (इजराइल-हमास) के बीच समझौता होना चाहिए। कमला ने कहा कि वे जीतीं तो पहले दिन से ही मिडिल क्लास की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए काम करेंगी। यह उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। वे रोजमर्रा की चीजों को सस्ता करेंगी। कमला ने कहा कि अगर देश का विकास करना है तो सरकार में अलग-अलग विचार, अलग-अलग अनुभव रखने वाले लोगों का होना जरूरी है। उनके कैबिनेट में एक रिपब्लिकन सदस्य का होना अमेरिकी जनता के लिए फायदेमंद होगा।

# खतरे में बांग्लादेश की धर्मनिरपेक्षता, पीस टीवी बंगला की वापसी से बढ़ी चिंताएं

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में चरमपंथी इस्लामिक प्रभावों की वापसी के बीच, देश की धर्मनिरपेक्षता पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। विवादास्पद इस्लामिक टीवी चैनल पीस टीवी बंगला की संभावित वापसी ने व्यापक चिंता पैदा कर दी है। भारतीय इस्लामिक स्कॉलर डॉ. जाकिर नाइक, जो वर्तमान में मलेशिया में निर्वासित हैं, ने हाल ही में घोषणा की कि बांग्लादेश में चैनल के प्रसारण को फिर से शुरू करने के प्रयास चल रहे हैं। इससे देश में कट्टरपंथी विचारों की आशंका बढ़ गई है। आने वाले महीनों में बांग्लादेश के लिए महत्वपूर्ण समय होगा, क्योंकि देश धर्मनिरपेक्षता और बहुलवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। अब किए गए निर्णय बांग्लादेश के साथ-साथ दक्षिण एशिया की स्थिरता और सुरक्षा पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे।

पीस टीवी बंगला को पहले बांग्लादेश में जुलाई 2016 में ढाका के होली आर्टिज़न बेकरी पर हुए हमले के बाद प्रतिबंधित कर दिया गया था। हमले में शामिल एक आतंकवादी के डॉ. नाइक की शिक्षाओं से प्रभावित होने के आरोपों के बाद चैनल को बंद कर दिया गया था। हालांकि, डॉ. नाइक का कहना है कि पीस टीवी दुनिया भर में कई भाषाओं में प्रसारित हो रहा है और बांग्लादेश में वापस लौटने की उम्मीद है, अगर अंतरिम सरकार अनुमति देती है। यह घटनाक्रम बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश, एक इस्लामवादी राजनीतिक पार्टी, में नेतृत्व परिवर्तन हो रहे हैं जो इसके भविष्य की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।

जमात-ए-इस्लामी, जो 1941 में स्थापित हुआ था, एक इस्लामिक राज्य की मांग करता है, और इसके आलोचक मानते हैं कि यह अक्सर समाज के कट्टरपंथी तत्वों के साथ मिलकर काम करता है। पार्टी का ऐतिहासिक प्रभाव, विशेष रूप से जब यह गठबंधन सरकार में थी, ने इसे शिक्षा, युवाओं की विचारधारा और चरमपंथी समूहों के साथ कथित संबंध के माध्यम से विस्तार करने में




मदद की। पीस टीवी बंगला की वापसी और जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों की व्यापक चिंताओं को उजागर करते हैं। हर्कत-उल-जिहाद , जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश, और हिज्ब-उत-तहरीर जैसे समूहों ने हिंसक हमलों और शिक्षा के माध्यम से कट्टरपंथ फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बेटे की हत्या करने वाली महिला को ढूंढने के लिए एफबीआई ने रखा इनाम, सूचना देने वालों को मिलेगा 20 लाख रुपये

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में टेक्सास के डलास में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अपने बेटे की हत्या करने वाली सिंडी रॉड्रिगेज सिंह की गिरफ्तारी और दोषसिद्धी की सूचना देने वालों को 25,000 अमेरिकी डॉलर (20 लाख रुपये) इनाम के तौर पर देने की घोषणा की। आरोपी रॉड्रिगेज सिंह का भारत और मैक्सिको से संबंध है। उस पर अपने छह वर्षीय बेटे की हत्या का आरोप है, जो अक्तूबर 2022 के बाद से जिंदा नहीं देखा गया। टेक्सास परिवार और सुरक्षा सेवा विभाग के अनुरोध पर एवरमैन पुलिस विभाग के अधिकारियों ने 20 मार्च 2023 में लड़के के लिए जांच की। इस जांच के दौरान रॉड्रिगेज सिंह ने अधिकारियों झूठ कहा। उसने बताया कि उनका बेटा अपने पिता के साथ नवंबर 2022 से मैक्सिको में रह रहा है। पिछले साल मार्च में रॉड्रिगेज सिंह, उसके पति और छह बच्चे भारत जाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार हुए। ऐसा बताया गया कि उनके साथ लापता बच्चे को नहीं देखा गया। वह प्लाइट में भी नहीं था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129